RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 103
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 16 फरवरी, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



कोहली ने अभ्यास पिच पर ज्यादा समय बिताया

स्पोर्ट्स-12

# चीन से तनाव के बीच एलएसी पर बढ़ेगी ताकत

## सरकार का बड़ा फैसला, गठित होंगी आईटीबीपी की सात नई बटालियन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



फाइल फोटो

**चीन** के साथ सीमा पर लगभग ढाई साल से चले आ रहे तनाव के बीच भारत अब एलएसी पर अपनी ताकत बढ़ाने में जुट गया है। पहले से ही भारी हथियारों के साथ तैनात सुरक्षा बलों को और मजबूती देने के लिए सीमा पर आईटीबीपी की सात और बटालियन भेजी जाएंगी। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत-चीन सीमा की सुरक्षा करने वाली भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) की इन सात नई बटालियन और एक क्षेत्रीय हेडक्वार्टर के गठन को बुधवार को मंजूरी दे दी। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने संवाददाताओं को बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीएस) की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को पास किया गया। उन्होंने बताया कि जनवरी 2020 में मंत्रिमंडल ने आईटीबीपी की 47 सीमा चौकी और 12 कैम्प स्थापित करने को मंजूरी दी थी। इस दिशा में कार्य तेजी से चल रहा है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री ने कहा कि इसके लिए अतिरिक्त बलों की जरूरत होगी। ऐसे में आईटीबीपी के सात नए बटालियन का गठन करने का निर्णय किया गया है। इन बटालियन की निरीक्षण के लिए एक अतिरिक्त क्षेत्रीय हेडक्वार्टर का गठन किया जाएगा। इसके लिए 9400 नए पद भी सृजित किए जाएंगे। ठाकुर ने बताया कि यह कार्य वर्ष 2025-26 तक पूरा कर लिया जाएगा। इसमें कार्यालय, आवासीय पारिसर के निर्माण आदि कार्यो पर 1808 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। साथ ही वेतन, राशन आदि पर प्रति वर्ष लगभग 963 करोड़ रुपए का व्यय आएगा। ठाकुर ने कहा कि भारत-चीन सीमा की निगरानी कर रही आईटीबीपी अभी 176 बॉर्डर आउट पोस्ट की निगरानी कर रही है। चीन के साथ लगती लंबी सीमा की (शेष पेज 9)

### लद्दाख में बनेगी सुरंग, सेना का करगिल पहुंचना होगा आसान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्र शासित** प्रदेश लद्दाख में निमू-पदम-दरचा सड़क संपर्क पर 4.1 किलोमीटर लम्बी शिंकुन ला सुरंग के निर्माण को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को मंजूरी दे दी। यह सुरंग सभी मौसमों में इस पहाड़ी राज्य के सीमावर्ती इलाकों में आवाजाही को आसान बनाएगी। कुल 1681 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली यह सुरंग दिसंबर 2025 तक तैयार हो जाएगी। लद्दाख का निमू इलाका लेह और करगिल से काफी करीब है और किसी भी संकट की स्थिति में सुरक्षा बलों और हथियारों को इस सुरंग के जरिए बहुत कम समय में पहुंचाया जा सकेगा। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने संवाददाताओं को बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इस सुरंग की लम्बाई 4.1 किलोमीटर होगी और यह सभी मौसमों में लद्दाख के लिए सड़क सम्पर्क को सुगम बनाएगी। यह इस केंद्र शासित प्रदेश के सीमावर्ती इलाके तक जाने के लिए सबसे छोटा रास्ता होगा। यह परियोजना सुरक्षा के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण है और इससे सुरक्षा बलों को इन इलाकों तक पहुंचने में सहूलियत होगी।

### सामरिक महत्व के सीमाई इलाकों के लिए वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम

#### कैबिनेट की हरी झंडी, 4800 करोड़ रुपये होंगे खर्च, 2500 करोड़ रुपये से बनेंगी सड़कें

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय मंत्रिमंडल** ने देश के सामरिक महत्व के उत्तरी सीमावर्ती इलाकों के विकास के लिए केंद्र पोषित वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम को बुधवार को मंजूरी प्रदान कर दी जिस पर 4800 करोड़ रुपये के खर्च का प्रावधान किया गया है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने यह जानकारी दी। अनुराग ठाकुर ने संवाददाताओं को बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। उन्होंने बताया कि वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम को वित्त वर्ष 2022-23 से 2025-26 के दौरान लागू किया जाएगा। इसके लिए 4800 करोड़ रुपये (शेष पेज 9)

#### सीमावर्ती क्षेत्रों को मिलेगा लाभः प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को कहा कि वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम और सहकारी समितियों पर केंद्रीय मंत्रिमंडल के फैसलों से दूरदराज व सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए फायदा होगा और सहकारिता के क्षेत्र में बदलाव आएगा। इन क्षेत्रों में हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश और केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख शामिल हैं। मोदी ने एक ट्वीट में कहा, 'वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम पर मंत्रिमंडल का आज का निर्णय दूरदराज के क्षेत्रों और सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले कई लोगों के लिए फायदेमंद होगा।

## बीबीसी के दफ्तरों में दूसरे दिन भी आयकर सर्वे जारी

- अधिकारी संगठन के इलेक्ट्रॉनिक व कागज आधारित वित्तीय आंकड़ों की बना रहे प्रतियां

**भाषा।** नई दिल्ली

**आयकर विभाग** का बीबीसी (ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन) इंडिया के खिलाफ सर्वे ऑपरेशन बुधवार को लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा। इसको अभी तक कुल 34 घंटे हो चुके हैं और विभाग के अधिकारियों ने इस दौरान चुनिंदा कर्मचारियों से स्पष्टीकरण लिया और संगठन के इलेक्ट्रॉनिक एवं कागज आधारित वित्तीय आंकड़े एकत्रित किए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। आयकर विभाग ने बीबीसी द्वारा भारत में कथित कर अपवंचना की जांच के तहत दिल्ली और मुंबई में बीबीसी के कार्यालयों तथा दो अन्य संबंधित परिसरों में मंगलवार को सर्वे ऑपरेशन शुरू किया था। अधिकारियों ने बताया कि आयकर विभाग के कर्मचारी मंगलवार को पूर्वाह्न करीब साढ़े 11 बजे बीबीसी के कार्यालय पहुंचे और वे बुधवार देर शाम भी वहां मौजूद हैं। अधिकारियों ने कहा कि सर्वे दल वित्तीय लेन-देन, कंपनी संरचना और समाचार कंपनी के बारे में अन्य विवरण पर जवाब मांग रहे हैं और सबूत इकट्ठा करने के अपने कार्य के हिस्से के रूप में इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से आंकड़े कॉपी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभ्यास कुछ और समय तक जारी रहेगा। उन्होंने कहा, ऑपरेशन के पूरा होने की समयसीमा पूरी तरह से मौके पर मौजूद टीमों पर निर्भर है।

अधिकारियों ने बताया कि कर अधिकारी बीबीसी के वित्त और कुछ अन्य विभागों के कर्मचारियों से बात कर रहे हैं, जबकि अन्य कर्मचारियों एवं पत्रकारों को मंगलवार और बुधवार को अंदर आने और बाहर जाने की अनुमति दी गई। एक कर्मचारी ने कहा कि कंपनी ने कर्मचारियों को सूचित किया है कि वे जांचकर्ताओं के साथ सहयोग कर रहे हैं और कार्यालय परिसर में सामान्य स्थिति बहाल होने के बाद उन्हें सूचित किया जाएगा। अधिकारियों ने मंगलवार को कहा था कि यह सर्वे अंतरराष्ट्रीय कराधान और बीबीसी की सहायक कंपनियों के ट्रांसफर प्राइसिंग से संबंधित मुद्दों की जांच के लिए किया जा रहा है। विपक्षी दलों ने बीबीसी के खिलाफ आयकर कार्वाई की निंदा करते हुए इसे राजनीतिक प्रतिशोध बताया है। बीबीसी द्वारा दो-भाग वाले वृत्तचित्र इंडिया: द मोदी क्वेश्चन को प्रसारित किए जाने (शेष पेज 9)

## कनाडा में मंदिर की दीवारों पर लिखे भारत-विरोधी नारे

- भारत ने उठाया यह मुद्दा, खालिस्तानी चरमपंथियों ने धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए लिखे नारे

**एजेंसी।** टोरंटो

**कनाडा** में एक प्रमुख मंदिर की दीवारों पर खालिस्तानी चरमपंथियों द्वारा धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए भारत विरोधी नारे लिखे गए। यहां भारतीय मिशन ने इस घटना की निंदा करते हुए कनाडाई अधिकारियों से अपराधियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करने की अपील की। घटना 13 फरवरी को मिसिसॉगा के एक राम मंदिर में हुई। हालांकि, घटना के समय का पता नहीं चला है। टोरंटो में भारत के वाणिज्य दूतावास ने मंगलवार को ट्वीट किया, हम मिसिसॉगा में राम मंदिर की दीवारों पर भारत विरोधी नारे लिखकर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने पर इस घटना की कड़ी निंदा करते हैं।

हमने कनाडा के अधिकारियों से घटना की जांच करने और दोषियों के विरूद्ध त्वरित कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। मंदिर के फेसबुक पेज पर लिखा गया है, ओंटारियो के मिसिसॉगा में श्री राम मंदिर की दीवारें रात में (13 फरवरी को) गंदी कर दी गईं। हम इस घटना से बहुत परेशान हैं और हम इस मामले पर उचित कानून प्रवर्तन प्राधिकरण के साथ काम कर रहे हैं। मंदिर की दीवारों पर खालिस्तानी समर्थक नारे और भारत विरोधी नारे लिखे गए हैं। यह पहली बार नहीं है कि कनाडा में मंदिर की दीवार पर भारत विरोधी नारे लिखे गए हैं। जनवरी में, कनाडा में एक मंदिर की दीवार पर भारत विरोधी नारे लिखे हुए मिले थे, जिससे भारतीय समुदाय में आक्रोश फैल गया था। पिछले वर्ष सितंबर में, टोरंटो में बीएपीएस स्वामी नारायण मंदिर की दीवारों पर कनाडाई खालिस्तानी चरमपंथियों द्वारा नारे लिख गए थे।

## रोडरेज में पहले युवक को पीटा, फिर भाई की हत्या

- नांगलोई में आरटीवी बस व बाइक में मामूली टक्कर के बाद किया चाकू से हमला, तीन गिरफ्तार
- पीड़ित के पिता ने लगाया पुलिस पर निष्क्रियता का आरोप



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**पश्चिमी दिल्ली** के नांगलोई इलाके में मंगलवार शाम आरटीवी बस और मोटरसाइकिल की मामूली टक्कर के बाद युवक की चाकू गोदकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि पीड़ित के पिता ने पुलिस पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। घटना का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि विशाल मलिक जिम से लौट रहा था, तभी उसकी बाइक के मिनी बस से हल्का सा छू जाने के बाद आरटीवी चालक से कहासुनी हो गई। आरटीवी चालक ने अपने दोस्तों को बुलाकर विशाल की पिटाई कर दी। इसके बाद घायल विशाल नांगलोई थाने पहुंचा और शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि विशाल ने बाद में अपने भाई साहिल मलिक को बाइक लेने के लिए मौके पर भेजा।

आरोपी ने साहिल को पकड़ लिया और चाकू मारकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि साहिल को महाराजा अग्रसेन अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि घटना के संबंध में तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है। अन्य आरोपी व्यक्तियों की पहचान की जा रही है और उनकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। दूसरी ओर, साहिल के पिता शकील मलिक ने पुलिस पर निष्क्रियता का आरोप लगाते हुए कहा कि वे अपने बेटे के लिए न्याय चाहते हैं।

## आजम खान के बेटे अब्दुल्ला की विधायकी रद्द, स्वार सीट खाली हुई

- छह महीने में होगा उपचुनाव, एमपीएमएलए कोर्ट ने सुनाई थी दो साल की सजा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर प्रदेश** के रामपुर जिले की स्वार सीट से सपा के विधायक अब्दुल्ला आजम को बुधवार को राज्य विधानसभा की सदस्यता के अयोग्य घोषित कर दिया गया। इसके साथ ही उनकी सीट भी रिक्त हो गई है। अब्दुल्ला सपा के वरिष्ठ नेता आजम खां के बेटे हैं और ऐसा दूसरी बार है जब अब्दुल्ला को अयोग्य घोषित किया गया है। विधानसभा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, अब्दुल्ला आजम को 15 साल पुराने एक मामले में मुरादाबाद की अदालत द्वारा दो साल की सजा सुनाए जाने के बाद विधानसभा की सदस्यता के अयोग्य घोषित कर दिया गया है। उनकी सीट गत 13 फरवरी से रिक्त मानी जाएगी। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत अगर किसी जनप्रतिनिधि को दो साल या उससे ज्यादा की सजा सुनाई जाती है तो उसे तत्काल विधानसभा की सदस्यता के अयोग्य मान लिया जाता है और सजा काटने के बाद वह छह और सालों तक चुनाव नहीं लड़ सकता।

गौरतलब है कि मुरादाबाद की एक अदालत ने वर्ष 2008 में गलत तरीके से धरना-प्रदर्शन करने के मामले में पिछले सोमवार को आजम खां और अब्दुल्ला को दो-दो साल की सजा सुनाई थी। हालांकि अदालत ने दोनों को जमानत भी दे दी थी। दोनों पर 31 दिसंबर 2007 को रामपुर में स्थित केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के शिविर पर हुए आतंकवादी हमले के मद्देनजर जांच के लिए दो जनवरी 2008 को अपना काफिला रोके जाने के विरोध में राष्ट्रीय राजमार्ग पर धरना प्रदर्शन कर रास्ता जाम करने का आरोप था। अब्दुल्ला दूसरी बार सदन की सदस्यता के अयोग्य घोषित किए गए हैं। इससे पहले वर्ष 2020 में इलाहाबाद (शेष पेज 9)

## उस्मानाबाद का नाम धाराशिव करने की मंजूरी केंद्र ने कोर्ट को बताया

**भाषा।** मुंबई

**केंद्र सरकार** ने बुधवार को बंबई उच्च न्यायालय को बताया कि उसने महाराष्ट्र के उस्मानाबाद शहर का नाम बदलकर धाराशिव करने की मंजूरी दे दी है, लेकिन औरंगाबाद का नाम छत्रपति संभाजीनगर करने के लिए मंजूरी देने की प्रक्रिया अभी चल रही है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश एस वी गंगापुरवाला और न्यायमूर्ति संदीप मार्ने की खंडपीठ ने पिछले महीने केंद्र से जानना चाहा था कि क्या उसे महाराष्ट्र सरकार से इन दोनों शहरों के नाम बदलने के लिए कोई प्रस्ताव मिला है और यदि हां तो क्या प्रस्ताव स्वीकार कर लिया गया। अतिरिक्त सॉलिसीटर जनरल अनिल सिंह ने बुधवार को पीठ से कहा कि केंद्र सरकार को राज्य सरकार से एक प्रस्ताव मिला था। उन्होंने कहा, जहां तक उस्मानाबाद की बात है, हमने दो फरवरी को राज्य को सूचित कर दिया और नाम बदलने पर कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन औरंगाबाद का नाम बदलने पर अभी कोई निर्णय नहीं हुआ है।

### बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 61,275 | ↑ | 243 | |
| निफ्टी | 18,015 | ↑ | 86 | |
| सोना | 56,345 | ↓ | 475 | /10g |
| चांदी | 65,925 | ↓ | 195 | /kg |

### क्विक न्यूज

#### जेईई मेन के दूसरे सत्र के लिए आवेदन प्रक्रिया 12 मार्च को पूरी होगी

**नई दिल्ली।** इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई मेन के दूसरे सत्र के लिए आवेदन की प्रक्रिया बुधवार को शुरू हो गई और यह 12 मार्च को समाप्त होगी। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। संयुक्त प्रवेश परीक्षा (मेन) 2023 का दूसरा सत्र 6 अप्रैल से 12 अप्रैल तक चलेगा और इसमें 13 अप्रैल एवं 15 अप्रैल सुरक्षित दिवस के रूप में तय किए गए है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के अधिकारियों ने कहा, परीक्षा के शहर, प्रवेश कार्ड डाउनलोड करने और परिणाम घोषित करने की तिथि के बारे में अग्रिम जानकारी पोर्टल पर उपयुक्त समय पर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा के लिए तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

## त्रिपुरा में विधानसभा चुनाव आज, तैयारी पूरी

- 60 सदस्यीय विस के लिए मतदान, 3,337 बूथों पर पड़ेंगे वोट, मतगणना दो मार्च को

**एजेंसी।** अगरतला



अगरतला में ईवीएम मशीन लेकर मतदान कार्य के लिए रवाना होते कर्मचारी

**त्रिपुरा** में 60 सदस्यीय विधानसभा के लिए बृहस्पतिवार को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यह जानकारी मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) जी. किरणकुमार दिनाकरो ने दी। दिनाकरो ने बताया कि 3,337 मतदान केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच सुबह सात बजे से शाम चार बजे तक मतदान होगा, जिनमें से I,100 की पहचान संवेदनशील और 28 की पहचान अति संवेदनशील के रूप में की गई है। चुनाव में मुख्य रूप से भाजपा-आईपीएफटी गठबंधन, माकपा-कांग्रेस गठबंधन और पूर्वोत्तर राज्य के पूर्व शाही परिवार के वंशज द्वारा गठित एक क्षेत्रीय पार्टी टिपरा मोथा हैं। वोटों की गिनती 2 मार्च को होगी।

सीईओ ने कहा, स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव कराने के लिए 31,000 मतदानकर्मी और केंद्रीय बलों के 25,000 सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं। इसके अलावा, कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए राज्य सशस्त्र पुलिस और राज्य पुलिस के 31,000 कर्मचारियों को तैनात किया जाएगा। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि एहतियाती उपायों के तहत राज्य भर में पहले ही निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है और यह 17 फरवरी की सुबह छह बजे तक लागू रहेगी। उपद्रवियों को राज्य में प्रवेश करने से रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय और अंतरराज्यीय सीमाओं को भी सील कर दिया गया है। कुल मिलाकर 13.53 लाख महिलाओं सहित 28.13 लाख मतदाता 259 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे, जिनमें से 20 महिलाएं हैं। (शेष पेज 9)

## राज्यों की सहमति पर जीएसटी दायरे में आएंगे पेट्रो उत्पाद

- वित्त मंत्री ने कहा, जीएसटी परिषद की अगली बैठक 18 फरवरी को नई दिल्ली में होगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




**राज्य सरकारें** सहमत हुईं तो बहुत जल्द पेट्रोलियम उत्पाद भी जीएसटी के दायरे में लाए जाएंगे। पेट्रोल-डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों से परेशान आम लोग काफी समय से इसकी मांग कर रहे हैं। इस संबंध में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि राज्यों के सहमत होने पर पेट्रोलियम उत्पादों को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के तहत लाया जा सकता है। इस समय पांच पेट्रोलियम उत्पाद कच्चा तेल, पेट्रोल, हाई स्पीड डीजल, प्राकृतिक गैस और विमान ईंधन जीएसटी से बाहर हैं। उन्होंने कहा कि राज्यों के सहमत होने के बाद, हम इन पेट्रोलियम उत्पादों को भी जीएसटी के दायरे में ले आएंगे। जीएसटी परिषद की अगली बैठक 18 फरवरी को नई दिल्ली में होगी। केंद्रीय वित्त मंत्री ने यह भी कहा कि पिछले कुछ साल से सरकार का प्रयास आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने के इरादे से सार्वजनिक व्यय में वृद्धि करने का रहा है। उद्योग मंडल पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) के सदस्यों के साथ बजट-बाद बैठक में वित्त मंत्री ने कहा कि पेट्रोलियम उत्पादों को जीएसटी के दायरे में लाने को लेकर प्रावधान पहले से उपलब्ध हैं। मेरे पूर्ववर्ती ने इस संदर्भ में विकल्प खुला रखा है। पांच पेट्रोलियम उत्पादों कच्चा तेल, पेट्रोल, हाई स्पीड डीजल, प्राकृतिक गैस और विमान ईंधन को जीएसटी के दायरे में लाने की तिथि के बारे में माल एवं सेवा कर परिषद को विचार करना है।

वित्त मंत्री ने यह भी कहा कि सरकार ने वित्त वर्ष 2023-24 के बजट में पूंजीगत व्यय 33 प्रतिशत बढ़ाकर 10 लाख करोड़ रुपए किया है। पिछले तीन-चार साल से, सार्वजनिक पूंजी व्यय पर जोर रहा है। हमने इस बजट में भी इसे जारी रखा है। यह साफतौर पर कहा जा सकता है कि इस बजट में जोर पूंजी व्यय पर है। सीतारमण ने कहा कि पिछले कई साल में यह पहली बार है जब पूंजीगत व्यय दहाई अंक में पहुंचा है। यह बताता है कि बजट में किसी चीज को महत्व दिया गया है। उन्होंने कहा कि राज्यों को बिजली समेत विभिन्न क्षेत्रों में सुधारों को बढ़ावा देने और एक देश, एक राशन कार्ड लागू करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 16 फरवरी, 2023



# जी-20 के रंग में रंगेगा ग्रेनो

## हरियाली, लाइटिंग और कलाकृतियों से चमकाने की योजना बनाई

## सड़क किनारे लगे पेड़ों को तीन रंगों से रंगा जाएगाः प्राधिकण





**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

आगामी सितंबर माह में ग्रेटर नोएडा में प्रस्तावित जी.20 सम्मेलन को देखते हुए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने तैयारी शुरू कर दी है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने उद्यान, विद्युत अभियांत्रिकी और प्रोजेक्ट विभाग के साथ बैठक की। सीईओ ने इन महकमों से युद्ध स्तर पर तैयारी शुरू करने के निर्देश दिए।

सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर सुंदर व आकर्षक दिखने वाले गमले और अच्छे दिखने वाले पौधे लगाने के निर्देश दिए। ये गमले एक्सप्रेसवे के दोनों तरफ लगाए जाएंगे। एक्सप्रेसवे पर परी चौक से प्रवेश द्वार के हिस्से में पानी और लाइट के मिश्रण से वॉटर वॉल बनाए जाएंगे। इन पर जी-20 सम्मेलन की भी छाप दिखेगी। प्लांटर के जरिए एक्सप्रेसवे से ग्रेटर नोएडा में प्रवेश करते ही मनमोहक प्लांटर का भी नजारा दिखेगा। नोएडा की तरह ग्रेटर नोएडा में भी मेट्रो पिलर पर आकृतियां उकेरी जाएंगी। इसके लिए एजेंसी की तलाश शुरू हो गई है।

ग्रेटर नोएडा में तीन रंगों वाले 5000 स्ट्रीट पोल लगाए जाएंगे। पहले से लगे स्ट्रीट पोल को नए सिरे से पेंट कराया जाएगा। खूबसूरत पुष्पों व लाइटों से गोलचक्करों को जी-20 के लोगो के साथ और आकर्षक बनाने की योजना है। गोलचक्करों के आसपास ट्राइंगल तिकोना एरिया को भी लाइटों से सजाया जाएगा। रोड किनारे लगे पेड़ों को भी तीन रंगों से रंगा जाएगा। सीईओ रितु माहेश्वरी ने उद्यान विभाग को ग्रेटर नोएडा में 40 से 50 जगहों को चिंहित कर नए सिरे से सौंदर्यीकृत कराने के निर्देश दिए हैं।

पुष्प के साथ ही अच्छी वैरायटी के पौधे लगाए जाएंगे। ग्रीनरी को नया रंग-रूप देने के लिए सीईओ ने उद्यान विभाग को कंसल्टेंट का चयन करने को कहा है। एक्सप्रेसवे के साथ.साथ अन्य प्रमुख मार्गों को भी हरा-भरा बनाने के साथ ही लाइटों व कलाकृतियों से सजाया जाएगा।

सीईओ ने इन कार्यों को तीन माह में धरातल पर लाने के निर्देश दिए हैं। सीईओ की इस बैठक में एसीईओ आनंद वर्धन, वरिष्ठ प्रबंधक कपिल सिंह, गुरविंदर सिंह व उत्सव निरंजन आदि मौजूद रहे।

# अच्छा स्वास्थ्य सरकार की प्राथमिकताः पाठक

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

● डिप्टी सीएम ने जिम्स में बीएसएल लैब का किया उद्घाटन

उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम और स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने गौतमबुद्ध नगर की जनता को एक तोहफा दिया है। ग्रेटर नोएडा के कासना में स्थित राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान में बीएसएल लैब का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर जेवर के विधायक ठाकुर धीरेंद्र सिंह और दादरी के विधायक तेजपाल नागर भी मौजूद रहे।

डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने बताया कि बीएसएल लैब के शुरू होने के बाद अस्पताल के डॉक्टरों के अलावा आम जनता को भी बड़ा फायदा होगा। मरीजों के काफी ऐसे टेस्ट होते हैं, जिनके नमूने दूसरे स्थानों पर भेजे जाते हैं। अब जिम्स अस्पताल में होने वाले टेस्ट के नमूनों को दूसरे स्थानों पर नहीं भेजा जाएगा। इससे समय की भी बचत होगी और मरीजों को बहुत ही जल्द इलाज मिलेगा। बृजेश पाठक ने बताया कि यूपी में योगी सरकार आने के बाद स्वास्थ्य विभाग में बदलाव हुए हैं।

योगी आदित्यनाथ की मंशा है कि यूपी में किसी भी व्यक्ति की मौत बीमारी के चलते ना हो। इसको लेकर सरकारी अस्पतालों में गाइडलाइन जारी की गई है। गंभीर रूप से पीड़ित मरीज को प्राथमिकता से इलाज किया जाता है और उसकी हर संभव मदद की जाती है। बृजेश पाठक ने ग्रेटर नोएडा में लोगों से रूबरू होते हुए तत्कालीन सरकारों की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए हैं।

## शमशाद हत्याकांड में तीन हिरासत में, पूछताछ जारी

**गाजियाबाद।** शनिवार की रात लगभग पौने ग्यारह बजे आर्यनगर कॉलोनी में क्लीनिक चलाने वाले डॉक्टर शमशाद की गोलियों से भूनकर की गई हत्या के मामले में पुलिस की लगभग आधा दर्जन टीम मेरठ व गाजियाबाद सहित कई जिलों में ताबड़तोड़ दबिश व छापे मार रही हैं।

पुलिस अब तक दर्जनों लोगों से इस वारदात के खुलासे की बाबत पूछताछ भी कर चुकी है। इतना ही नहीं पुलिस अब तक घटनास्थल से लेकर मेरठ तक के अधिकांश सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल चुकी है। पुलिस के हाथ एक ऐसी कड़ी लगी है जिसके माध्यम से इस सनसनीखेज वारदात का खुलासा जल्द होने के आसार बन गये हैं।

# बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट वाले वाहनों की कटेगा चालान

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

● आज से यातायात पुलिस चलाएगा अभियान

अगर आप नोएडा में वाहन चला रहे हैं और आपके वाहन पर अब तक हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट एचएसआरपी नहीं लगा है, तो आप मोटा चालान भरने के लिए तैयार हो जाइए, क्योंकि हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने की अवधि 15 फरवरी को समाप्त हो रही है।

ऐसे में नोएडा ट्रैफिक पुलिस 16 फ रवरी से ऐसे वाहनों के खिलाफ अभियान शुरू करने जा रही है। नोएडा में बिना एचएसआरपी के चलने वाले वाहनों पर 5000 रुपये का जुर्माना लगेगा। नोएडा के डीसीपी ट्रैफि क अनिल कुमार यादव ने बताया कि यूपी के अतिरिक्त डीजी यातायात और सड़क सुरक्षा अनुपम कुलश्रेष्ठ की तरफ से निर्देश मिले हैं। जिसमें वाहनों की विभिन्न श्रेणियों में एचएसआरपी लगाने के लिए अलग.अलग अवधि निर्धारित की गई थी, जो 15 फरवरी को समाप्त हो रही है। नोएडा कमिश्नरेट सहित सभी जिलों के पुलिस प्रमुखों को 16 फरवरी से ऐसे वाहनों के खिलाफ कार्रवाई शुरू करने का निर्देश दिया गया।

# संक्षिप्त समाचार



सरस आजीविका मेले की जानकारी देते पदाधिकारी।

## नोएडा हाट में सरस आजीविका मेला 17 से

**नोएडा।** नोएडा में तीसरी बार पर्यटन, परंपरा, कला एवं संस्कृति का मनोरम माहौल थीम के साथ 17 फरवरी से लेकर 05 मार्च 2023 तक प्रसिद्ध सरस आजीविका मेला 2023 का आयोजन, सेक्टर 33 के नोएडा हाट में किया जा रहा है। चरणजीत सिंह अपर सचिव, ग्रामीण विकास मंत्रालय तथा राघवेंद्र प्रताप सिंह, निदेशक, ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार, आरपी सिंह तथा चिरंजी लाल कटारिया ने विस्तृत जानकारी दी है। नोएडा हाट में मौजूद करीब 27 राज्यों के 300 से अधिक महिला शिल्प कलाकार, जो परंपरा, हस्तकला एवं ग्रामीण संस्कृति तथा स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हैं। असिस्टेंट डायरेक्टर चिरंजी लाल कटारिया ने बताया कि मेले में 17,18 और 19 को डिस्काउंट भी रखा गया है। जिसमे बच्चों के लिए मनोरंजन और सभी रायड्स फ्री है। लक्की ड्रा प्राइज 5000 कि खरीददारी करने पर स्पेशल गिफ्ट और बाउचर साथ ही पहले 100 खरीददारों गिफ्ट साथ ही शिल्पकारों के साथ सेल्फी पोस्ट करने पर भी बाउचर एवं गिफ्ट कि व्यवस्था कि गई है। मेले में बीसी सखी व झारखंड की पत्रकार दीदियों की भी भागीदारी रहेगी।

## शिकायतों का सही निस्तारण होः नगर आयुक्त

**गाजियाबाद।** नगर निगम में अब शिकायतों के फर्जी निस्तारण का खेल नहीं चलेगा। इसके लिए नगर आयुक्त डॉ नितिन गौड़ की ओर से खास निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि जो भी शिकायतें नगर निगम में दर्ज होती हैं उनका गुणवत्ता परक तरीके से निस्तारण किया जाए जिससे शिकायतकर्ता संतुष्ट हों और उन्हें फिर से शिकायत करने के लिए नगर निगम के किसी प्लेटफॉर्म का यूज करने की जरूरत नहीं पड़े, यह प्रदेश सरकार की भी मंशा है। नगर निगम में शिकायत करने वालों का तांता लगा रहता है। सामान्य दिनों भी अधिकारियों के पास शिकायत करने वाले पहुंचते रहते हैं। इसके अलावा संभव दिवस में भी काफी शिकायतें दर्ज होती है। नगर निगम असमंजस में है कि क्या वाकाई में इतनी समस्याएं हैं जो वास्तव में दर्ज की जाती है, या ऐसा तो नहीं है कि शिकायत दर्ज होने के बाद उन पर स्टाफ काम नहीं करता।

## ग्रेनो के लीज बैक प्रकरण पर सीईओ की बैठक

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में किसानों के नाम लीज बैक कराने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी ने भूलेख विभाग के अधिकारियों संग बैठक की। सीईओ ने सभी पात्र किसानों की लीज बैक जल्द करने के निर्देश दिए। प्राधिकरण की तरफ से लीज बैक कराने के लिए पात्र किसानों को पत्र भेजे जाएंगे। दरअसल, एसआईटी जांच रिपोर्ट के आधार पर उत्तर प्रदेश शासन से 1306 किसानों के नाम लीज बैक करने के लिए अनुमति मिली है। प्राधिकरण इन किसानों के नाम लीज बैक कराने के लिए प्रयासरत है। हाल ही में किसानों ने सीईओ रितु माहेश्वरी से मिलकर लीज बैक की प्रक्रिया को और तेज करने की मांग की थी। माहेश्वरी ने एसीईओ आनंद वर्धन और भूलेख विभाग के अधिकारियों के साथ नोएडा प्राधिकरण के बोर्ड रूम में बैठक की।

## भौतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank

**शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा भौतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ भौतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मीनाक्षी पाण्डेय/ गीता पाण्डेय/ LBDEL00002081323/ LBFDB00005250172 | फ्लैट नंबर 3093, 9वीं मंज़िल टॉवर-3, एटीएस टूर्मालाइन, सेक्टर -109, गुड़गाँव, हरियाणा/ फरवरी 10, 2023 | जून 23, 2021 रु. 1,40,35,016/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | हरेंद्र सिंह राणा/ ऋचा राणा/ LBDEL00002067655 | EFP-25-0401, एमराल्ड फ्लोर्स, प्रीमियर एमराल्ड एस्टेट, सेक्टर 65, गुड़गाँव/ फरवरी 13, 2023 | अगस्त 27, 2020 रु.44,85,535/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णतः नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : फरवरी 16, 2023
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

## यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

YEIDA FUTURE IS HERE

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, ओमेगा-1 (पी-2), ग्रेटर नौएडा
Toll Free No. 18001808296 वेबसाइट : www.yamunaexpresswayauthority.com

पत्रांक : वाई.ई.ए./GM(P)/2023/705 दिनांकः 14.02.2023

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्र सरकार/राज्य सरकार/केन्द्र शासित/अर्द्धशासिक/सार्वजनिक उपक्रमों के कार्यों का कम से कम चार वर्ष का अनुभव रखने वाले ठेकेदारों/फर्मों से ई-निविदायें आमन्त्रित की जाती है। ई-प्रीक्योरमेंटसोल्यूशन द्वारा निविदायें द्विस्तरीय पद्धति से खोली जायेंगी।

कार्यालय आदेश संख्या : **वाई.ई.ए./GM(P)/2023/704 दिनांकः 14.02.2023** के अनुपालन में यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की कार्यों में संविदाकार द्वारा बिल ऑफ क्वान्टिटी (बी0ओ0क्यू0) पर डाले गये 10 प्रतिशत कम दरों तक 0.5 प्रतिशत प्रति एक प्रतिशत कम दर पर तथा उसके पश्चात 10 प्रतिशत से अधिक कम दरों पर 1.00 प्रतिशत प्रति एक प्रतिशत कम दर पर सिक्योरिटी/परफॉर्मेन्स गारन्टी प्राप्त की जायेगी तथा परफॉर्मेन्स गारन्टी एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0/बैंक गारन्टी/एन0एस0सी0 के रूप में न्यूनतम संविदाकार द्वारा अनुबन्ध गठन से पूर्व देनी होगी, जो कार्य के अन्तिम बीजक होने के बाद वापिस होगी।

| कम सं0 | कार्य का नाम/वर्क सर्किल | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1 | Construction of Boudary Wall of 33/11kv Sub Station (ESS No-2,3) In Sector-29 Yea, WC-04 | रु0 31.30 लाख |
| 2 | Construction of Kabristan Boundarywall Village- Usmanpur- Darin YEA Wc-06 | रु0 35.12 लाख |
| 3 | Uprooting of old m.s tree guard Matured trees on 60mtr 120mtr & 30m road of yeida repair Painting of repairable old m.s tree gurad yea Wc- horti | रु0 07.41 लाख |
| 4 | C/o 24mtr wide approach road from 120mtr wide road to RPS-02 Scheme plot in Sector-22D YEA Wc-02 | रु0 91.40 लाख |
| 5 | Construction of Road drain Sewer and Water Supply work in Rehabilitation and Resettement area of Villsge- abadi in jewar Banger yeida Wc-04 | रु0 15.19 लाख |
| 6 | C/o Boundary Wall around O.H.T Campus in Sector- 17 YEA. Wc-04 | रु0 32.72 लाख |

**जिन्हें दिनांक 27.02.2023 से 10.03.2023 को 5:00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है।**
**प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालीफिकेशन दिनांक 13.03.2023 को प्रातः 11.00 बजे खोली जायेगी।**

| कम सं0 | कार्य का नाम/वर्क सर्किल | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1 | C/o Boundarywall of U.G.R in Sector-24, YEA Wc-04 | रु0 23.93 लाख |
| 2 | Establishment of Division office(Civil Wc-2, Wc-4/Hort.Electical, Wc-4 E/M) and third party Quality Assurance 3rd Floor Commercial Complex in Sector-22D Yeida | रु0 52.48 लाख |
| 3 | Repairing of Old Boundary wall for Plot No-GH-06, Sector-22D YEA Wc-02 | रु0 14.68 लाख |
| 4 | Supply of Tractor with trolly and Sweeper hire for Cleaning of affordable Houe of black-A & B and LIG & MIG in Scetor-22D YEA Wc-02 | रु0 18.50 लाख |
| 5 | Hiring and Maintenance of plants and vertical garden and Supply of table pot plant for display in authority office and camp office of yeida for two year year yea Wc-Horti | रु0 16.82 लाख |
| 6 | C/o Pund Room & Installation of Solar pump in Village- Ahmadpur Choroli, Yea Wc-06 | रु0 05.04 लाख |

**जिन्हें दिनांक 28.02.2023 से 13.03.2023 को 5:00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है।**
**प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालीफिकेशन दिनांक 14.03.2023 को प्रातः 11.00 बजे खोली जायेगी।**

| कम सं0 | कार्य का नाम/वर्क सर्किल | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1 | Repairing work of Shamshan ghat Boundary wall shed & | रु0 04.02 लाख |
| 2 | Cinstruction of 01Nos. Chabutra in Village-Parsol,Yea Wc-06 Constrruction of Chabutra with shed for shamshan ghat in Village-Mutaina yea Wc-06 | रु0 13.45 लाख |
| 3 | Construction of Classroom Varandah toilets and pathway of primary School in Village- Wailana yea Wc-06 | रु0 13.61 लाख |
| 4 | Constructionof Shad With Chabutra fot Shamshan Ghat in Village-Aurangpur yea Wc-06 | रु0 10.61 लाख |
| 5 | Providing and applying retro reflective road Marking strips in 120m wide road (From Salarpur under pass to Dhanori Village) Between Sector-17 and 18 yea Wc-01 | रु0 17.82 लाख |

**जिन्हें दिनांक 01.03.2023 से 14.03.2023 को 5:00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है।**
**प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालीफिकेशन दिनांक 15.03.2023 को प्रातः 11.00 बजे खोली जायेगी।**

महाप्रबन्धक (परियोजना)

## GOLDEDGE ESTATE AND INVESTMENTS LIMITED

Regd Office:-C-115,Ground Floor, Mansoravar Garden, New Delhi-110015
CIN: L70101DL1992PLC047541

**EXTRACT OF CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND NINE MONTHS ENDED DECEMBER 31, 2022**

Amt. in Rs. except per share data

| S. No. | Particulars | CONSOLIDATED | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter Ended | | | Nine Months Ended | | Year Ended |
| | | 31-Dec-22 | 30-Sep-22 | 31-Dec-21 | 31-Dec-22 | 31-Dec-21 | 31-Mar-22 |
| | | (Unaudited) | (Unaudited) | (Unaudited) | (Unaudited) | (Unaudited) | (Audited) |
| 1 | Total income from operations (gross) | 6.76 | 6.28 | 6.76 | 19.07 | 32.67 | 38.78 |
| 2 | Total income from operations (net) | 6.76 | 6.28 | 6.76 | 19.07 | 32.67 | 38.78 |
| 3 | Net Profit for the period (before tax and exceptional items) | 3.37 | 2.12 | 2.95 | 7.97 | 12.45 | 13.37 |
| 4 | Net Profit for the period before tax (after exceptional items) | 3.37 | 2.12 | 2.95 | 7.97 | 12.45 | 13.37 |
| 5 | Net Profit for the period after tax (after exceptional items) | (1.15) | 1.59 | 1.99 | 2.29 | 9.10 | 9.99 |
| 6 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | (1.15) | 1.83 | 1.99 | 2.29 | 9.10 | 9.99 |
| 7 | Equity Share Capital | 512.24 | 512.24 | 512.24 | 512.24 | 512.24 | 512.24 |
| 8 | Other Equity | - | - | - | - | - | 73.93 |
| 9 | Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) | | | | | | |
| | Basic : | (0.014) | 0.036 | 0.036 | 0.056 | 0.187 | 0.214 |
| | Diluted: | (0.014) | 0.036 | 0.036 | 0.056 | 0.187 | 0.214 |

**EXTRACT OF STANDALONE FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND NINE MONTHS ENDED DECEMBER 31, 2022**

Amt. in Rs. except per share data

| S. No. | Particulars | STANDALONE | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter Ended | | | Nine Months Ended | | Year Ended |
| | | 31-Dec-22 | 30-Sep-22 | 31-Dec-21 | 31-Dec-22 | 31-Dec-21 | 31-Mar-22 |
| | | (Unaudited) | (Unaudited) | (Unaudited) | (Unaudited) | (Unaudited) | (Audited) |
| 1 | Total income from operations (gross) | 6.76 | 6.28 | 6.76 | 19.07 | 32.67 | 38.78 |
| 2 | Total income from operations (net) | 6.76 | 6.28 | 6.76 | 19.07 | 32.67 | 38.78 |
| 3 | Net Profit for the period (before tax and exceptional items) | 3.37 | 2.12 | 2.95 | 7.97 | 12.46 | 13.37 |
| 4 | Net Profit for the period before tax (after exceptional items) | 3.37 | 2.12 | 2.95 | 7.97 | 12.46 | 13.37 |
| 5 | Net Profit for the period after tax (after exceptional items) | (1.15) | 1.59 | 2.13 | 2.29 | 9.24 | 9.99 |
| 6 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | (1.15) | 1.59 | 2.13 | 2.29 | 9.24 | 9.99 |
| 7 | Equity Share Capital (Face Value of Rs. 10/- each) | 512.24 | 512.24 | 512.24 | 512.24 | 512.24 | 512.24 |
| 8 | Other Equity | - | - | - | - | - | 67.18 |
| 9 | Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) | | | | | | |
| | Basic : | (0.02) | 0.03 | 0.04 | 0.04 | 0.18 | 0.20 |
| | Diluted: | (0.02) | 0.03 | 0.04 | 0.04 | 0.18 | 0.20 |

**Note :** The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial results filed with Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing obligations and other disclosure Requirements) Regulations 2015. The full format of the Quarterly results are available on the stock exchange websites i.e. **www.msei.in** and on Company website **www.goldedgeestate.in**

**For and on behalf of the Board**
**For Goldedge Estate and Investments Limited**
**Jagdish Chand Agrawal**
**Chairman**
**DIN : 01898337**

**Place : New Delhi**
**Date:- 14/02/2023**

## कॉस्को (इंडिया) लिमिटेड

सीआईएन : एल25199डीएल1980पीएलसी010173
पंजी. कार्यालय : 2/8, रूप नगर, दिल्ली-110007
वेबसाइट : www.cosco.in ई-मेल : mail@cosco.in
फोन : 91-11-23843000 फैक्स : 91-11-23846000

**31 दिसम्बर, 2022 को समाप्त तिमाही और नौ माह हेतु पृथक्कृत अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण**

(रू. लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | तिमाही समाप्त | | | नौ माह समाप्त | | वर्ष समाप्त |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.12.2022 | 30.09.2022 | 31.12.2021 | 31.12.2022 | 31.12.2021 | 31.03.2022 |
| | | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित |
| 1 | परिचालन से कुल आय | 3,952.51 | 3,853.77 | 3,460.82 | 11,170.63 | 9,489.45 | 13,701.06 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ, कर पूर्व | 48.48 | 13.63 | 104.73 | 78.56 | 151.64 | 250.90 |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ, कर पश्चात | 53.35 | 7.24 | 64.60 | 67.37 | 95.69 | 192.01 |
| 4 | अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु लाभ (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित हैं] | 53.35 | 7.24 | 64.07 | 67.37 | 95.37 | 212.30 |
| 5 | इक्विटी शेयर पूंजी | **416.10** | **416.10** | **416.10** | **416.10** | **416.10** | **416.10** |
| 6 | अन्य इक्विटी? | | | | | | 4,168.39 |
| 7 | प्रति शेयर अर्जन (रू. 10/-प्रत्येक) | | | | | | |
| क | मूल (रू.) | 1.28 | 0.17 | 1.55 | 1.62 | 2.30 | 4.61 |
| ख | तनुकृत (रू.) | 1.28 | 0.17 | 1.55 | 1.62 | 2.30 | 4.61 |

नोट्स :

1. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन और अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्ज में प्रस्तुत किए गए तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। तिमाही/वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण विवरण स्टॉक एक्सचेन्ज वेबसाइट्स **(www.bseindia.com/corporates)** तथा कम्पनी की वेबसाइट **www.cosco.in** पर उपलब्ध है।
2. उपरोक्त परिणामों का पुनरीक्षण लेखापरीक्षा समिति द्वारा तथा अनुमोदन कम्पनी के निदेशक मंडल द्वारा 14 फरवरी, 2023 को आयोजित उनकी संबंधित बैठक में किया गया है।

बोर्ड के आदेश द्वारा
वास्ते कॉस्को (इंडिया) लिमिटेड
नरिन्दर कुमार जैन
प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 00195619

स्थान : दिल्ली
तिथि : 14-02-2023

## वेलक्योर ड्रग्स एंड फार्माक्युटिकल्स लिमिटेड

CIN NO : L24232DL1996PLC227773
**पंजीकृत कार्यालय :** कार्या 33/36 बेसमेंट (बेक साईड), वेस्ट पटेल नगर नियर राम जस ग्राउंड, वेस्ट दिल्ली, दिल्ली-110008
**कॉर्पोरेट कार्यालय :** कार्या 33/36 बेसमेंट (बेक साईड), वेस्ट पटेल नगर नियर राम जस ग्राउंड, वेस्ट दिल्ली, दिल्ली-110008
ई मेल आईडी : welcuredrugs227@gmail.com, वेबसाईड : www.welcuredrugs.com
31 दिसम्बर, 2022 की समाप्त तिमाही के लिये अनंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार

(रु. लाख में)

| | विवरण | समाप्त तिमाही (31.12.2022) (अनंकेक्षित) | तिथि तक वर्ष (31.12.2022) (अनंकेक्षित) | पूर्व वर्ष (31.12.2021) मे समाप्त तत्स्थानीय 3 महीने (अनंकेक्षित) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | परिचालनो से कुल आय | 0.69 | 1.59 | - |
| 2. | अवधि के लिये शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों के पूर्व*) | (0.24) | -0.87 | (0.58) |
| 3. | कर से पूर्व अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों के बाद*) | (0.24) | -0.87 | (0.58) |
| 4. | कर से बाद अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों के बाद) | (0.24) | -0.87 | (0.58) |
| 5. | अवधि हेतु कुल व्यापक आय (अवधि हेतु कर के बाद) लाभ/(हानि) एवं अन्य व्यापक आय (कर के बाद) से शामिल | (0.24) | (0.87) | (0.58) |
| 6. | इक्विटी शेयर पूंजी | 1,343.91 | 1,211.86 | 1,343.91 |
| 7. | आरक्षित (पुर्नमूल्यांकन आरक्षित को छोड़कर) पिछले वर्ष के लेखापरीक्षित तुलनपत्र में दर्शाए गए अनुसार | - | - | - |
| 8. | आय प्रति शेयर (रु 10/- प्रति का) (जारी तथा अवरुद्ध प्रचालनों के लिए) 1) मूल 2) तरल | 0.00 0.00 | -0.001 -0.001 | 0.00 0.00 |

दिप्पणी :

1. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन तथा अन्य उदघाटन अपेक्षा), विनियम, 2015 के विनियम 33 के अन्तर्गत स्टॉक एक्सचेंज के पास दाखिल की गई तिमाही वित्तीय परिणामों के सम्पूर्ण विवरण प्रारुप का सार है। तिमाही वित्तीय परिणामों का संपूर्ण प्रारुप स्टॉक एक्सचेंज तथा सूचीबद्ध सत्ता की वेबसाइटों पर उपलब्ध है।
2. लेखा नीतियों में परिवर्तन के कारण शुद्ध लाभ/हानि, कुल व्यापक आय अथवा किसी अन्य संबंधित वित्तीय मदों पर प्रभाव को फुट नोट द्वारा उद्धाटित किया जायेगा।
3. # जो भी लागू हो इंड-एएस नियमावली/एएस नियमावली के अनुसार विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों को लाभ तथा हानि के विवरण में समायोजित किया गया है।

वेलक्योर ड्रग्स एंड फार्माक्युटिकल्स लिमिटेड के लिये
हस्ता/-
नाम : विशाल मेहरा
पदनाम : प्रबंध निदेशक
DIN : 09717741

तिथि : 14.02.2023

## सिद्ध ऑटोमोबाइल्स लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय :- आर-13, एस/एफ ग्रेटर कैलाश- I, नई दिल्ली-110048, भारत
सीआईएन :- एल34102डीएल1985पीएलसी020156
ई-मेल :- sidhindia1985@gmail.com, वेबसाइट :- www.sidhgroup.in
31 दिसम्बर, 2022 को समाप्त तिमाही और नौ माह हेतु अ-लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का विवरण

(राशि रू. लाख में)

| विवरण | तिमाही समाप्त 31-12-2022 (अ-लेखापरीक्षित) | नौ माह समाप्त 31-12-2022 (अ-लेखापरीक्षित) | वर्ष समाप्त 31-03-2022 (लेखापरीक्षित) |
|---|---|---|---|
| परिचालन से कुल आय (शुद्ध) | 3.48 | 2.87 | 13.02 |
| अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पूर्व) | 0.60 | 0.39 | (4.27) |
| अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर पूर्व (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 0.60 | 0.39 | (4.27) |
| अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 0.60 | 0.39 | (4.27) |
| कुल समावेशी आय [जिसमें लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित है] | 0.60 | 0.39 | (4.27) |
| इक्विटी शेयर पूंजी | 296.23 | 296.23 | 296.23 |
| संचेय (पुनर्मूल्यन संचेय छोड़कर) (जैसाकि पूर्व वर्ष के लेखापरीक्षित तुलनपत्र में दर्शाया गया है) | - | - | 0.0377 |
| प्रति शेयर अर्जन (रू. 10/-प्रत्येक का) (जारी और बंद प्रचालनों हेतु) (क) मूल : (ख) तनुकृत : | 0.02 | 0.01 | (0.14) |

नोट्स :

1. उपरोक्त परिणामों का पुनरीक्षण लेखापरीक्षा समिति द्वारा और अभिलेखबद्ध करने का कार्य निदेशक मंडल द्वारा 14 फरवरी, 2023 को सम्पन्न उनकी बैठक में किया गया है। कम्पनी के सांविधिक लेखापरीक्षकों ने 31 दिसम्बर, 2022 को समाप्त तिमाही और नौ माह हेतु परिणाम का सीमित पुनरीक्षण किया है।
2. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्ज में प्रस्तुत किए गए तिमाही और नौ माह हेतु अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है।
3. तिमाही और नौ माह हेतु अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण विवरण स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट **(www.bseindia.com)** पर तथा कम्पनी की वेबसाइट **(www.sidhgroup.in)** पर उपलब्ध है।
4. पूर्व अवधि के साथ संबंधित आंकड़े पुनर्व्यवस्थित/पुनरसमूहित किए गए हैं, जहां कहीं उनको चालू अवधि के साथ तुलनीय बनाने हेतु आवश्यक समझा गया है।

कृते एवं हिते निदेशक मंडल
सिद्ध ऑटोमोबाइल्स लिमिटेड
हस्ता./-
(अनिल शर्मा)
प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 02928210

तिथि : 14-02-2023
स्थान : दिल्ली

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादकः विजय प्रकाश सिंह , स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# अब तुगलकाबाद गांव में गरजेगा बुलडोजर

## एएसआई तोड़ेगा एक हजार मकान, सरकार ने पुनर्वास योजना बनाने के दिए निर्देश



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

महरौली के बाद अब दिल्ली विकास प्राधिकरण का बुलडोजर तुगलकाबाद गाँव में चलेगा। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण अपने तोड़फोड़ अभियान के तहत तुगलकाबाद गाँव के एक हजार से ज्यादा घरों पर बुलडोजर चलाने वाली है। इससे इन घरों में रहने वाले हजारों परिवार बेघर हो जायेंगे। इसका तुरंत संज्ञान लेते हुए दिल्ली सरकार ने पीड़िजों के पुनर्वास की योजना तैयार करने के निर्देश दिए है। साथ ही मुख्य सचिव को प्रभावित लोगों के लिए उचित पुनर्वास के लिए जमीन की पहचान करने और एक सप्ताह के भीतर स्थिति रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं।

उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने बुधवार को कहा कि केंद्र सरकार की एजेंसी भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा तुगलकाबाद गाँव में प्रस्तावित डिमोलिशन ड्राइव उस क्षेत्र में लंबे समय तक रहने वाले लोगों पर प्रतिकूल प्रभाव डालेगा।

विशेषकर वहां के बुजुर्गों, बच्चों, महिलाओं और विकलांग लोगों पर इसका बहुत प्रतिकूल असर होगा। ऐसे में दिल्ली सरकार का मानना है कि उचित पुनर्वास के बिना कोई तोड़फोड़ की कार्रवाई नहीं की जानी चाहिए। इस बाबत उपमुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव को निर्देश देते हुए कहा है कि, मुख्य सचिव भूमि-स्वामित्व एजेंसी के साथ सामंजस्य करें, पीड़ितों के पुनर्वास के लिए उनके वर्तमान आवास के नजदीक जमीन के टुकड़े की पहचान करें और उनके लिए एक विस्तृत और उचित पुनर्वास योजना तैयार करें। साथ ही उपमुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव को एक सप्ताह के भीतर स्टेटस रिपोर्ट सौंपने को कहा है।

मालूम हो कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के डिमोलिशन ड्राइव के तहत तुगलकाबाद गाँव के एक हजार से ज्यादा घरों पर बुलडोजर चलने वाला है। इससे इन घरों में रहने वाले हजारों परिवार बेघर हो जायेंगे। इस बाबत पीड़ितों ने उच्च न्यायालय में अपील की है तथा उच्च न्यायालय ने सभी स्टेकहोल्डर एजेंसी को तुगलकाबाद गाँव से डिमोलिशन के कारण विस्थापित हो रहे पीड़ितों के पुनर्वास के लिए उचित योजना बनाने का निर्देश दिया है।



जाकिर नगर की तौबा कॉलोनी में अवैध ढांचों को ध्वस्त करता दिल्ली नगर निगम का बुलडोजर।

### सराय काले खां में रैन बसेरा किया ध्वस्त



नई दिल्ली। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने सराय काले खां में एक रैन बसेरे को बुधवार को नष्ट कर दिया। दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डीयूएसआईबी) के सूत्रों ने बताया कि इलाके में मेट्रो गलियारे का निर्माण प्रस्तावित है और इसी के मद्देनजर ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया की गई। सूत्रों ने कहा, डीयूएसआईबी को दो से तीन सप्ताह पहले इस कार्वाई के बारे में सूचित कर दिया गया था। इलाके में एक मेट्रो गलियारा बनाया जा रहा है, इसी लिए यह फैसला किया गया। सराय काले खां में रैन बसेरे के पास सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। इलाके में पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया और चारों ओर अवरोधक लगाए गए। डीयूएसआईबी के सूत्रों ने कहा, ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया के लिए पुलिस की तैनाती प्रोटोकॉल का हिस्सा है। डीडीए की जमीन पर 2014 को स्थापित किए गए इस रैन बसेरे में 54 लोग रह सकते थे।

### अनधिकृत निर्माण के खिलाफ एमसीडी का भी अभियान शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम ने भी दक्षिणी दिल्ली में अनधिकृत निर्माणों के खिलाफ बड़े पैमाने पर तोड़फोड़ और सीलिंग अभियान शुरू किया है। । अब तक 71 गैर कानूनी निर्माण ध्वस्त किए गए और 41 को सील किया है।

दक्षिणी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सैदुलाजाब, खिडकी एक्सटेंशन, पंचशील विहार, नेब सराय, ग्रेटर कैलाश पार्ट-एक, ग्रेटर कैलाश-पार्ट 2, मालवीय नगर, छतरपुर, फ्रीडम फाइटर एन्क्लेव, और महरौली इत्यादि स्थानों पर ध्वस्तीकरण व सीलिंग की कार्रवाई की है।

दिल्ली नगर निगम के मुताबिक, निगम का भवन विभाग क्षेत्र में नियमित रूप से निगरानी कर बिल्डरों द्वारा किए जा रहे गैर कानूनी निर्माण की पहचान कर रहा है। ऐसे बिल्डरों ने नियम कानून का उल्लंघन कर लोगों को कम कीमत पर घनी आबादी वाले क्षेत्रों में फ्लैटों का लालच दिया। ऐसे गैर कानूनी निर्माण को हतोत्साहित करने के मकसद से विभाग द्वारा बड़े पैमाने पर तोड़-फोड़ की कार्रवाई की जा रही है।

कुछ अवसर पर निगम के दस्ते को भवनों के मालिकों के भारी विरोध का सामना भी करना पड़ा। लेकिन ध्वस्तीकरण दस्ते ने इन सभी बाधाओं की परवाह न करते हुए सफलता से इस कार्रवाई को पूरा किया। दिल्ली नगर निगम आने वाले समय में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई में तेजी लायेगा। सभी निर्माण कार्यों को मास्टर प्लान 2021 एवं एकीकृत भवन निर्माण उपनियम 2016 के अनुरूप सुनिश्चित करना है।

# निक्की हत्याकांड : आरोपी साहिल पांच दिन की पुलिस हिरासत में

- आरोपी के मोबाइल की लोकेशन जांच कर उसके बयान से मिलान किया जाएगा





पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

निक्की यादव हत्याकांड के मुख्य आरोपी साहिल गहलोत को पुलिस ने बुधवार को द्वारका कोर्ट में पेश किया जहां से अदालत ने उसे 5 दिन की पुलिस रिमांड पर भेजने का आदेश दिया। पुलिस ने न्यायालय को बताया कि आरोपी के मोबाइल की लोकेशन जांच कर उसके बयान से मिलान किया जाएगा।

इसके अलावा पीड़ित परिवार से भी पूछताछ की जाएगी, यदि उनके तरफ से कोई शिकायत देना चाहते हैं तो उनकी शिकायत के आधार पर भी मुकदमा दर्ज किया जाएगा। अब उसे दोबारा 19 फरवरी को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट अर्चना बेनीवाल ने आरोपी को पूछताछ के लिए पांच दिनों तक दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा की हिरासत में भेज दिया ताकि हत्या के सटीक दृश्य और कथित अपराध के बाद उसकी कार्वाई का पता लगाया जा सके।

अदालत ने पुलिस की अर्जी पर यह आदेश दिया। रिमांड पर लेने की अपनी अर्जी में पुलिस ने कहा कि उसे आरोपी को उन स्थानों पर ले जाने की जरूरत है जहां वह पीडि़ता के साथ गया था। उसने कहा कि जांचकर्ताओं की मंशा अपराध से संबंधित स्थानों पर तलाशी करके सबूत एकत्र करने की है। वहीं यादव के दोस्तों से भी पुलिस जानकारी ली रही है ताकि सबूत इकट्ठा हो सके।

### हत्या से पहले अपने घर की सीढ़ियां चढ़ती दिखी पीड़िता

**नई दिल्ली।** निक्की यादव की हत्या से पहले का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। निक्की की हत्या से कुछ घंटे पहले 9 फरवरी का यह वीडियो है। जिसमें वह उत्तम नगर स्थित अपने किराए के घर में सीढ़ियां चढ़ती नजर आ रही है। पुलिस ने बुधवार को निक्की यादव के उत्तम नगर स्थित घर में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज को निकाला तो पता चला कि पीड़िता आरोपी साहिल द्वारा हत्या किए जाने से घंटों पहले छोटे-मोटे काम कर रही थी। यह फुटेज नौ फरवरी की है, जिस दिन साहिल गहलोत की सगाई थी। यादव ने कथित रूप से गहलोत से मिलने के लिए फोन किया और शादी करने के उसके फैसले पर अपनी नाखुशी जताई। पहले फुटेज में, जो दोपहर एक बजकर 10 मिनट का है, दिखाया गया है कि निक्की कपड़े लेकर ऊपर अपने किराए के घर में जा रही है। दूसरे फुटेज में, जो रात नौ बजकर 27 मिनट का है, में दिखाया गया कि वह परिसर छोड़ने से पहले अपने किराए के मकान से झांक रही है। वह एक मिनट के अंदर लौटती दिखती है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, पुलिस सबूत एकत्र करने के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाल रहे हैं ताकि हत्या के दिन की घटनाओं की कड़ियों को जोड़ा जा सका। छानबीन में पता चला है कि आरोपी अपनी कार से पीड़िता के घर गया और उसे वहां से लेकर चला गया। लेकिन निक्की उस पर शादी नहीं करने का दबाव बनाती रहीं। निक्की ने उसके साथ गोवा जाने की योजना पहले ही बना ली थी और नौ फरवरी की तारीख का टिकट बुक करा रखा था।

### पिता ने की फांसी की मांग

नक्की के पिता ने साहिल को फांसी देने की मांग की है। वहीं दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने घटना को भयानक करार दिया है। मालीवाल ने बुधवार को ट्वीट कर कहा कि कुछ महीने पहले दिल दहलाने वाले श्रद्धा (वालकर) हत्याकांड ने इंसानियत को झकझोर दिया था। अब निक्की यादव को उसके बॉयफ्रेंड ने मार डाला। आखिर कब तक लड़कियाँ ऐसे ही मरती रहेंगी।

# सभी जेलों में लगेंगे आधुनिक जैमर तकनीक परखने को बनी समिति



- डीजी जेल की अध्यक्षता वाली समिति में आईआईटी मद्रास, आईआईएससी बेंगलूरू, डीआरडीओ के वैज्ञानिक व एसपीजी अधिकारी होंगे कमेटी में सदस्य

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली की जेलों में आधुनिक जैमर लगेंगे। इसके लिए दुनियाभर में मौजूद सबसे बेहतरीन तकनीकी का इस्तेमाल किया जाएगा।

जैमर सिस्टम का अध्ययन करने के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को कमेटी के गठन को मंजूरी दे दी। डीजी जेल की अध्यक्षता में आईआईटी मद्रास, आईआईएससी बंगलूरू के प्रोफेसर, डीआरडीओ के वैज्ञानिक, सी डॉट के कर्मचार्मरी, आईबी और एसपीजी के अधिकारी कमेटी में सदस्य होंगे। यह कमेटी दिल्ली सरकार को जेलों में 5 जी समेत पूरी जैमर व्यवस्था लागू करने की तकनीक सुझाएगी।

राष्ट्रीय राजधानी की जेलों में जैमर व्यवस्था को मजबूतबू करने के लिए उच्च स्तरीय तकनीकी समिति के गठन के लिए कारागार विभाग से प्रस्ताव प्राप्त भेजा गया था। दिल्ली सरकार को भेजे गए प्रस्ताव में कहा गया कि डीजी (कारागार) की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय तकनीकी समिति का गठन किया जा सकता है। यह कमेटी जैमर का समाधान तलाशेगी और उनका परीक्षण करेगी।

इसके जरिए पता लगाया जाएगा कि नई तकनीक जेल परिसर में कॉल, एसएमएस और डेटा सेवाओं को ब्लॉक करने में कितनी प्रभावी है। इसके बाद मुख्यमंत्री ने कमेटी के गठन को मंजूरी दी। यह कमेटी 5जी नेटवर्क को ब्लॉक करने के लिए तकनीकी का अध्ययन करेगी और समाधान बताएगी।

इस दस सदस्यीय कमेटी के अध्यक्ष डीजी जेल होंगे। इसके अलावा कमेटी में आईआईएससी बैंगलुरू प्रो. ए चौकालिंगम, सी-डॉट जॉइंट वायरलेस सुखपाल सिंह, आईआईटी मद्रास प्रो. देवेंद्र जलिहाल, डीआरडीओ वैज्ञानिक मनीष कुमार, सी-डॉट ग्रुप लीडर ब्लूमैक्स स्टीफन, सी-डॉट ग्रुप लीडर देवदास बी, सी-डॉट टीम लीडर संदीप अग्रवाल, आईबी जॉइंट डेप्युटी डायरेक्टर एकेपी पांड्या, एसपीजी एसएसओ टेक संतोष कुमार कमेटी में शामिल हैं।

### कमेटी के ये होंगे प्रमुख कार्य

*मौजूदा मोबाइल नेटवर्क का अध्ययन करना और जेलों के अंदर अनधिकृत मोबाइल संचार को रोकने के लिए तकनीक का निर्धारण करना। तकनीकी अध्ययन के आधार पर जेलों में मोबाइल नेटवर्क प्रतिबंधित करने के लिए समाधान की सिफारिश करना। 5जी मोबाइल नेटवर्क के लिए समाधान तलाशना। जेल के आसपास स्थापित बीटीएस टावरों के लिए तकनीकी दिशानिर्देश प्रस्तावित करना।*

### सीबीएसई परीक्षा का पहला दिन



फोटो: रंजन डिमरी

# आबकारी मामले में सीबीआई ने सत्येंद्र जैन से तिहाड़ जेल में की पूछताछ

- धन शोधन के एक मामले में बंद है जैन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली के मंत्री सत्येंद्र जैन से दिल्ली आबकारी नीति घोटाले के सिलसिले में यहां तिहाड़ जेल में पूछताछ की।

सत्येंद्र जैन के अधिवक्ता ने बताया कि जांच एजेंसी ने इस संबंध में पिछले शुक्रवार को विशेष न्यायाधीश एमके नागपाल के समक्ष एक आवेदन दिया था और उसे अनुमति दे दी गई। अधिवक्ता मोहम्मद इरशाद ने बताया कि अदालत के आदेश के बाद सीबीआई ने सोमवार को नेता से पूछताछ की। जैन फिलहाल प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज धन शोधन के एक मामले में तिहाड़ जेल में बंद हैं।

हालांकि, वह आबकारी घोटाला मामले में आरोपी नहीं है। अधिवक्ता ने बताया कि सीबीआई ने आम आदमी पार्टी (आप) के संचार प्रभारी विजय नायर से भी पूछताछ की। नायर आबकारी नीति-धन शोधन मामले में तिहाड़ जेल में बंद हैं।

### बीबीसी पर आयकर सर्वे की मुख्यमंत्री ने की आलोचना

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और उसकी स्वतंत्रता पर हमला जनता की आवाज दबाने के बराबर है।

केजरीवाल की यह प्रतिक्रिया आयकर विभाग द्वारा कथित कर अपवंचना की जांच के तहत दिल्ली और मुंबई में बीबीसी के कार्यालयों तथा दो अन्य संबंधित स्थानों पर मंगलवार को सर्वे ऑपरेशन शुरू किए जाने के एक बाद आई है। केजरीवाल ने एक ट्वीट में कहा, मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ है। मीडिया की स्वतंत्रता पर हमला जनता की आवाज दबाने के बराबर है। जो भी भाजपा के खिलाफ बोलता है उसके पीछे ये लोग लग जाते है।

# स्थानांतरित किए जाएंगे पर्यावरण निगरानी स्टेशन

- राजधानी में कुल 50 स्टेशन स्थापित, इनमें से 24 का संचालन कर रही दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति

संजय राय। नई दिल्ली

दिल्ली सरकार राजधानी में वायु प्रदूषण की स्थिति की वास्तविक तस्वीर उपलब्ध कराने के लिए अपने कुछ वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशनों (सीएएक्यूएमएस) को स्थानांतरित करने पर विचार कर रही है।

सरकार को उम्मीद है कि ऐसा करके प्रदूषण के स्त्रोतों तक बेहतर ढंग से पहुंचने में और मदद मिलेगी। दिल्ली में कुल 50 वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशन 10 मैनुअल और 40 रियल-टाइम हैं। ये दिल्ली के 1,484 वर्ग किमी क्षेत्रफल को कवर करते हैं। इनमें से कुछ मौसम विभाग, कुछ सफर इंडिया और कुछ केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अधीन हैं। 24 निगरानी स्टेशनों का संचालन दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) करती है। पर्यावरण विभाग के अधिकारियों ने कहा कि कुछ सीएएक्यूएमएस भारी यातायात प्रवाह वाले क्षेत्रों में, बस स्टैंड या प्रमुख निर्माण स्थल के बगल में स्थित हैं। इसका अर्थ है कि वे लगातार उच्च रीडिंग की रिपोर्ट करते हैं। लेकिन यह वास्तविक तस्वीर भी नहीं है क्योंकि पूरे शहर में ऐसी स्थिति नहीं है। लिहाजा कुछ सीएएक्यूएमएस को तटस्थ स्थानों पर स्थानांतरित करने का प्रयास किया जाएगा।



नए स्थानों की पहचान करने के लिए भी एक अध्ययन किया जाएगा। अधिकारियों ने आनंद विहार सीएएक्यूएमएस का उदाहरण देते हुए बताया कि यह निगरानी स्टेशन क्षेत्रीय रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) परियोजना के ठीक बीच में स्थित है। दूसरी तरफ नजफगढ़ जैसे बड़े क्षेत्र में केवल एक सीएएक्यूएमएस है। अधिकारी ने कहा कि कुछ स्टेशनों को स्थानांतरित करने के बाद औद्योगिक, आवासीय या कृषि सभी क्षेत्रों का दिल्ली की वायु गुणवत्ता में उचित प्रतिनिधित्व होगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कोई नया स्टेशन नहीं जोड़ा जाएगा।

# गुणवत्ता बनी रहे और यमुना साफ भी हो जाए : उपराज्यपाल

- एलजी ने यमुना नदी की सफाई को लेकर समिति को दिए दिशानिर्देश



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने गुणवता से समझौता किए बगैर तय समय में यमुना नदी का कायाकल्प करने का अधिकारियों को आदेश दिया है। साथ ही इस दिशा में तय लक्ष्यों को भी समय-सीमा पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

इस आशय की जानकारी उन्होंने उन्होंने ट्वीट करके दी। उपराज्यपाल ने यमुना नदी की सफाई को लेकर राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण द्वारा गठित उच्च स्तरीय समिति की दूसरी बैठक ली। इस बैठक में मुख्य सचिव, बाढं एवं सिंचाई विभाग, वन एवं पर्यावरण, कृषि और वित्त विभागों के सचिव, केंद्रीय कृषि, पर्यावरण और जल शक्ति मंत्रालयों के सचिव, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के महानिदेश सहित अन्य हितधारक भी शामिल रहे। दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति ने एक प्रेजेंटेशन भी दिया।

एलजी की अध्यक्षता में एनजीटी ने गत नौ जनवरी को उच्च स्तरीय समिति का गठन किया था। राजनिवास में हुई इस बैठक में 20 नजवरी को हुई समिति को पहली बैठक में लिए गए निर्णयों की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

उपराज्यपाल ने अधिकारियों से कहा कि यमुना नदी में गिरने वाले नालों की सफाई, सीवर लाइन से गाद निकालने, एसटीपी के निर्माण आदि के लक्ष्यों को निर्धारित समय सीमा से पहले पूरा करना सुनिश्चित करें। उन्होंने गुणवता से समझौता किए यमुना नदी के सभी कार्यों को पूरा करने पर भी जोर दिया। यमुना नदी के मुख्य प्रदूषक नजफगढ़ नाले में बहते नालों से गाद निकालने और अब तक के कार्यों पर संतोष जताया और शाहदरा नाले में इसी तरह के प्रयास दौहराने के लिए कहा।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि हाथ में लिया गया कार्य कठिन है, लेनिक मुश्किल नहीं है। तय समय-सीमा को बढ़ाए बिना मिशन मोड में कामों के कार्यान्वनय को सुनश्चित करने के लिए उन्हें प्रेरित भी किया। साथ ही कहा कि अधिकारियों की ओर से किसी भी तरह की कमी को स्वीकार नहीं किया जाएगा।मालूम हो कि यमुना को प्रदूषण मुक्त करने के लिए बनी उच्च स्तरीय समिति की पहली बैठक में यमुना नदी सफाई के लिए संबंधित विभागों में आठ मानकों पर छह महीने की कार्य योजना तैयार करने पर सहमति बनाई गई थी।

### यमुना डूब क्षेत्र की सफाई के लिए अभियान आज से

***नई दिल्ली।*** *उपराज्यपाल वी के सक्सेना बृहस्पतिवार को यमुना के बाढ़ संभावित क्षेत्रों में सफाई के लिए एक गहन अभियान की शुरुआत करेंगे जिसमें प्रादेशिक सेना के कर्मी शामिल होंगे। एलजी ने सफाई से संबंधित एजेंसियों को निर्देश दिया है कि अगले छह महीने में यमुना के पानी की गुणवत्ता में आमूल-चूल परिवर्तन दिखना चाहिए। राज निवास के अनुसार, प्रादेशिक सेना की 94 सदस्यीय कंपनी तैयार की जाएगी जो नदी को प्रदूषित करने वाले नालों पर नजर रखेगी। एनजीटी ने यमुना की सफाई के अपने आदेश के क्रियान्वयन पर निगरानी के लिए जनवरी में एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया था जिसके प्रमुख एलजी हैं। यमुना और उसके बाढ़ क्षेत्रों में सफाई एवं पुनरुद्धार कार्य ने पिछले एक महीने में रफ्तार पकड़ी है।*

# एलजी ने भारत वंदना पार्क और टीओडी हब कार्यों की समीक्षा की

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उपराज्यपाल ने बुधवार को भारत वंदना पार्क और पूर्वी दिल्ली के टीओडी परियोजना की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को सभी काम को तय समय में पूरा करने और गुणवत्ता से समझौता नहीं करने का निर्देश दिया।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को विभिन्न विभागों के साथ तालमेल से काम करने की सलाह दी। कुछ दिनों बाद जब आप आनंद विहार, कड़कड़डूमा मेट्रो के बीच से गुजरेंगे तो नजारा पूरा बदला-बदला दिखेगा। दिल्ली का पहला परिवहन उन्मुख विकास (ट्रांसपोर्ट ओरयंटेड डेवेलपमेंट परियोजना पूर्वी दिल्ली के आनंद विहार और कड़कड़डूमा में प्रमुख दिल्ली मेट्रो इंटरचेंज सुविधाओं के निकट बनने को तैयार है। दिल्ली की पहली टीओडी परियोजना 60 एकड़ की जगह पर कड़कड़डूमा और आनंद विहार इंटरचेंज स्टेशनों के पास तैयार होगी।

योजना में 30 आवासीय और कॉमर्सियल इमारतों का निर्माण शामिल है जिसमें सबसे ऊंची इमारत 48 मंजिला या 161 मीटर ऊंची है। परियोजना के पहले चरण में कड़कड़डूमा के ब्लू और पिंक लाइन कॉरिडोर के पास चार टावर आएंगे।

प्राधिकरण ने सार्वजनिक परिवहन का उपयोग, पैदल चलने, साइकिल चलाने और उपयोग को बढ़ावा देने की नीति के साथ तैयार की हैं। यहां पर जो इमारतें होगी वो मेट्रो स्टेशनों से नजदीक होंगी।

# बारबेट कॉम्पलेक्स के लिए जंगल सफारी बन सकती है संजीवनी

एन. रोहिल्ला। सोहना

**अरावली** पहाड़ी की गोद में बना हरियाणा टूरिज्म निगम का बारबेट कॉम्पलेक्स के लिए जंगल सफारी संजीवनी बनने के आसार प्रबल होने लगे है। वर्तमान में बारबेट कॉम्पलेक्स का कारोबार जीरो स्तर पर है। जिसके कारण यहा लगे छोटे कर्मचारी से लेकर बड़े अधिकारी का वेतन निकालना भी मुश्किल हो रहा है।

तावडू जाने वाले मार्ग की घाटी में अरावली पहाड़ी की गोद में बने हरियाणा टूरिज्म निगम का बारबेट कॉम्पलेक्स अपनी करीब 60 वर्ष की उम्र में पहली बार कारोबार के क्षेत्र में भारी आर्थिक स्थिति के दौर से गुजर रहा है। वैसे तो 2005 तक बारबेट कॉम्पलेक्स का कारोबार पूरी चरम सीमा पर था। लेकिन 2005 के बाद से यहा का कारोबार गिरावट की ओर चल पड़ा और बीते 17 वर्षों में आज यहां तैनात कॉम्पलेक्स प्रबंधक समेत 11 कर्मचारियों का हर माह वेतन की पूर्ति नहीं हो पा रही है। जिन्हे दो से तीन माह तक अपना वेतन लेने का इंतजार करना पड़ रहा है।







सोहना से लगती अरावली पहाड़ी पर बना हरियाणा टूरिज्म निगम का बारबेट कॉम्पलेक्स।

### कारोबार गिरावट के यह रहे कारण

**बारबेट** कॉम्पलेक्स के कारोबार को गिरावट की और धकलने के मुख्य रुप से तीन कारण रहे हैं। पहला कारण घाटी में आए दिन लगने वाला जाम रहा है। घाटी का जाम 10 से लेकर 24 घंटा लगातार रहने से पर्यटकों की संख्या कम होती चली गई। कॉम्पलेक्स से सर्दी के मौसम में जनवरी माह में होने वाली विंटेज कार रैली वर्ष 2006 के बाद से बंद होना। कॉम्पलेक्स परिसर में उत्पाती बंदरों का आतंक से भयभीत पर्यटकों को अन्य पर्यटन स्थलों पर जाने के लिए मजबूर कर दिया।

### 1972 में सुर्खियां में आया था कॉम्पलेक्स

**हरियाणा** टूरिज्म कॉम्पलेक्स पहली बार 1972 में प्रदेश ही नहीं देश के अंदर सुर्खियां में छा गया था। जब जितेन्द्र और रेखा ने एक साथ मेंहदी रंग लाएगी फिल्म के गाने पर एक साथ शूट करके जमकर ठुमके लगाए थे। उसके बाद से कॉम्पलेक्स का कारोबार तेजी से बढ़ता चला गया था।

> “ **वर्तमान** में स्थानीय कॉम्पलेक्स के कारोबार को विकसित करने की एक उम्मीद बची है। वह अरावली पहाड़ी में बनने वाली जंगल सफारी। जंगल सफारी में घूमने आने वाले पर्यटक यहां आना शुरु होंगे। जिसके लिए 2025 तक का इंतजार करना बाकी है। जंगल सफारी ही इस कॉम्पलेक्स के लिए संजीवनी बनकर आएगी।
> (सुनील शर्मा-प्रबंधक बारबेट कॉम्पलेक्स)

# भावी पीढ़ी को शिक्षा, संस्कार, सुविचारों से पोषित करना हमारी जिम्मेदारी

## भगवती विद्या मंदिर में बोधराज सीकरी ने बच्चों को बांटा ज्ञान

### बोले, माता-पिता की पूजा कर 14 फरवरी को मनाया जाए मातृ-पितृ दिवस

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**हरियाणा** सीएसआर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष एवं सामाजिक चिंतक बोधराज बोधराज सीकरी ने बच्चों को श्री राम के जीवन से प्रेरणा लेकर एक अच्छा इंसान बनने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि माता-पिता से बड़ा कोई नहीं है। उन्होंने अपने वक्तव्य में संस्कारों और चरित्र निर्माण पर बल दिया। यह बात उन्होंने मदनपुरी स्थित भगवती विद्या मंदिर स्कूल में 14 फरवरी को माता-पिता पूजन दिवस मनाने के दौरान कही। साथ ही कहा कि हर साल इस तारीख पर माता-पिता दिवस मनाकर शिक्षण संस्थान बच्चों में अच्छे संस्कारों का समावेश करें।

उन्होंने कहा कि योग्यता में, धन में, पूजा अर्चना में, ताकत में, आयु में रावण राम से आगे था, परन्तु हार फिर भी रावण की हुई। क्योंकि राम चरित्रवान थे। रावण ने पर स्त्री का अपहरण किया और राम ने मंदोदरी को मां कहकर पुकारा। बोधराज सीकरी के अनुसार यदि वैलेंटाइन डे प्रेम का दिन है तो प्रेम एक ही दिन क्यों। प्रेम तो रोज-रोज करना चाहिए। आज के दिन को बलिदान दिवस या काला दिन के रूप में मनाना चाहिये, जिस दिन 44 वीर सिपाही शहीद हुए थे।



गुरुग्राम के भगवती विद्या मंदिर में मातृ-पितृ दिवस मनाने के दौरान मुख्य अतिथि बोधराज सीकरी का स्वागत करते शिक्षक।

प्रभारी मंजू शर्मा ने कहा कि माता-पिता का सम्मान करें, यही वैलेंटाइन है। ज्योत्सना बजाज ने भी कहा कि बच्चों को अपने माता-पिता का सम्मान करना ही उनका असली पूजन है। स्कूल इंचार्ज ऊष्मा सचदेवा ने और श्रवण आहूजा प्रधान मैनेजमेंट

### 14 फरवरी को ही 44 वीर सिपाही हुए थे शहीद

ने मिलकर सभी अतिथियों का स्वागत-अभिनंदन करते हुए कहा कि विद्यालय में बच्चों को भारतीय संस्कृति और परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। प्रधान श्रवण आहूजा ने अतिथियों को माला पहनाकर, स्मृति चिन्ह तथा पौधा भेंट कर सम्मानित किया। भारतीय संस्कृति का प्रचार-प्रसार करते हुए पूजन कार्यक्रम मुन्ना, सुनीता, भारती, ममता तथा ऋतु ने संपन्न करवाया। इस कार्यक्रम में 30 बच्चों की माताओं की उपस्थिति रही। इस अवसर पर ज्योति, आशा, दिव्या, सारिका, आशा, मीनाक्षी, ज्योति, बबीता के साथ धर्मेंद्र बजाज, समाजसेविका ज्योत्सना, मंजू शर्मा प्रभारी, महिला पतंजलि योग समिति गुरुग्राम से योग शिक्षिका अजंता जैन, उमेश ग्रोवर कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# हम सबकी सजगता से सुधरेगा बिगड़ा पर्यावरण



फिरोजगांधी कालोनी में चाय पर चर्चा बैठक में लोगों से मिलते नवीन गोयल।

**गुरुग्राम।** स्वच्छ पर्यावरण बनाकर, स्वच्छता रखकर अपने शहर को स्वच्छता सर्वेक्षण-2023 में टॉप10 की सूची में लाने के लिए प्रयासरत पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने फिरोजगांधी कालोनी में लोगों के साथ चाय पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कपड़े के थैले भी वितरित किए, ताकि लोग सिंगल यूज प्लास्टिक को छोड़कर पर्यावरण सुधारने में अपना सहयोग दें।

नवीन गोयल ने कहा कि हमारा लक्ष्य गुरुग्राम को स्वच्छता के मामले में टॉप10 शहरों में लेकर आना है, जिसमें हर एक गुरुग्राम वासी की भागीदारी जरूरी है। हमें इस कार्य के लिए सजग रहना होगा। हमारी सजगता ही हमारे बिगड़े पर्यावरण को सुधार सकती है। उन्होंने कहा कि यह जरूरी है कि हम अपने आसपास सफाई पर पूरा ध्यान दें। अपने घर के साथ बाकी जगहों पर भी गंदगी ना फैलाकर हम इस अभियान के भागीदार बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि घर से निकली गंदगी को नगर निगम द्वारा निर्धारित स्थानों पर ही डालें। इधर-उधर गंदगी फेंककर हम सुंदरता को भी खराब करते हैं और पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचाते हैं। ऐसे कार्य से बीमारियों को भी न्यौता मिलता है। नवीन गोयल ने कहा हर व्यक्ति को अपने शहर को साफ रखने के लिए नैतिक कर्तव्य समझना चाहिए। जब गुरुग्राम का हर नागरिक इस कर्तव्य का निर्वहन करने लग जाएगा।

# मजदूर का बेटा डॉक्टर बनकर युवाओं के लिए बना प्रेरणा का स्त्रोत

**सोहना।** खंड के गांव लोहसिंघानी के ग्रामीणों ने एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी करके लौटे युवक को पलकों पर बैठाया। एमबीबीएस डिग्री प्राप्त करने वाला रोहन युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बना। एमबीबीएस की पढ़ाई करके गुरुवार को अपने पैतृक गांव लौटे रोहन का ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया।



सोहना के गांव लोहसिंघानी में एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त करके लौटा युवक रोहन का जोरदार स्वागत करते हुए ग्रामीण।

रोहन के पिता हाइड्रा मशीन के मैकेनिक हैं। रोहन अपने तीन भाइयों में सबसे बड़ा है। रोहन के पिता नरेन्द्र ने बताया कि उसके दो बेटों ने दस जमा दो की शिक्षा ही प्राप्त की है। लेकिन रोहन डॉक्टर बनने का सामना बचपन से ही बनने की इच्छा रखे हुए था। वह बचपन में भी बच्चों के बीच खेलते कूदते हुए डॉक्टर बनकर ही खेलता था। रोहन के शिक्षक देवदत्त ने बताया कि रोहन की यह उपलब्धि समाज में युवाओं के लिए प्रेरणा के स्त्रोत है। वैसे तो गांव में सब इंस्पेक्टर के पद पर भी युवकों की नौकरी लगी है लेकिन डॉक्टर की डिग्री प्राप्त करने वाला रोहन पहला युवक है। जिसकी शिक्षा और उपलब्धि से प्रेरित होकर युवा शिक्षा प्राप्ती के लिए आकर्षित होंगे। डॉक्टर की डिग्री लेकर पहुंचे रोहन अपने परिजनों से लेकर ग्रामीण और शिक्षकों को प्यार व दुलार पाकर काफी प्रसन्न नजर आया। रोहन ने बताया कि शिक्षा के बिना जीवन व्यर्थ है। शिक्षा वह हथियार है। जिसकी ताकत से जीवन में बडे से भी बड़े संकट को काटा जा सकता है। शिक्षा प्राप्त करने से पूरे परिवार विकसित होता है। समाज के लिए प्रेरणा बनने का लक्ष्य लेकर चलने से युवाओं को अंधकार से उजाले की और जाने का रास्ता दिखता है।

# भारतीय जनता पार्टी एक राष्ट्रवादी राजनीतिक दल

## भाजपा जिलाध्यक्ष गार्गी कक्कड़ के ने किया दो दिवसीय मानेसर प्रवास

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**भाजपा** जिलाध्यक्ष गार्गी कक्कड़ के दो दिवसीय मानेसर प्रवास के दौरान बुधवार को वार्ड नंबर-3 हयातपुर, वार्ड नंबर-4 ढोरका, वार्ड नंबर-5 भांगरोला, वार्ड नंबर-6 अलीयर, वार्ड नंबर-16 रामपुरा में प्रवास कार्यक्रम रहा।

भाजपा जिला मीडिया प्रमुख अजीत यादव ने बताया कि बैठकों के दौरान जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हरियाणा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल की जो सरकार चल रही वह हरियाणा के गरीब शोषित वंचित के लिए कार्य कर रही है। हम सभी कार्यकर्ता सरकार के किए हुए कार्यों को लोगों तक पहुंचाने का काम करें। भाजपा को विश्व की सबसे बड़ी



गुरुग्राम के मानेसर प्रवास के दौरान ग्रामीणों को संबोधित करती भाजपा जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़।

पार्टी होने का गौरव प्राप्त है। उन्होंने कहा कि जिस नीति सिद्धांत के बल पर भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई थी। आज भी वही सिद्धांत एवं विचारधारा कायम है। भाजपा एकात्म मानववाद और अंतोदय के संदेश का वाहक है। मोदी मनोहर के राज में केंद्र एवं राज्य सरकार की बहुत सी जन अभिनव योजनाओं के माध्यम से नए युग की शुरुआत की।

अंतोदय, सुशासन, विकास एवं समृद्धि के रास्ते पर देश और प्रदेश बढ़ चला है, आर्थिक और सामाजिक सुधार सुरक्षित जीवन जीने का मार्ग उपलब्ध करा रहे है। गार्गी कक्कड़ ने कार्यकर्ताओं से चुनाव पर चर्चा करते हुए कहा कि चुनाव लोकतंत्र का महापर्व है।

राजनीति केवल सत्ता प्राप्त करने का साधन नहीं है समाज को अपेक्षित दिशा में प्रगति के पथ पर ले जाना भी उसका कार्य है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को पूरी एकता से संगठित होकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। हम सभी को मिलकर ट्रिपल इंजन की सरकार बनानी है। बैठकों के दौरान जिला महामंत्री महेश यादव कार्टरपुरी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मानेसर मंडल के पालक महेश चौहान, मानेसर मंडल के प्रभारी मनोज शर्मा, मंडल के अध्यक्ष देवेंद्र यादव, जिला के विस्तारक सत्यवीर गांधी, जिला सह-मीडिया प्रभारी नीरज यादव, जिला सचिव जितेंद्र चौहान सहित प्रमुख कार्यकर्ता एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# रेडमी डिवाइसेज पर आपके नजदीकी मी होम पर मिल रहे हैं आकर्षक ऑफर और रेडमी ए1+ पर 1028 रुपये की बंडल्ड डील्स मुफ्त

## रेडमी ए1+ पर सीमित अवधि का यह ऑफर 28 फरवरी, 2023 तक आपके नजदीकी मी होम और मी रिटेल पार्टनर्स पर उपलब्ध रहेगा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**देश** में अग्रणी स्मार्टफोन ब्रांड, शाओमी इंडिया ने आज बजट सेगमेंट में अपनी सबसे लोकप्रिय डिवाइस रेडमी ए1+ पर नए आकर्षक ऑफर्स की घोषणा की। रेडमी फैंस की खुशी बढ़ाते हुए रेडमी ए1+ 1028 रुपये की फ्री बंडल्ड प्रस्तुति के साथ आएगा, जिसमें हर खरीद पर 429 रुपये के मी ईयरफोन और 599 रुपये मूल्य की 1 साल की एक्सटेंडेड वॉरंटी है। यह सीमित अवधि का ऑफर 28 फरवरी, 2023 तक लागू रहेगा, और उपभोक्ता इन बेनेफिट्स का फायदा केवल अपने नजदीकी मी होम और मी रिटेल पार्टनर्स से यह डिवाइस खरीदकर प्राप्त कर सकेंगे।

रेडमी ए1+ का 2जीबी/32जीबी के लिए 7499 रुपये और 3जीबी/32जीबी के लिए 8499 रुपये मूल्य का वैरिएंट ऑफलाइन खरीदी जाने वाली हर डिवाइस के साथ 1028 रुपये के फ्री बंडल्ड ऑफर्स के साथ उपलब्ध है।



फीचर फोन से स्मार्टफोन में यूजर्स का परिवर्तन आसान बनाने के लिए यह डिवाइस पहली बार के स्मार्टफोन यूजर्स को सेवाएं देती है, और इसमें अनेक पॉवरपैक्ड फीचर्स हैं। इसमें 5000 एमएएच की शक्तिशाली बैटरी काफी लंबे समय तक चलती है, फोन की क्विक अनलॉकिंग के लिए रियर फिंगरप्रिंट सेंसर है। स्लीक लैदर टैक्सचर्ड बैक फिंगरप्रिंट के दाग नहीं पड़ने देता। इसमें 120 हर्ट्ज टच सैंपलिंग रेट के साथ एचडी+ डिस्प्ले है, जो व्यूइंग का बेहतरीन अनुभव प्रदान करता है। 8 मेगापिक्सल के ड्युअल कैमरा सेटअप के साथ यूजर्स विविड, क्रिस्प एवं क्लियर फोटोग्राफ ले सकते हैं। फ्रंट का 5 मेगापिक्सल का कैमरा बहुत खूबसूरत सेल्फी प्रदान करता है। यूजर को सर्वश्रेष्ठ अनुभव प्रदान करने के लिए रेडमी ए1+ में पॉवर-एफिशियंट मीडियाटेक हीलियो ए22 प्रोसेसर है। 650 से ज्यादा शहरों में 19000 से ज्यादा सर्विसेबल पिन कोड्स और 2000 से ज्यादा सर्विस सेंटर्स के साथ शाओमी इंडिया यूजर्स को पूरा कवरेज प्रदान कर रहा है।

# राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घासेड़ा में कराया योग

**नूंह।** आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में हरियाणा योग आयोग एवं आयुष विभाग द्वारा 7500000 लाख सूर्य नमस्कार कार्यक्रम के तहत राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घासेड़ा में योग कराया गया।

योगाचार्य राजेश शास्त्री ने कहा सूर्य नमस्कार शरीर के साथ मानसिक संतुलन और आध्यात्मिक उन्नति में भी काम करता है सूर्य नमस्कार आसनों का समूह है, जो संपूर्ण अंगो का व्यायाम है। जिसमें बहुत से आसन आते है। योग मानव जीवन के सर्वांगीण विकास के लिए है। इस अवसर पर मालब डाइट की प्राचार्य कल्पना ने बताया विद्या धन सबसे बड़ा धन है। विद्या को न राजा छीन सकता है और भाइयों में बांटी जा सकती है। उन्होंने कहा विद्या के द्वारा हम राजा और विद्वान की तुलना नहीं कर सकते राजा अपने देश में पूजा जाता है और विद्वान सभी जगह पूजा जाता है। उन्होंने बेटियों को संबोधित करते हुए कहा की परीक्षाओं की नजदीकी आते हुए अधिक पढ़ाई करनी चाहिए।

# सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड यूनिवर्सिटी) ने शैक्षणिक वर्ष 2023 के लिए 21 अंडर ग्रेजुएट कार्यक्रमों के लिए पंजीकरण आरंभ किया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**सिम्बायोसिस** इंटरनेशनल (डीम्ड यूनिवर्सिटी) (*SIU*) ने 6 और 14 मई, 2023को होने वाली सिम्बायोसिस एंट्रेंस टेस्ट (*SET*) के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा की है। एक से अधिक प्रयासों की सुविधा की वजह से इच्छुक उम्मीदवार प्रबंधन, कानून, इंजीनियरिंग, जनसंचार, अर्थशास्त्र, उदार कला, आईटी और कंप्यूटर अनुप्रयोग, अनुप्रयुक्त सांख्यिकी और डेटा विज्ञान में स्नातक कार्यक्रमों की पेशकश करने वाले *SI* के तहत 16 संस्थानों में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं।

डॉ. रजनी गुप्ते, कुलपति-सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड यूनिवर्सिटी) ने कहा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 हमारे देश के शैक्षिक

### 6 और 14 मई, 2023 को होगी सिम्बायोसिस एंट्रेंस टेस्ट

परिदृश्य में एक परिवर्तनकारी बदलाव का प्रतीक है। यह एक दूरदर्शी नीति है जो हमें विकास, लचीलेपन और नए युग की शिक्षा में नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी। सिम्बायोसिस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में, हम पहले से ही *NEP* 2020 द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के साथ संरेखित करने के लिए विभिन्न पहलों को लागू कर रहे हैं। हमारे विभिन्न कार्यक्रमों को हमारे छात्रों को एक समग्र और बहु-विषयक शिक्षा प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है, यह सुनिश्चित करते हुए कि वे कौशल और ज्ञान से सुसज्जित हैं। जो तेजी से विकसित हो रहे जॉब मार्केट में सफल होने के लिए आवश्यक है।

# संक्षिप्त समाचार

## दिल्ली-वडोदरा राष्ट्रीय मार्ग पर गुरुवार से दौड़ने लगे वाहन



दिल्ली-बडोदरा राष्ट्रीय मार्ग पर फर्राटा भरते वाहन।

**सोहना।** दिल्ली-बडोदरा एक्सप्रेसवे पर वाहनों ने गुरुवार सुबह 8 बजे से दौसा तक फर्राटे भरने शुरू कर दिए हैं। हालांकि इस हाइवे पर 95 फीसदी वाहन चार पहिया ही नजर आए जबकि भारी वाहन महज 5 फीसदी ही चले। एनएचआई ने दिल्ली से वडोदरा राष्ट्रीय मार्ग को गुरुवार सुबह 8 बजे से वाहनों के आवागमन के लिए पूरी तरह से खोल दिया। गुरुवार को दिल्ली से राजस्थान की राजधानी जयपुर, दौसा, अलवर जैसे शहरों तक वाहन चले। इसके अलावा आगरा, मथुरा, पलवल के बीच चलने वाले वाहन भी दौड़े। एक्सप्रेसवे मार्ग पर गुरुवार को चलने वाले वाहनों में मुख्य रूप से चार पहिया वाहनों की संख्या 90 से 95 फीसदी थी। जबकि 5 फीसदी भारी वाहन ही चले। छोटे वाहन चालकों में एक्सप्रेस वे मार्ग के साथ लगते गांव और शहरों के नागरिकों की संख्या 50 से 60 फीसदी रही। जिनमें गुरुग्राम से पलवल, मथुरा और आगरा के बीच रोजाना सफर करने वाले शामिल थे। राष्ट्रीय राजमार्ग के बीच बना डिवाइडर रंग बिरंगे फूल तथा साल भरे हरेभरे रहने वाले पौधों से सुसज्जित रहेगा। डिवाइडर के बीच में फूल व हरियाली देने वाले पौधों को रौपने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। जिनकी ऊंचाई 3 से 5 फुट तक है।

## सोहना में तावडू मार्ग का नए सिरे से निर्माण कार्य शुरू

**सोहना।** पिछले करीब दो माह से उड़ती धूल, गड्ढों के कारण जर्जर हालत के कारण विवादों में रहे तावडू-सोहना मार्ग का निर्माण कार्य बुधवार को हवन के साथ शुरू हुआ। मार्ग के निर्माण पर 28 करोड़ 15 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। पलवल-सोहना से तावडू जाने वाले मार्ग की जर्जर हालत होने और धूल उड़ने के कारण पिछले करीब दो माह से परेशानी झेल रहे स्थानीय दुकानदार और आम नागरिकों ने बुधवार को उस समय चैन की सांस ली जब बीएंडआर विभाग ने इसका नये सिरे से निर्माण कार्य शुरु कर दिया। इस अवसर पर सोहना विधायक संजय सिंह, परिषद के पूर्व पार्षद लेखराज, नरेश सैनी, मनोज राघव, भाजपा मंडल अध्यक्ष गौरव चुघ समेत बीएंडआर विभाग के एसडीओ अजीत सिंह ने यज्ञ में भाग लिया। एसडीओ अजीत सिंह ने बताया कि मौसम में नमी होने के कारण सड़क का निर्माण कार्य शुरू करने में देर हो रही है। तारकोल वाला काला रोड कम से कम 16 डिग्री तापमान पर बनाया जाता है। उन्होंने बताया कि इसके निर्माण पर 28.15 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। सड़क के साथ गंदे पानी की निकासी के लिए नाला भी तैयार किया जाएगा। विधायक संजय सिंह ने बताया कि प्रदेश सरकार ने सड़कों की खस्ता हालत को सुधारने के आदेश जारी कर दिए है। शहर की सड़कों को जल्द ही ठीक कराया जाएगा।



बुधवार को सोहना विधायक तावडू मार्ग के निर्माण कार्य शुरू करने से पहले किया हवन में भाग लेते हुए।

## मुंबई-दिल्ली एक्सप्रेस वे पर हुआ सड़क हादसा

**सोहना।** दिल्ली-वडोदरा-मुम्बई एक्सप्रेस वे पर सोहना क्षेत्र के गांव लोहटकी के समीप तेज गति से आ रही पिकअप को ट्रैक्टर-ट्रॉली में जोरदार टक्कर हो गई। दुर्घटना के समय पिकअप की गति अनियंत्रित थी। टक्कर से ट्रैक्टर रोड के साइड में लगी लोहे की ग्रिल को तोड़कर पलट गया। ट्रैक्टर-ट्रॉली में ईंटें लदी हुई थीं। मंगलवार रात 11 बजे मुंबई-दिल्ली एक्सप्रेस वे पर सोहना सदर थाना क्षेत्र के गांव लोहटकी में पिकअप और ईंट से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली की इस भिड़ंत में पिकअप का बोनट क्षतिग्रस्त हो गया। अपनी सीट में फंस जाने के कारण पिकअप का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया था। घटना होने पर अलीपुर के समीप बने ट्रैफिक कंट्रोल रूम को खबर दी गई। जिसके बाद सदर थाना पुलिस व रोड सेफ्टी टीम ने मौके पर पहुंचकर गम्भीर रूप से घायल पिकअप चालक को इलाज के लिए सोहना नागरिक अस्पताल पहुंचाया। हालत गंभीर होने के कारण डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार देकर चालक को गुरुग्राम के लिए रेफर कर दिया। दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से भाग निकला। घायल पिकअप चालक की पहचान खुशी राम निवासी बनवारीपुर मेरठ के रूप में हुई है। चालक को काफी गंभीर चोटें पहुंची हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।



## नर्क की जिंदगी जीने को मजबूर हैं गांव सरहौल के निवासी

**गुरुग्राम।** वार्ड-5 के अंतर्गत गांव सरहौल के हाल बदहाल हैं। पांच साल तक नगर निगम पार्षद यहां के हालात सुधार नहीं पाए। निवर्तमान पार्षद के पांच साल के दौरान विकास कार्यों के दावों पर लोग सवाल खड़े कर रहे हैं। आगामी निगम चुनावों की तैयारी में जुटे समाजसेवी अक्षय यादव का कहना है कि वार्ड-5 के अधीन इस गांव के हालात पार्षद सुधार नहीं पाए। वार्ड-5 से आगामी निगम चुनावों में पार्षद का चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे अक्षय यादव जमीनी स्तर पर समस्याओं के बारे में बताते हुए कहा कि यह क्षेत्र का दुर्भाग्य है कि वार्ड से ही गुरुग्राम के पूर्व मेयर की धर्मपत्नी इसी वार्ड की पार्षद रही। बावजूद इसके आज भी वार्ड के लोग पीने के पानी की समस्या को लेकर बेहाल हैं। सरहौल में सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है। कर्मचारी हफ्तों तक कूड़ा उठाने नहीं आते। वार्ड-5 का गांव बीमारियों का घर बन चुका है। लोगों ने भी प्रशासन से यही अपील की है कि जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान किया जाये, ताकि किसी भी बड़ी बीमारी को फैलने से रोका जा सके।



गुरुग्राम के सरहौल गांव में गली में भरा गंदा पानी।

## बाल कैंसर दिवस पर लगाया आयुष चिकित्सा शिविर

**गुरुग्राम।** आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत बुधवार को आयुष विभाग द्वारा अंतराष्ट्रीय बाल कैंसर दिवस पर आयुष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। सेक्टर-23 स्थित शकुंतलम शिक्षण संस्थान में आयोजित इस निःशुल्क शिविर में 93 मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। आयुष विभाग की होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नितिका शर्मा ने बताया हर साल दुनियाभर में तीन लाख बच्चे कैंसर का शिकार होते हैं। ल्यूकेमिया, केंद्रीय तंत्रिका तंत्र के ट्यूमर, न्यूरोब्लास्टोमा, नेफ्रोब्लास्टोमा, मेडुलोब्लास्टोमा और रेटिनोब्लास्टोमा बचपन के कैंसर के सबसे प्रचलित प्रकार हैं। आधुनिक समय में छोटे-छोटे बच्चे कैंसर की चपेट में आ रहे हैं। इनके मुख्य कारण उनकी खराब लाइफ स्टाइल जैसे फिजिकल एक्टिविटी की कमी, लंबे समय तक टीवी और मोबाइल देखना, फास्ट फूड और तीखे खाने का सेवन, फ्रूट और वेजीटेबल्स खाने से परहेज करना हैं। डॉ शर्मा ने बताया कि 0 से 6 माह तक के बच्चों को सिर्फ ब्रेस्ट फीडिंग कराएं।

# बम्बू क्लस्टर हस्तशिल्पी बिक्री न होने से मायूस

कविता। फरीदाबाद

**झारखंड के हस्तशिल्पी बोले पांच साल बाद मेले में आने पर लगी मायूसी हाथ**

**दाम सस्ता करके मेले में 13वें दिन कम दाम में बेचा सामान और लौटे अपने घर**

वर्ष 2018 में जैसी बिक्री हुई थी, उस हिसाब से इस बार न तो अच्छा स्टॉल मिला और न ही यहां बिक्री हुई। इसलिए, उन्हें मायूस होकर लौटना पड़ रहा है। यह बात सूरजकुंड मेले में झारखंड से दूसरी बार आए 1113 नम्बर स्टॉल पर मौजूद हस्तशिल्पी रविन्द्र कच्छप ने कही। वह मेले में बांस से बने घरेलू और कार्यालय इस्तेमाल के सामान लेकर आए थे। इसलिए कम दाम में सामान बेचकर 16 फरवरी को लौट रहे हैं।

**ऐसे सीखा काम :** रविन्द्र ने बताया कि यह काम उन्होंने डायरेक्टर संतोष कुमार से सीखा था। संतोष कुमार नार्थ इस्ट में जॉब के लिए गए थे। जहां संतोष ने देखा कि वृक्ष समाप्त हो रहे हैं। वहीं बांस काटने के बाद भी दोबारा जल्द ही बढ़ जाता है। उन्होंने बांस से कई तरह की चीजे बनाई। उन्होंने कई लोगों को ट्रेनिंग देकर टीम बनाई। फिर झारखंड सरकार से लोन लेकर काम शुरू कर दिया।


सेल के ऑफर के संग मेले में मौजूद हस्तशिल्पी रविन्द्र।

**वर्ष 2018 में अवार्ड :** रविन्द्र ने बताया कि वर्ष 2018 में पहली बार सूरजकुंड में आए थे। उस दौरान उन्हें यहां अवार्ड भी मिला था और बिक्री भी अच्छी हुई थी। लेकिन इस बार स्टॉल उन्हें ऐसे स्थान पर मिला है। जहां लोग नहीं आ रहे है। जिससे बिक्री नहीं हो रही है। ऐसे में वह और उनके संग आए अविन्द्र लौट रहे हैं।

**कम रेट पर बिक्री :** रविन्द्र ने बताया कि वह मेले में जिस उम्मीद से आए थे, वह इस बार 13 दिनों में पूरी नहीं हुई। जिसे देखकर वह सामान को कम दाम में बेचकर वापस लौटने को मजबूर है। बम्बू क्लस्टर के स्टॉल पर सोफा सेट 21500 रुपये का था, उसे 15500 रुपये में बेच रहे हैं। बम्बू से तैयार 250 रुपये का मोबाईल स्पीकर 100 रुपये में बेच रहे हैं। मोबाइल स्टैंड 220 रुपये के बजाय 100 रुपये में, साबुनदानी 100 के बजाय 80 रुपये में, पैन स्टैंड 100 के बजाय 70 रुपये में, कार्ड होल्डर 100 के बजाय 70 रुपये, टैबल सेट जिसमें पैन स्टैंड, स्पीकर, सामान रखने के लिए स्पैस है, उसे 450 के बजाय 300 रुपये का, टेबल लाइट 350 की बजाय 250 रुपये, 350 की टोकरी 250 रुपये में, 250 वाली फूलदानी 180 रुपये में, 900 वाला फ्लोवर पोर्ट 600 रुपये में, लाठी 300 वाली 100 रुपये में बेचने को मजबूर नजर आए।

# व्यवसायी की फैक्ट्री और मकान पर आयकर विभाग ने किया सर्वे

**व्यवसायी के अधिवक्ताओं के घरों में भी की गई जांच पड़ताल**

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद





सेक्टर-24 स्थित एक कंपनी के फरीदाबाद समेत दिल्ली एनसीआर के 25 ठिकानों पर एक साथ आयकर विभाग की टीम ने सर्वे किया। आयकर विभाग की टीम सुबह जल्दी ही कंपनी निदेशकों के घर, दफ्तर, वर्कशॉपों पर आ पहुंची। जिसे देख लोगों में हड़कंप मच गया। इस दौरान आयकर विभाग की टीमों ने मौके से जरूरी दस्तावेज, मोबाइल फोन और लैपटॉप अपने कब्जे में ले लिए। देर शाम तक आयकर विभाग की यह कार्रवाई जारी रही।

सेक्टर 24 स्थित यह कंपनी मारुति के लिए ऑटो पार्ट्स बनाने वाली की शहर में सबसे बड़ी कंपनियों में शामिल है। दिल्ली एनसीआर में इसकी छोटी-बड़ी 25 से ज्यादा फैक्टरियां हैं। सूत्रों के अनुसार आयकर विभाग को सूचना मिली थी कि कंपनी टैक्स में हेराफेरी कर सरकार को करोड़ों रुपये के राजस्व की हानि पहुंचा रही है। सूचना के आधार पर फरीदाबाद आयकर निदेशक यूनिट दो की ओर से टीम गठित की गई। जिसमें गुरुग्राम और दिल्ली की आयकर टीम का भी सहयोग लिया गया। बुधवार को टीम ने सुबह सात बजे एक साथ कंपनी के सभी ठिकानों पर एक साथ कार्रवाई शुरू की गई। टीम सबसे पहले सेक्टर-21बी स्थित कंपनी मालिक की कोठी नंबर 86 और उनके दो वकीलों के निवास सेक्टर-9 में और गुरुग्राम-दिल्ली स्थित कंपनी कार्यालयों पर एक साथ पहुंची। टीम को देख आसपास के लोगों में भी अफरा तफरी मच गई। टीम ने तुरंत प्रभाव से सभी के मोबाइल फोन और लैपटॉप अपने कब्जे में ले लिये। ताकि कोई उनका डाटा डिलीट न कर सके। घर के अंदर मौजूद सभी लोगों की आवाजाही रोक दी गई। बताया जा रहा है कि विभाग अधिकारियों को अंदेशा है कि टैक्स में हेराफेरी कर कंपनी मालिक और निदेशकों ने दूसरी जगह पैसा लगाया है। इससे सरकार को करोड़ो रुपये का नुकसान हुआ है। समाचार लिखे जाने तक सभी स्थानों पर आयकर विभाग की टीमों की जांच पड़ताल जारी थी।

# सोतई गांव में नहीं बनेगा कूड़ा निस्तारण केंद्र : रावत

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



पृथला ब्लॉक समिति की पहली बैठक पृथला ब्लॉक में चेयरपर्सन बबीता तंवर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सभी ब्लॉक समिति के सदस्यों ने एकमत से फैसला लिया कि गांव में गंदगी की जो समस्या बनी हुई है, सबसे पहले गांव की गंदगी को साफ किया जाएगा, इसको लेकर ई-रिक्शा भी ब्लॉक समिति की तरफ से उपलब्ध कराए जाएंगे, जो घर-घर से कूड़ा उठाएंगे। बैठक में चेयरपर्सन बबीता तंवर ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल का भी धन्यवाद करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार ने महिलाओं को आगे लाने की जो सोच है उसको साकार कर दिया है, आज महिलाओं को गर्व होता है कि वह भी लगातार अपने क्षेत्र के लिए सरकार के सहयोग से काम कर रही हैं।

इस मौके पर पृथला विधानसभा क्षेत्र के विधायक नयनपाल रावत मुख्य रूप से मौजूद थे। बैठक में विधायक रावत ने कहा कि छोटी सरकार के साथ मिलकर सभी गांवों का समान विकास किया जाएगा और ग्रामों में आ रही समस्याओं का निराकरण भी किया जाएगा। पहली बैठक में सरकार द्वारा दी गई राशि में से विकास कार्य भी कराए जाएंगे, इसको लेकर भी प्रस्ताव पास किया गया। सरकार ने विकास के लिए ब्लॉक समिति को एक करोड़ रुपए की राशि उपलब्ध करवाई है। हरियाणा वेयरहाउस के चेयरमैन एवं विधायक नयनपाल रावत ने कहा कि गांव में गंदगी से लोगों को जल्द ही निजात मिलेगी, साथ ही सोतई गांव में जो कूड़ा निस्तारण केंद्र बनाए जाने की बात थी वह अब वहां पर नहीं बनेगा, मुख्यमंत्री ने इस बात के लिए उन्हें स्वीकृति दे दी है कि उसको किसी और जगह पर शिफ्ट कर दिया जाएगा। इसको लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री मनोहर लाल का भी धन्यवाद किया।

# दो दिवसीय वर्षिक खेलकूद प्रतियोगिता हुई शुरू


प्रतियोगिता विजेता विद्यार्थी संग में प्रिंसिपल, प्रवक्ता और अतिथि।

फरीदाबाद। राजकीय कन्या महाविद्यालय नचौली, फरीदाबाद में चौथी दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया गया। मुख्य अतिथि राजकीय महिला महाविद्यालय फरीदाबाद के प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार ने ध्वजारोहण से प्रतियोगिता की शुरुआत की। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सुनिधि ने छात्राओं को पढ़ाई के साथ खेलने के लिए प्रोत्साहित किया। आज 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, 800 मीटर अंतिम दौड़ लंबी छलांग, चक्का फेंक, गोला फेंक का आयोजन किया गया। लगभग 250 विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया तथा 450 छात्राओं ने खेलकूद प्रतियोगिता का आनंद लिया। मंच का संचालन डॉ. दिनेश जून द्वारा किया गया। खेलकूद की संयोजिका शालिनी तुली ने परिणाम घोषित करते हुए बताया कि 200 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता में संजना बीए प्रथम वर्ष ने प्रथम स्थान, आंचल बीए तृतीय वर्ष ने द्वितीय स्थान, शिवांगी बीए प्रथम वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लंबी छलांग प्रतियोगिता में तनु बीए प्रथम वर्ष ने प्रथम स्थान, दीपिका बीए तृतीय वर्ष ने द्वितीय स्थान तथा आंचल बीए तृतीय वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 800 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता में आंचल बीए, तृतीय वर्ष ने प्रथम स्थान, शिवांगी बीए, प्रथम वर्ष ने द्वितीय स्थान, संजना बीए, प्रथम वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर डॉ. दिनेश जून के निर्देशन में इवेंट्स कराई गई। उनके सहयोग के लिए डॉ. सुशील कुमार वर्मा, डॉ. एस.एस गुलिया, शालिनी तुली, डॉ. कमल कुमार, डॉ. राकेश कुमार, ममता भारद्वाज, कांता देवी, सतीश, दीपक कुमार और पवन ने भी अपनी अहम भूमिका निभाई।

# नेशनल रेस वाक चैंपियनशिप में जुनैद ने बनाया नेशनल रिकार्ड

फरीदाबाद। एथलेटिक्स हरियाणा के मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड के अनुसार एथलेटिक्स फैडरेशन आफ इंडिया (एएफआई) के द्वारा आयोजित 14 से 15 फरवरी तक दो दिवसीय दसवीं नेशनल ओपन रेस वाकिंग चैंपियशिप का आयोजन रांची (झारखण्ड) में किया गया। एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव राजकुमार मिटान ने बताया कि 35 किलोमीटर रेस वाक इवेंट में जुनैद नूह ने 2:36:04 घंटा का समय देकर नेशनल रिकार्ड बनाया और हरियाणा को रजत पदक दिया। 20 साल लडकी 10 किलोमीटर रेस वाक में आरती फरीदाबाद ने 49:54 मिनट का समय देकर रजत पदक एवं इंदु सोनीपत ने 50:01 मिनट के समय के साथ कांस्य पदक जीता। एथलेटिक्स हरियाणा के अध्यक्ष चौधरी अभय सिंह चौटाला, कार्यकारी अध्यक्ष हनुमान सिंह भादू, महासचिव राजकुमार मिटान, वरिष्ठ संयुक्त सचिव कुलदीप अहलावत, प्रतियोगिता निदेशक जितेंदर बांगर, मुख्य चयनकर्ता यशपाल चोपड़ा, कोषाध्यक्ष जसवंत सिवाच और मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड ने पदक विजेता खिलाडियों को जीत की बधाई दी।

# सीटू जिला उपायुक्त कार्यालय पर महापड़ाव डालेगी


गेट मीटिंग में डीसी दफ्तर पर महापड़ाव डालने की तैयारी करते सीटू के सदस्य।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन सीटू जिला कमेटी फरीदाबाद द्वारा आगामी 28 फरवरी को आम लोगों की समस्याओं के समाधान को लेकर जिला उपायुक्त के कार्यालय सेक्टर-12 में महापड़ाव डालेगी।

इस महापड़ाव में भारत गेयर लिमिटेड के वर्कर बड़ी संख्या में भाग लेंगे। यह निर्णय आज सराय स्थित वीजीएल के वर्करों की गेट मीटिंग में लिया गया। इस गेट मीटिंग की अध्यक्षता मिल कमेटी के प्रधान रवि ने की। इस मौके पर सीटू के जिला प्रधान निरन्तर पराशर और जिला सचिव वीरेंद्र सिंह डंगवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। वर्करों को संबोधित करते हुए सीटू के जिला सचिव वीरेंद्र सिंह डंगवाल ने केंद्र और राज्य सरकार पर जन विरोधी नीतियां अपनाने का आरोप लगाया उन्होंने बताया कि केंद्र और राज्य की सरकार सार्वजनिक उपक्रमों जैसे एयर इंडिया, रेल, बैंक, बीमा, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, परिवहन सहित सभी सरकारी विभागों का निजीकरण कर रही है। सभी विभागों में ठेकेदारी प्रथा को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस सरकार ने कारपोरेट सेक्टर को लाभ पहुंचाने के लिए उन्हें टैक्स में छूट दे दी। उन्होंने कहा कि कारखानों में भी कंपनी के रोल पर नियमित कर्मचारी कम संख्या में हैं। जबकि कैजुअल और ठेके पर काम करने वाले वर्करों की संख्या अधिक है इन कच्चे वर्करों को मालिकों के द्वारा किसी भी प्रकार की सुविधा प्रदान नहीं की जा रही है। सीटू जिला कमेटी ने निर्णय लिया है। कि सभी कारखाने के कच्चे मजदूरों को संगठित करके उन्हें अपने अधिकारों के जागरूक किया जाएगा।

# चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

फरीदाबाद। क्राइम ब्रांच सेक्टर-65 की टीम ने दुकान में चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी हुई नगदी भी बरामद की है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में शाहनवाज और कुश का नाम शामिल है। आरोपी शाहनवाज मूल रुप से उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले के गांव शाहज्यामाल वर्तमान में राजीव कॉलोनी बल्लबगढ़ में, आरोपी कुश उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले के गांव अतोली का तथा वर्तमान में बल्लबगढ की बालाजी कॉलोनी का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम ने दोनों आरोपियों को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से बल्लबगढ़ चुंगी नम्बर-5 उंचा गांव से थाना शहर बल्लबगढ के दुकान में चोरी के मामले में गिरफ्तार किया है। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने एक दुकान से 30000 रुपये चोरी करने की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी शाहनवाज से 5000 रुपये केश तथा आरोपी कुश से भी 5000 रुपये केश बरामद हुए है। आरोपी शाहनवाज से पूछताछ में एक ऑटो में जेब काटने का मामला सामने आया जिसमें आरोपी ने जेब काटी थी।

# आप पार्टी की टीम ने किया डॉक्टर्स प्लाजा आरोग्य क्लीनिक का उद्घाटन

प्रवीन शर्मा। फरीदाबाद


आरोग्य क्लीनिक का उद्घाटन करते आप के कार्यकर्ता।

बुधवार को आप पार्टी जिला फरीदाबाद की टीम ने नीलम-बाटा रोड स्थित डॉक्टर्स प्लाजा आरोग्य क्लीनिक का उद्घाटन किया। इस मौके पर आप नेता धर्मवीर भड़ाना, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी राजेंद्र शर्मा, ओल्ड विधानसभा प्रभारी प्रवेश मेहता, हरियाणा प्रदेश प्रवक्ता राकेश भड़ाना, बडखल विधानसभा पूर्व अध्यक्ष तेजवंत सिंह विद्धू, वार्ड नम्बर 9 से भावी प्रत्याशी मेहर चंद हरसाना, देवराज गौड़, सुभाष बघेल, राम गौर एवं डॉ. टीम से डॉ विभोर गुप्ता दंत चिकित्सक, डॉ ऋतु फिजियोथैरेपिस्ट एवं अजय सिंह उपस्थित रहे।

डॉ विभोर गुप्ता ने जानकारी देते हुए, बताया कि आरोग्य क्लीनिक में लगभग सभी प्रकार की बिमारियों का इलाज किया जाएगा। हमारें यहां पर लगभग 8 डॉक्टर्स की टीम हैं जो लगातार लोगो की सेवा के लिए तत्पर रहेंगी। उन्होंने बताया कि आरोग्य क्लीनिक में परामर्श के साथ-साथ सर्जरी के लिए एक ओ.टी. भी बनाई गई हैं, जिससे इलाज समय पर किया जा सके और लोगो को संतुष्टि किया जाए। इस मौके पर आम आदमी पार्टी के नेता धर्मवीर भड़ाना ने बधाई देते हुए कहा कि डॉ. विभोर द्वारा आरोग्य क्लीनिक खोल कर बहुत उत्तम पहल की गई हैं इससे लोगो को सही और सफल इलाज प्राप्त होगा। डा. विभोर जयपुर से यहां फरीदाबाद में आए और उन्होंने यहां क्लीनिक खोल कर लोगो की सेवा करने का जो निर्णय लिया हैं यह बहुत ही सराहनिय कदम हैं आज हमारी समस्त टीम जिला फरीदाबाद की टीम उन्हें शुभकामनाएं देने पहुंची हैं और हम यही कामना करते हैं की डॉ. विभोर इसी प्रकार तरक्की करतें रहें और लोगो की सेवा करने में योगदान देते रहें।

# पुलवामा में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी

**छात्राओं ने देशभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत किए**

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम में देशभक्ति का नाटक प्रस्तुत करते छात्र।

पुलवामा हमले की चौथी बरसी पर एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन डबुआ कालोनी स्थित विश्वास कान्वेंट सी.सै. स्कूल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन भारतीय विद्यालय शिक्षा परिषद द्वारा किया गया।

इस अवसर पर आए हुए सभी अतिथियों ने पुलवामा हमले में शहीद हुए सैनिकों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर पुलवामा हमले की चौथी बरसी के मौके पर श्रद्धांजलि दी। अतिथियों ने बताया कि विगत 14 फरवरी 2019 को पुलवामा के अवंतीपुरा में जवानों पर आतंकी हमला हुआ था। जिसमें 40 जवान शहीद हो गए थे। इस मौके पर छात्राओं द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत नाटक भी प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर विश्वास कान्वेंट सी. सै. स्कूल के चेयरमैन प्रदीप गुप्ता ने आए हुए सभी अतिथियों का स्मृतिचिन्ह भेंट कर स्वागत किया।

इस अवसर पर अतिथि के रूप भारतीय विद्यालय शिक्षा परिषद के सचिव पी.एस. चौहान, हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड परिषद के सचिव डा. आर डागर, जिला बार एसोसिएशन फरीदाबाद के अध्यक्ष एडवोकेट राजेश बैंसला, स्व. श्रीमती सुनीता अरोड़ा चैरिटेबल ट्रस्ट की चेयरपर्सन दीपांशी अरोड़ा, सिद्धपीठ महाकाली मंदिर फरीदाबाद के प्रधान राकेश उर्फ रक्कू, श्रीराम मंदिर निर्माण संघ के प्रधान बिजेन्द्र चंदीला, शिव मंदिर सेवा समिति ओल्ड फरीदाबाद के प्रधान सुनीता, एडवोकेट मंशा पासवान, एडवाकेट तरूण अरोड़ा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### जेसीबी और महादेव हेल्थ केयर के बीच हुआ मैच



फरीदाबाद। एशियन कॉर्पोरेट क्रिकेट का मैच ग्रेटर फरीदाबाद सेक्टर 76 स्थित लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर जेसीबी और महादेव हेल्थ केयर के बीच खेला गया। महादेव हेल्थ केयर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। जेसीबी ने बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 168 /10 रन बनाए। जेसीबी के बल्लेबाज निखिल ने 29 बॉल में 40 रन बनाए। जिसमें 5 चौक्के शामिल हैं। सुमित ने 24 बॉल में 31 रन बनाए। जिसमें 6 चौक्के शामिल हैं। महादेव हेल्थ केयर मयंक ने 4 ओवर में 22 रन देकर 3 विकेट लिए। महादेव हेल्थ केयर ने 20 ओवर में 148 /4 रन बनाए। महादेव हेल्थ केयर के बल्लेबाज मयंक ने 58 बॉल में 64 रन बनाए। जिसमें 1 छक्का और 9 चौक्के शामिल हैं। रमन भाटिया ने 36 बॉल में 49 रन बनाए। जिसमें 1 छक्का और 6 चौक्के शामिल हैं। जेसीबी के गेंदबाज सुरेंदर ने 4 ओवर में 21 रन देकर 3 विकेट लिए। टीम जेसीबी ने 20 रन से मैच में जीता। अंत में सुरेंदर यादव को मैन ऑफ़ दी मैच दिया गया।

### ईश्वर की माया है अपरम्पार : बबली

फरीदाबाद। पुरानी प्रैस कालोनी सुभाष नगर मेन मार्किट के मां नगरकोट, मां ज्वाई माई, बाबा नगरसैन मंदिर का स्थापना दिवस कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा के बड़े भाई एवं वरिष्ठ भाजपा नेता टिपरचंद शर्मा व अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेन्द्र शर्मा बबली, निर्वतमान पार्षद जयवीर खटाना ने कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। इस मौके पर मंदिर संस्था के प्रधान राजन माथुर, विनोद माथुर ने आए हुए सभी अतिथियों का धार्मिक पटके व चंदन का तिलक लगाकर स्वागत किया। उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए भाजपा नेता टिपरचंद शर्मा व पंडित सुरेन्द्र शर्मा बबली ने कहा कि ईश्वर बिन सब अधूरा। हमें केवल और केवल ईश्वर से मांगना चाहिए क्योंकि वह राजा को भी देता और गरीब को भी। ईश्वर की महिम के चलते आज हम देश ने इतनी बड़ी महामारी कोरोना को हराया है। इसलिए हमें केवल और केवल प्रभु में मन लगाना चाहिए। इस मौके पर रामदत्त शर्मा, युधिष्ठर शर्मा (ईशु), भाजपा नेता सुभाष लाम्बा मुजेसर, एडवोकेट बी.के. वर्मा, ज्ञानदास भगतजी मंडल अध्यक्ष अनुराग गर्ग, दीपान्शु अरोड़ा, पंकज पौद्दार, राजकुमार गर्ग, अफरोज अली, मिथलेस मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम समाप्ति के पश्चात भण्डारे का आयोजन भी किया गया।

### मास्टर्स बास्केटबॉल प्रतियोगिता में छाए शहर के खिलाड़ी

फरीदाबाद। पांचवी राष्ट्रीय मास्टर बास्केटबाल प्रतियोगिता में 45+ आयु वर्ग में हरियाणा राज्य ने केरल को फाइनल मुकाबले में हराकर खिताब जीता। इस प्रतियोगिता में फरीदाबाद जिले से एसके दलाल और अजय सांगवान का हरियाणा की टीम में चयन हुआ था, इन दोनो खिलाड़ियों का हरियाणा टीम को जीतने में बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा। प्रतियोगिता 11 से 14 फरवरी तक काशी हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी में आयोजित की गई। एसके दलाल हरियाणा की टीम के सबसे वरिष्ठ खिलाडी रहे। उन्होंने बताया कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का उद्देश्य यह है कि सभी आयु वर्ग के लोगों को खेलों से जोड़े रखना ताकि वह अपना को स्वस्थ रख सके और साथ ही साथ युवा पीढ़ी को भी खेलोगे प्रति आकर्षित कर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करे। यहां यह बताना भी आवश्यक है कि एसके दलाल, भारतीय वायु सेना और हरियाणा शिक्षा विभाग से लेक्चरर के पद से रिटायर हो चुके हैं व रिटायरमेंट के बाद भी खेलो में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं और युवाओं को प्रेरित करते है, अजय सांगवान भारतीय रेलवे में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। हरियाणा की टीम ने सेमीफाइनल में महाराष्ट्र की टीम को56-35 के अंतर से हराया और फाइनल मुकाबले में केरल की टीम को 76-45 के एकतरफा मुकाबले में हरा कर विजेता बनी। हरियाणा की टीम में कैथल , रोहतक, जींद, भिवानी, झज्जर, फरीदाबाद और हरियाणा पुलिस के खिलाड़ी चुने गए।

### मेले की समाप्ति 20 लाख दर्शकों का होगा आगमन

फरीदाबाद। हरियाणा पर्यटन निगम के चेयरमैन अरविंद यादव ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार यहां की कला एवं संस्कृति को पूरी दुनिया में मशहूर करने में लगी हुई है। यह भारत की साख का ही नतीजा है कि सूरजकुंड अंतराष्ट्रीय हस्तशिल्प मेले की समाप्ति तक बीस लाख से भी अधिक फुटफाल होगा। श्री यादव आज अंतरराष्ट्रीय हस्तशिल्प मेले में कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग तथा पर्यटन विभाग हरियाणा के संयुक्त तत्वाधान में छोटी चौपाल पर आयोजित कार्यक्रम में लोगों को संबोधित कर रहे थे। चेयरमैन ने कहा कि यह हरियाणा के लिए गौरवान्वित करने का पल है। हम अपनी हस्त कला, संस्कृति, पहनावा तथा खान-पान को पूरे विश्व में फैला रहे हैं। यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की छवि का परिणाम है। हरियाणा सरकार मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में राज्य में लगातार पर्यटन को बढ़ावा देने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि एक धरती, एक परिवार, एक भविष्य की ओर पूरा विश्व बढ़ रहा है। इसकी अगवानी हिंदुस्तान कर रहा है। इस तरह के मेले में हमें एक-दूसरे की संस्कृति तथा पहनावे से रूबरू होने का मौका मिलता है। कला एवं संस्कृति ही विश्व में शांति और भाईचारा स्थापित करने का जरिया होता है। यह हमें एक-दूसरे के नजदीक लाती है। हिंदुस्तान आज पूरे विश्व को एक करने में लगा हुआ है। इस कार्यक्रम के दौरान रेणु हुड्डा, सुमन डांगी के अलावा अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### धूमधाम से मनाया स्कूल का वार्षिकोत्सव


स्मृति चिंह देकर मुख्यातिथि का स्वागत करते स्कूल के चेयरमैन

फरीदाबाद। डबुआ गाजीपुर रोड स्थित शिवालिक विद्या निकेतन स्कूल का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रही। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन शोभित आजाद ने स्कूल कार्यक्रम में पहुंचने पर मुख्यतिथि चेयरपर्सन रेनू भाटिया का शॉल ओढ़ाकर, स्मृति चिन्ह भेंटकर तथा बुके देकर स्वागत किया। इस मौके पर शिक्षाविद् राजेश मदान, शिक्षाविद् डा. अमित जैन, शिक्षाविद् प्रदीप गुप्ता, शिक्षाविद् आरज्के शर्मा, शिक्षाविद् भूपेन्द्र सोरयान, शिक्षाविद् अरुण सिंह, शिक्षाविद् अभिषेक सिंह, शिक्षाविद् हर्षित राघव, एडवोकेट तरुण अरोड़ा, शिक्षाविद् विमल कुमार पाल, सहित अन्य स्कूल के चेयरमैन व अन्य अध्यापकगण मौजूद थे। इस अवसर पर स्कूल के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। वहीं पुलवामा शहीदों की याद में लघु नाटक का भी मंचन किया गया। मुख्यातिथि चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने उपस्थित छात्र-छात्राओं, अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्कूल व कालेज की छात्राओं को जल्द ही आत्मरक्षा की ट्रेनिंग दी जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के नारे को पूर्ण रूप से साकार किया है। महिला आयोग की चेयरपर्सन ने कहा कि सरकार महिलाओं की सुरक्षा को लेकर बहुत चिंतित हैं, इसलिए उन्हें अपने अधिकार जान लेने चाहिए। उन्होंने छात्राओं को समझाकर उन्हें जागरूक करें और घर से स्कूल व कालेज आते-जाते समय कोई आवारा युवक, मनचला व व्यक्ति उन्हें परेशान करता है उसके साथ दुर्व्यवहार करता है तो उसकी शिकायत तुरंत अपने परिजनों और शिक्षण संस्थान के प्रबंधन को, पुलिस को तथा उन्हें दें। रास्ते में कोई दुर्घटना न हो उसके लिए छात्राएं सतर्क रहे। उन्होंने कहा कि महिलाओं के खिलाफ क्राइम रेट बढ़ रहा है, जिसमें अब यह बेहद जरूरी हो गया है कि शिक्षण संस्थानों में एक मुख्य गतिविधियों में सेल्फ डिफेंस को जोड़ा जा सके।

## घरेलू रक्षा उद्योग
### उल्लेखनीय सफलता


**विगत** वर्षों में घरेलू रक्षा उद्योग ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। इसे देखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का घरेलू रक्षा उद्योग की जीवन्तता व प्रगति में व्यक्त आशावाद पूरी तरह सही सिद्ध होता है। बैंगलुरू में एयरो इंडिया, 2023 के उद्घाटन संबोधन में उन्होंने कहा कि 'भारत न केवल दुनिया की रक्षा कंपनियों के लिए बाजार है, बल्कि वह एक सक्षम रक्षा साझीदार भी है।' इस बात पर गौर करना महत्वपूर्ण है कि निजी क्षेत्र रक्षा उत्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। सरसरी तौर से देखने पर यह आश्चर्यजनक नहीं लगता है क्योंकि उदारीकरण-पश्चात युग में सरकार तुलनात्मक रूप से आर्थिक गतिविधियों से पीछे हट रही है और निजी क्षेत्र की प्रभुत्वकारी भूमिका आम होती जा रही है। लेकिन 1991 में सुधारों के बाद भी बहुत लंबे समय तक ऐसा नहीं हुआ था। यथास्थितिवादी सोच ने इस तरह अपना घर बना लिया था कि घरेलू निजी कंपनियों को रक्षा उत्पादन क्षेत्र में अनुमति नहीं थी, जबकि विदेशी कंपनियों को यह अनुमति प्राप्त थी। वर्ष 2002 तक सरकार की यही नीति बनी रही, लेकिन अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने निजी उद्यमियों को इस क्षेत्र में प्रवेश की अनुमति दी। परिवर्तन की घोषणा करते हुए केन्द्रीय मंत्री प्रमोद महाजन में इस नीतिगत विसंगति को उजागर किया था। इस घोषणा ने रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में निजी कंपनियों के लिए रास्ता खोल दिया और उन्होंने अपनी सक्रियता से 2002 के फैसले को पूरी तरह सही ठहराया। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की हिंदुस्तान एयरोनाटिक्स लिमिटेड-एचएएल जैसी बड़ी



कंपनियां भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। एचएएल ने ध्रुव हेलीकाप्टरों का निर्यात फिलीपीन्स, मारीशस व इक्वेडोर को किया है। उसने रूस-भारत संयुक्त उद्यम ब्रह्मोस एयरोस्पेस की सुपरसोनिक क्रूज़ मिसाइल का निर्यात भी फिलीपीन्स को किया है। प्रधानमंत्री ने संकेत किया है कि भारत के रक्षा निर्यात में पिछले पांच साल में 6 गुना वृद्धि हुई है। 2021-22 में देश ने 1.5 बिलियन डालर से अधिक मूल्य के रक्षा उपकरण निर्यात किए। प्रधानमंत्री ने कहा, 'हमारा लक्ष्य 2024-25 तक यह निर्यात 1.5 बिलियन से बढ़ा कर 5 बिलियन डालर करना है।' इसका श्रेय देश के वैज्ञानिकों, इंजीनियरों व व्यापारियों को जाता है जिन्होंने रक्षा उत्पादन क्षेत्र में सफलता प्राप्त की है। हालांकि, इस क्षेत्र में कुछ तात्कालिक समस्याओं का समाधान जरूरी है। रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को संसद को बताया कि रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन-डीआरडीओ की लगभग 42 प्रतिशत 'मिशन मोड' परियोजनायें ज्यादा समय ले रही हैं जिनमें सशस्त्र बलों की विशेष आपरेशनल आवश्यकताओं वाले उच्च-प्राथमिकता कार्यक्रम भी शामिल हैं। तेजस मार्क-2 हल्के लड़ाकू विमान-एलसीए, नौसेना के लिए एलसीए व मानवरहित एयर इंडिपेंडेंट प्रोपल्शन-एआईपी हवाई वाहन इनमें शामिल हैं। पनडुब्बियों को लंबे समय तक पानी के नीचे बनाए रखने की क्षमता, हल्की मशीन गनें तथा एडवांस्ड टोड आर्टिलरी गन सिस्टम्स-एटीएजीएस परियोजनाओं में विलम्ब हो रहा है। हालांकि, रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने बताया कि 'कीमतें बढ़ने को नुकसान नहीं समझा जाना चाहिए क्योंकि कुछ मामलों में प्रणाली की व्यापकता बढ़ाने के कारण भी कीमत बढ़ती है।' लेकिन इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए भी विलंब चिन्ता का विषय है। यह इसलिए भी चिन्ता का विषय है कि भारत दुनिया का एक सबसे बड़ा हथियार आयातक देश है और 2017-21 में उसने सबसे ज्यादा आयात किया था। सरकार यह सुनिश्चित करने के सभी प्रयास कर रही है कि सेना की आपरेशनल कमियां यथाशीघ्र दूर की जाएं। पिछले कुछ वर्षों में सेना के सभी अंगों के आधुनिकीकरण व उनको अद्यतन हथियार प्रणालियों से लैस करने के मामले में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई है।

# पाकिस्तान में फलती-फूलती सेना

पाकिस्तान में लगातार सैनिक खरीद बढ़ने के कारण सेना की आर्थिक स्थिति मजबूत बनी हुई है, जबकि जनता भूखी है। द्विपक्षीय व बहुपक्षीय सहायता एजेंसियों को इस स्थिति पर गंभीरता से गौर करना चाहिए।



निष्ठा कौशिकी
(लेखिका, पंजाब विश्वविद्यालय में असोसिएट प्रोफेसर हैं)



इस्लामाबाद ने अंततः आईएमएफ के दिशानिर्देशों का पालन करते हुए बचत के उपय किए हैं तथा जनता पर 170 बिलियन डालर के नए टैक्स लगाए हैं। शहबाज शरीफ सरकार द्वारा उठाए अन्य कदमों में अलक्षित सब्सिडी में कमी, बाढ़ समेत अन्य कारणों से प्रभावित सर्वाधिक संकटग्रस्त लोगों के लिए सामाजिक संरक्षण में वित्तीय आबंटन की वृद्धि, बाजार को विनिमय दर निर्धारित करने की अनुमति, सर्कुलर कर्ज में और वृद्धि पर विराम तथा ऊर्जा क्षेत्र की जीवन्तता सुनिश्चित करना है। हालांकि, ये कदम देखने में बहुत शानदार लग सकते हैं जिनसे पाकिस्तानी जनता को सांस लेने का मौका मिलता है, पर इस्लामाबाद ने बिना किसी हिचक के सैनिक बजट में 10-20 प्रतिशत की भारी वृद्धि की है। इस्लामाबाद तथा यूरोप व अमेरिका में अन्य पाकिस्तानी समर्थक कह सकते हैं कि रक्षा बजट में कमी आई है।

हालांकि, 2019 के बाद से हर साल जीडीपी के प्रतिशत के रूप में रक्षा खर्च में काफी कमी आई है। उदाहरणार्थ, यह 2019 में जीडीपी का 4.11 प्रतिशत था जो 2022 में घट कर 2.8 प्रतिशत पर आ गया। ये आंकड़े सरकारी बजट आबंटन में सैनिक खर्च के हिस्से से भी सामने आते हैं जो 2019 में 18.7 प्रतिशत से घट कर 2022 में 16.1 प्रतिशत रह गया। लेकिन यह देखना भी जरूरी है कि क्य पाकिस्तानी सेना का वित्तीय प्रभाव घट रहा है। रावलपिंडी की आर्थिक स्थिति उससे ज्यादा मजबूत है जितनी दिखती है। पहला, इसकी पूंजीगत खरीद तथा आधुनिकीकरण के लिए हथियारों की खरीद में लगातार बढ़ोत्तरी हुई है। दूसरा, पाकिस्तानी सेना का लगभग सभी क्षेत्रों की सिविलियन परियोजनाओं में काफी हिस्सा होता है जिसमें थियेटर व सिनेमा से लेकर ढांचागत परियोजनायें व आवास शामिल हैं। तीसरा, पाकिस्तान ने हाल में हथियारों के निर्यातक की भूमिका निभाने का प्रयास किया है और उसे इस कारण काफी धनराशि प्राप्त हुई है। सेना की पूंजीगत खरीद 2019 में 669 मिलियन डालर थी जो 2020 व 2021 में बढ़ कर क्रमशः 760 मिलियन डालर व 884 मिलियन डालर हो गई। 2022 के आंकड़े अभी उपलब्ध नहीं हैं। इसके साथ ही यदि इन आंकड़ों को सिप्री डेटा के साथ रख कर देखा जाए तो विशिष्ट तथ्य सामने आते हैं जिनसे अगले पांच से सात साल में पाकिस्तान की युद्धक क्षमता का अनुमान लगाया जा सकता है। जहां तक परंपरागत युद्धक क्षमताओं का सवाल है, रावलपिंडी अपनी आर्मर्ड क्षमताओं व नौसैनिक क्षमताओं को व्यापक व सटीक बना रही है। इसका उद्देश्य सैनिक बलों के बीच समन्वय एवं एकजुटता में सुधार करना है। 2021 में पाकिस्तान ने 263 मिलियन डालर के आर्मर्ड वाहन खरीदे, जबकि इसके पिछले साल यही खरीद 92 मिलियन डालर थी।

इसके साथ ही जहाजों की खरीद पर खर्च होने वाली धनराशि भी दूनी की गई है। यह 2020 में 145 मिलियन डालर से बढ़ कर 2021 में 358 मिलियन डालर हो गई। हालांकि, वायुसेना की खरीद में कोई खास वृद्धि हुई है। 2021 में इसमें काफी गिरावट आई और यह 2020 में 397 मिलियन डालर से घट कर 139 मिलियन डालर रह गई। इसका अर्थ है कि उसकी अमेरिकन एफ-16 व चीनी जेएफ-17 पर निर्भरता बनी हुई है। लेकिन इस बात के संकेत हैं कि भारत की परंपरागत और उभरती तकनीकों का मुकाबला करने के प्रयास में पाकिस्तान चीन के सहयोग से नई विध्वंसकारी तकनीकें विकसित कर रहा है। ये तकनीकें ज्यादा विध्वंसकारी तथा खर्च में सस्ती हैं और इनका पता लगाना आसान नहीं है। 2021 में उसने 25 मिलियन डालर के सेंसर आयात किए जो इसके पिछले साल आयातित 15 मिलियन डालर की तुलना में भारी वृद्धि है। हालांकि, इन सेंसरों के प्रकार का विस्तृत विवरण उपलब्ध नहीं है, पर संभवतः इनकी खरीद पाकिस्तानी नौसेना की जल के नीचे निगरानी व पनडुब्बी-विरोधी युद्धक क्षमता बढ़ाने के लिए हुई है। रावलपिंडी साइबर व एलेक्ट्रोमैग्नेटिक स्पेक्ट्रम-ईएमएस क्षेत्र में अपनी क्षमताओं का तेजी से विकास कर रहा है। उसने एक मेजर जनरल रैंक के अधिकारी के नेतृत्व में चीन की सहायता से एक साइबर-डिवीजन विकसित की है। 2021 में सामने आई उसकी राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा नीति में रेखांकित किया गया है कि पाकिस्तान साइबर हमले को अपनी राष्ट्रीय संप्रभुता के खिलाफ हमले में प्रथम व द्वितीय श्रेणी की सुरक्षा मानता है जो उसे उपयुक्त प्रतिक्रिया उपायों का अधिकार देती हैं।

इसके साथ ही उसकी वायुसेना व नौसेना साइबर क्षमताओं का विकास करेंगी। लगता है कि पाकिस्तानी वायुसेना ने चीन से ड्रोन जीएक्स तोप खरीदी है। इन तोपों से ग्राउंड स्टेशन व यूएवी के बीच सिग्नलों में बाधा पहुंचाई जाती है और इस प्रकार सैनिक-रहित युद्ध का विस्तार होता है। पाकिस्तान द्वारा प्राप्त आधिकारिक विकास सहायता-ओडीए से संकेत मिलता है कि 2019-20 में उसने अमेरिका व ब्रिटेन से क्रमशः 334 मिलियन तथा 325.9 मिलियन डालर प्राप्त किए। विकास सहायता समिति-डीएसी आंकड़ों के अनुसार, पाकिस्तान की ओडीए का 31 व 25.10 प्रतिशत आर्थिक व अन्य सामाजिक ढांचों के लिए आबंटित होता है। इन आंकड़ों को देखते हुए यह सवाल स्वाभाविक है कि क्या द्विपक्षीय सहायता एजेंसियां सहायता के अंतिम प्रयोग की गंभीर निगरानी करती हैं। यदि इसका जवाब हां है तो सवाल उठता है कि पाकिस्तान में गरीबी और मुद्रास्फीति क्यों बढ़ रही है? इस सवाल का जवाब पाकिस्तान की सैनिक अर्थव्यवस्था है जिसे 'अधिकार की संस्कृति' भी कहा जाता है। रावलपिंडी की बिजनेस गतिविधियां दो उद्यमों-फौजी फाउंडेशन-एफएफ व सेना कल्याण ट्रस्ट-एडब्लूएफ के माध्यम से होती हैं। पाकिस्तानी सेना के जनरलों द्वारा संचालित सैनिक वाणिज्यिक परियोजनायें लगभग 26.5 बिलियन डालर की हैं। उदाहरणार्थ, सेना के पास 50 से अधिक आवास परियोजनायें तथा दो दर्जन से अधिक आयात, वितरण व पेट्रोलियम प्रसंस्करण उत्पाद हैं। वह सबसे बड़ी उर्वरक व सीमेंट उत्पादक है। इसके साथ ही फिल्म निर्माण, टेलीविजन सीरीज़ तथा भूमि स्वामित्व में उसका ज्यादातर निवेश है। सेना ने जबरन छोटे व सीमान्त किसानों की जमीनों पर कब्जा किया है। सेना को 2017-18 में 257 बिलियन रुपये विशेषाधिकार के रूप में प्राप्त हुए हैं। हर साल इससे 10 बिलियन डालर की आय होती है और सेना द्वारा इसके प्रयोग के उद्देश्य व आंकड़े सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि आईएमएफ व अन्य द्विपक्षीय व बहुपक्षीय सहायता एजेंसियां इस 'अधिकार की संस्कृति' को तेजी से कम कैसे करेंगी? इस बात की पूरी संभावना है कि पाकिस्तानी सेना प्रभावित नहीं होगी क्योंकि आईएमएफ द्वारा लागू बचत उपायों का प्रभाव केवल सिविलियन परियोजनाओं व कंपनियों पर पड़ेगा। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि क्या आईएमएफ सैनिक अर्थव्यवस्था से जुड़ी कंपनियों की विस्तृत सूची पर गौर करेगी? यदि ऐसा किया भी जाता है तो इसमें कितनी पारदर्शिता दिखेगी। रावलपिंडी ने 2021 में नाइजीरिया को लड़ाकू विमान निर्यात का प्रयास किया था। सिप्री के हथियार निर्यात रजिस्टर के अनुसार पाकिस्तान ने नाइजीरिया को निर्यात से 53 मिलियन डालर आय का उल्लेख किया था। नाइजीरिया के लिए सप्लायर ट्रेड रजिस्टर ने कुछ महत्वपूर्ण भू-राजनीतिक तथ्यों का उल्लेख किया है जिनको रक्षा व रणनीतिक विशेषज्ञों को अनदेखा नहीं करना चाहिए।

2016 में पाकिस्तान ने तीन जेएफ-17 थंडर विकान के लिए 184 मिलियन डालर का समझौता किया। चीन व पाकिस्तान के संयुक्त शोध व विकास समझौते को देखते हुए यह आश्चर्यजनक नहीं है। रूस ने 2021 में नाइजीरिया को तीन आरडी-93 टर्बो फैन पाकिस्तान द्वारा बेचे जेएफ-17 विमानों के लिए सप्लाई किए। क्या इस बिक्री से संकेत मिलता है कि चीन और पाकिस्तान रूस को उस हथियार निर्यात के लिए समझाने में सफल हुए जिसका लाभ पाकिस्तान को वित्तीय व रणनीतिक रूप से होना था? यह संभावना नहीं है कि यह रूस का स्वतंत्र निर्णय था। क्या इससे संकेत मिलता है कि रूस, चीन व पाकिस्तान की रणनीतिक निकटता विकसित हो रही है? यदि ऐसा है तो रावलपिंडी को पैसों की कमी नहीं होगी क्योंकि जेएफ-17 की खरीद अनेक देश कर सकते हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय को रूस को समझाना होगा कि वह बिक्री के वैकल्पिक स्रोत तलाशे तथा पाकिस्तान के साथ सहयोग से बचे क्योंकि देर-सवेर इससे भारत के सुरक्षा हित प्रभावित होंगे। आवश्यक है कि अंतरराष्ट्रीय संस्थायें रावलपिंडी के राजस्व व खर्च के बारे में पूरी पारदर्शिता की मांग करें ताकि गरीबों व संकटग्रस्त लोगों की सचमुच सहायता हो सके।।

# हरित हाइड्रोजन मिशन में हरित पोर्टों का महत्व

> भारत को हाइड्रोजन मिशन के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए कार्रवाई योग्य नीति बनानी चाहिए, जो सस्ती हरित हाइड्रोजन पर निर्भर करेगी।





चारू ग्रोवर शर्मा
यशोबंता परिदा

जैसा कि भारत 2070 तक अपने शुद्ध शून्य उत्सर्जन लक्ष्य को प्राप्त करने का प्रयास करता है, हरित हाइड्रोजन को अर्थव्यवस्था को डीकार्बोनाइज़ करने की कुंजी माना जाता है, जिससे पर्यावरण में सुधार होता है। पानी के अणुओं को हाइड्रोजन और ऑक्सीजन में विभाजित करके नवीकरणीय बिजली का उपयोग करके ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन किया जाता है।

आज उपयोग किए जाने वाले अधिकांश हाइड्रोजन उच्च कार्बन स्रोतों का उपयोग करते हैं जैसे गैसीकरण प्रक्रिया का उपयोग करके कोयले से निकाले गए हाइड्रोजन भूरे रंग के हाइड्रोजन होते हैं, भाप सुधार प्रक्रिया के माध्यम से मीथेन का उपयोग करके प्राकृतिक गैस से निकाले जाते हैं, ग्रे हाइड्रोजन होते हैं, और जब भाप सुधार से उत्पन्न कार्बन को औद्योगिक माध्यम से भूमिगत संग्रहित किया जाता है कार्बन कैप्चर इसे ब्लू हाइड्रोजन के रूप में लेबल किया गया है।

ग्रे/ब्लू हाइड्रोजन से ग्रीन हाइड्रोजन में बदलाव लाना समय की जरूरत है। भारत में हाइड्रोजन की मांग 2022 में आठ मिलियन टन हाइड्रोजन (एमटी एच2) है, रिफाइनरी और इस्पात क्षेत्र में सुधार के कारण 2021 से सात प्रतिशत की वृद्धि हुई है, क्योंकि वे 2020 की महामारी (अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी) के कारण बुरी तरह प्रभावित हुए थे।)।

हाइड्रोजन की मांग 2050 तक चार गुना बढ़ने की उम्मीद है। वर्तमान में, मौजूदा हाइड्रोजन की मांग का 95 प्रतिशत से अधिक जीवाश्म ईंधन आधारित है, और बहुत कम ग्रीन हाइड्रोजन है। इस बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए, स्वच्छ उत्पादन, यानी हरित हाइड्रोजन की ओर बढ़ना महत्वपूर्ण है। सत्ता में मोदी के 8 साल का यह परिवर्तन- भारत की कहानी वापस ट्रैक पर 2020 से 2050 के बीच भारत में 3.6 गीगा टन कार्बनडाई आक्साइड की महत्वपूर्ण संचयी कमी होगी, जो 2020 से 2050 के बीच 246-358 बिलियन संचयी शुद्ध ऊर्जा बचत में तब्दील हो सकती है (नीति) आयोग)।

भारत हरित हाइड्रोजन के उपयोग को बढ़ाने के लिए अगस्त 2021 में पहले ही राष्ट्रीय हरित मिशन की घोषणा कर चुका है। 2030 तक पांच मिलियन टन स्वच्छ ईंधन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए ग्रीन हाइड्रोजन नीति द्वारा मिशन का पालन किया जाता है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए भारत को लगभग 115 गीगावाट स्थापित अक्षय ऊर्जा और 50 बिलियन लीटर मीठे पानी के उत्पादन की आवश्यकता होगी।

बजट 2023 में, सरकार ने जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करने के लिए हरित ऊर्जा के लिए 35,000 करोड़ रुपये और हरित हाइड्रोजन मिशन के लिए अतिरिक्त 19,700 करोड़ रुपये के परिव्यय को मंजूरी दी है। आईआरएएनए 2022 की रिपोर्ट के अनुसार, जून 2022 तक वैश्विक स्तर पर 1500 से अधिक हरित हाइड्रोजन परियोजनाओं की घोषणा की गई थी। भारत में कई निजी और सार्वजनिक स्वामित्व वाली कंपनियां हरित हाइड्रोजन परियोजनाओं में निवेश कर रही हैं। इसके अलावा, भारत ने सालाना 20000 टन ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन करने के लिए स्वेज नहर आर्थिक क्षेत्र में 8 बिलियन डॉलर का निवेश करने के लिए मिस्र के साथ एक समझौते पर भी हस्ताक्षर किए हैं। 2016 में, सरकार ने भारत को स्वच्छ और हरित बनाने के लिए प्रोजेक्ट ग्रीन पोर्ट्स की शुरुआत की। हालांकि, आज तक इस परियोजना में बहुत कम प्रगति हुई है। जीवाश्म-ईंधन से संबंधित गतिविधियों को कम करने के लिए मौजूदा बंदरगाहों को तैयार करने और अक्षय ऊर्जा के उत्पादन और प्रबंधन को बढ़ाने में चुनौती बनी हुई है, जिसमें हरित हाइड्रोजन भी शामिल है। मैरीटाइम इंडिया विजन 2030 रिपोर्ट के अनुसार, सरकार की 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी को 10 प्रतिशत से कम के मौजूदा स्तर से बढ़ाकर 60 प्रतिशत से अधिक करने की योजना है।

हरित हाइड्रोजन के उत्पादन में पहली प्रमुख चुनौती हरे और भूरे/नीले हाइड्रोजन के बीच काफी लागत अंतर है। हरे हाइड्रोजन का उत्पादन ग्रे/नीले हाइड्रोजन की तुलना में दो से तीन गुना अधिक होता है। ग्रीन हाइड्रोजन की लागत मुख्य रूप से इलेक्ट्रोलिसिस और बिजली की लागत से निर्धारित होती है। विभिन्न प्रौद्योगिकी विकल्पों के आधार पर इलेक्ट्रोलिसिस से हाइड्रोजन की लागत 4.10/किग्रा - 7/किग्रा के बीच है। सौर और पवन की बिजली लागत को समतल किया जाता है। इसके अलावा, ईयू बैंक ग्रीन हाइड्रोजन की लागत कम करने के लिए भारत में ग्रीन हाइड्रोजन हब विकसित करने के लिए 1.1 बिलियन डॉलर प्रदान करेगा। इस प्रकार, यह उम्मीद की जाती है कि 2040 तक जीवाश्म ईंधन की लागत में वृद्धि होगी और हरित हाइड्रोजन की लागत में कमी आएगी।

सरकार को भारत में हरित हाइड्रोजन अपनाने को बढ़ावा देने के लिए जीएसटी को घटाकर 5 प्रतिशत करने और शुल्क छूट लागू करने की आवश्यकता है। दूसरी चुनौती नवीकरणीय ऊर्जा (पवन, सौर) की सीमित मात्रा और अधिक शोध और विकास की आवश्यकता है। तीसरी चुनौती का सामना बंदरगाह क्षेत्र में इलेक्ट्रोलाइजर और भंडारण उपकरण, जैसे कंप्रेसर, रेक्टीफायर, ड्रायर, कूलिंग वॉटर टावर इत्यादि के उत्पादन के लिए उपलब्ध भूमि की आवश्यकता है। चौथी चुनौती यह है कि हाइड्रोजन अत्यधिक ज्वलनशील और अस्थिर है, और रिसाव को रोकने के लिए व्यापक सुरक्षा उपायों की आवश्यकता है। पांचवीं चुनौती खराब विकसित पाइपलाइन नेटवर्क और खराब रसद बुनियादी ढांचा है। ग्रीन स्टील और ग्रीन अमोनिया जैसे ग्रीन हाइड्रोजन और हाइड्रोजन-एम्बेडेड उत्पादों के लिए मानक और लेबल विकसित करने के लिए कार्रवाई की जानी चाहिए।

सरकार को वैश्विक हाइड्रोजन गठबंधन के माध्यम से हरित हाइड्रोजन निर्यात को बढ़ावा देने का पता लगाने की आवश्यकता है। सरकार को राष्ट्रीय नीति का दूसरा चरण तैयार करना चाहिए, और राज्यों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रयासों के पूरक के लिए अपनी नीति शुरू करनी चाहिए। अभिनय में देरी होने पर भारत एक पर्याप्त अवसर से चूक सकता है।

## आप की बात

### कांग्रेसी यात्रायें

**कन्याकुमारी** से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा के बाद 26 जनवरी 23 से हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा चल रही है। इसके 26 मार्च तक खत्म होने के बाद कांग्रेस भारत जोड़ो यात्रा -2 अरुणाचल प्रदेश के परशुराम कुंड से आरम्भ करके गुजरात में महात्मा गांधी की जन्मस्थली पोरबंदर पर शायद समाप्त करेगी। इस तरह 2024 के चुनावों में फतह पाने के लिए राहुल गांधी की पैदल यात्राएं महात्मा गांधी की जन्मस्थली को समर्पित होगी। इस तरह कांग्रेस कार्यकर्ताओं के दलबल सहित राहुल गांधी की पैदल यात्राएं डूबती कांग्रेस को कितना तैयार कर पाएंगी यह तो भविष्य ही बतायेगा, लेकिन कांग्रेस की कोशिश जारी है। देखना होगा कि आम जनता कांग्रेस का हाथ कितना मजबूत करेगी। वैसे कांग्रेस यात्राओं के बारे में चालाकी बरत रही है। राहुल ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा कांग्रेस या उनको नहीं भारत को मजबूत करने के लिए है। रणनीति शायद यह है कि यदि कांग्रेस विफल होती है तो कहा जाएगा कि यात्राओं का चुनावी राजनीति से कोई संबंध नहीं था और थोड़ी भी चुनावी सफलता मिलने पर राहुल गांधी और उनकी यात्राओं को श्रेय दिया जाएगा। देखना होगा कि इन यात्राओं से विपक्षी दलों के बीच कांग्रेस का कद बढ़ता है या नहीं।

**शकुंतला महेश,** इंदौर

### रक्षा क्षेत्र का कायाकल्प

**एयरो** इंडिया 2023 की शुरुआत करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत ने 8-9 साल के भीतर डिफेंस सेक्टर का कायाकल्प किया है। 2024-2025 तक रक्षा निर्यात के आंकड़े को 1.5 बिलियन डालर से बढ़ाकर 5 बिलियन डालर तक ले जाएंगे। एक वक्त था जब भारतीय सेना के पैरों में बर्फ में चलने लायक जूते तक उपलब्ध नहीं थे तथा फायर प्रूफ जैकेट तक उपलब्ध नहीं थे। जिसके कारण उनकी जान का खतरा बढ़ जाता था। आज रक्षा क्षेत्र में हिंदुस्तान ने कायाकल्प कर लिया है। न सिर्फसैनिकों को सभी आधुनिक सुविधाएं और तकनीक प्राप्त है। बल्कि रक्षा उपकरणों के क्षेत्र में भी भारत की तीव्र प्रगति गौरवशाली है। रक्षा निर्यात को बढ़ाने का लक्ष्य भले ही अभी दुर्गम लग रहा है। मगर यदि इस क्षेत्र में सक्रिय सभी संस्थाएं एकजुट होकर राष्ट्र के काम में जुट जाएं तो इस लक्ष्य को समय पर अवश्य ही प्राप्त किया जा सकता है। भारत में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। अब सरकार भी हर मोर्चे पर तीव्र गति से आगे बढ़ रही है। अंतरराष्ट्रीय स्थितियों व सीमा पर दुश्मनों की हरकतों को देख कर रक्षा क्षेत्र व सेनाओं की मजबूती के लिए उठाए कदम स्वागत योग्य हैं।

**सुभाष बुडावन वाला,** रतलाम


### पर्यावरण-हितैषी होली

**कंडे** की होली जलाएं जिसके खरीदने पर लाखों गायों का साल भर का आहार का खर्च निकल जाएगा । ये कार्य पर्यावरण एवं गो सेवा के लिए पुनीत कार्य होगा। आज भी कई क्षेत्रों में दाह संस्कार में कंडों का ही पूर्ण रूप से उपयोग किया जाता है। जो की पर्यावरण व लकड़ी के हित में है। वर्तमान में मोहल्लों में कई स्थानों पर होली दहन किया जाने लगा है। यदि होली दहन एक ही स्थान पर किया जाए तो पर्यावरण के लिए हितकर होगा। वृक्ष वसंत के सूचक और हमारे जीवन में सदैव उपयोगी व पूजनीय रहे हैं। सूखे पहाड़ो पर बिना पत्ती के वृक्ष अपनी वेदना किसे बताये। जब बारिश होगी तभी इन वृक्षों पर हरियाली अपना डेरा जमा सकेगी। होली के लिए चोरी से ऐसे वृक्षों को बेजान समझकर बिना अनुमति के लोग काटने की ताक मे रहते हैं। वृक्षों से ही जंगल व पहाड़ों का सौंदर्य है। वृक्ष ही इन्सान के मददगार एवं अंतिम पड़ाव तक का साथी होता है साथ ही पशु-पक्षियों को आसरा प्रदान करता है। पर्यावरण-हितैषी होली के प्रति जागरूकता पैदा करें तथा संकल्प लें।

**संजय वर्मा,** धार

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

## फरमाया



**आज** का भारत लड़ाकू विमान पायलट की तरह तेजी से सोचता है, दूर की सोचता है तथा फौरन निर्णय लेता है।

- **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**विडंबना** है कि त्रासदी से सर्वाधिक प्रभावित अलेप्पो जैसे स्थानों के लोग अनुभवी हैं।

- **मार्टिन ग्रिफिथ्स**
ब्रिटिश सहायता प्रमुख





**सरकार** को निवेश सुरक्षित करने के सुझाव देने वाली समिति गठित करने पर कोई आपत्ति नहीं है।

- **तुषार मेहता**
सालिसिटर जनरल

# भारत की अखंडता अक्षुण्ण रखने में पूर्वोत्तर का बड़ा योगदान: योगी

## ● पूर्वोत्तर को शेष भारत से अलग रखने के हुए कुत्सित प्रयास: सीएम

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अखिल** भारतीय विद्यार्थी परिषद की वार्षिक अंतर राज्य छात्र जीवन दर्शन सील कार्यक्रम के तहत आयोजित राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा 2023 के दौरान बुधवार को 27 विद्यार्थियों के समूह ने मुख्यमंत्री से भेंट की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत की एकता और अखण्डता अक्षुण्ण रखने में पूर्वोत्तर राज्यों की राष्ट्रवादी भावना की सराहना की है। पूर्वोत्तर राज्यों से आए विद्यार्थियों के प्रतिनिधिमंडल से संवाद करते हुए उन्होंने कहा कि पराधीनता काल से लेकर आजादी के बाद भी पुर्वोत्तर राज्यों को शेष भारत से अलग-थलग रखने के अनेक प्रयास हुए।

वर्षों तक वहां के लोगों को मूलभूत संसाधनों तक से वंचित रखा गया लेकिन आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में रंग, रूप, वेशए भाषा का भेद त्याग कर पूरा देश एकजुट होकर राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ विकसित भारत के लिए अपना योगदान कर रहा है। पूर्वोत्तर के युवा आज जेईई, नीट और सिविल सेवा परीक्षा में सफलता प्राप्त कर अपने सपनों को पूरा कर रहे हैं।

## रंग, रूप, भाषा का भेद भुलाकर पीएम मोदी के नेतृत्व में एकजुट है देश: मुख्यमंत्री



लखनऊ आगमन पर विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश और पूर्वोत्तर के राज्यों के प्राचीन सांस्कृतिक व आध्यात्मिक संबंधों पर भी चर्चा की तो उनसे यात्रा के अनुभव के साथ-साथ पूर्वोत्तर के बारे में भी जानने का प्रयास किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 25 करोड़ की आबादी वाला उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा राज्य है। लखनऊ इसकी राजधानी है। यहां भ्रमण के दौरान विधान भवन जरूर देखें। यहां पब्लिक ट्रांसपोर्ट का आधुनिक माध्यम मेट्रो है, सभी उसका अनुभव प्राप्त करें। आजादी की लड़ाई ने असम, त्रिपुरा, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश की वीरगाथा का स्मरण करते हुए मुख्यमंत्री ने विद्यार्थी समूह को लखनऊ के निकट काकोरी भ्रमण का सुझाव भी दिया। सील प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जिस एक भारत श्रेष्ठ भारत के लिए काम करने की बात करते हैं वह कार्य अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बहुत पहले यानि वर्ष 1966 से सील यात्रा के माध्यम से कर रहा है।

उन्होंने कहा कि विविधता में एकता का जीवन्त अनुभव लेने का नाम है सील यात्रा। पूर्वोतर और भारत के शेष राज्यों के बीच मन की दूरी को समाप्त कर हृदय को हृदय से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का काम इस सील यात्रा ने किया है। किसी होटल, गेस्ट हाउस आदि में रुकने की व्यवस्था से दूर इन विद्यार्थियों को विभिन्न परिवारों के बीच रहते हुए अपने परिवार से दूर अपने एक नए परिवार का अनुभव प्राप्त होता है। यही आतिथ्य पूर्वोत्तर को शेष भारत के साथ आत्मीय जुड़ाव का कारण बनता है। पूर्वोत्तर को भारत की मुख्य धारा में लाने का सबसे सार्थक व उत्तम प्रयास अभाविप ने किया है। उन्होंने कहा कि दक्षिण एशिया के राष्ट्रों में भारतीय संस्कृति के प्रसार में पूर्वोत्तर के लोगों की बड़ी भूमिका रही है। अभाविप के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजशरण शाही ने कहा कि 166 प्रकार की जनजाति, अलग-अलग बोली, वेश भूषा और खान-पान, रहन-सहन जैसे विविधता से परिपूर्ण पूर्वोतर को शेष भारत से परिचय कराने की यात्रा का नाम है सील। इस यात्रा के माध्यम से भारत के पारंपरिक व सांस्कृतिक मूल्यों को जानने के साथ ही पूर्वोतर के सुंदर पर्यटन क्षेत्रए जैव विविधताए विविध लोक संस्कृति की विशेषता के बारे में समग्र भारत में प्रसार पूर्वोत्तर के विद्यार्थियों द्वारा किया जाता है। भारत के आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में इसबार पूर्वोतर के 482 छात्र-छात्रा भारत के 21 राज्यों में 64 स्थान पर जा रहे हैं। अभाविप के राष्ट्रीय संगठन मंत्री आशीष चौहान ने कहा कि विद्यार्थी परिषद ही एकमात्र ऐसा छात्र संगठन है जो अपने स्थापना काल से ही देश-समाज की प्रत्येक समस्या के समाधान हेतु सदैव अग्रणी भूमिका में खड़ा रहा है। अब तक 1500 से ज्यादा पूर्वोतर के विद्यार्थी और भारत के 500 से अधिक अन्य राज्यों के छात्र.छात्रा इस यात्रा में भाग लेकर राष्ट्रीय एकात्मता का अनुभव ले

## अब यूपी का युवा बाहर नहीं जाएगा अपने गांव-घर में ही रोजगार पाएगा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी का युवा अब बाहर नहीं जाएगा बल्कि अपने गांव-घर में ही रोजगार पाएगा। यहां के युवाओं के पास असीम प्रतिभा है। उनकी प्रतिभा और ऊर्जा के बल पर हम संभावनाओं को आगे बढ़ाएंगे। अभी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के जरिए 33 लाख 52 हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव आए हैं। ऐसा पहली बार हुआ जब किसी एक जिले में नहीं बल्कि यूपी के सभी 75 जिलों में निवेश होगा।

सीएम योगी ने बुधवार को आयोजित निजी चैनल के कॉन्क्लेव में अपनी बातें रखते हुए कहा कि यह यूपी के सामर्थ्य की झलक है। पहले भी यह सामर्थ्य था। 1947 में यूपी की प्रति व्यक्ति आय नेशनल एवरेज से अच्छी थी लेकिन जातिवाद-मजहब के आधार पर विभाजन किया गया। जाति व परिवार के नाम पर भ्रष्टाचार फैलाया गया। 2016-17 आते-आते इन लोगों के कारण यूपी की प्रति व्यक्ति आय नेशनल एवरेज से वन थर्ड आ गई। हम तेजी से बढ़े और 6 वर्ष में प्रतिवर्ष आय व जीडीपी को दोगुना किया। अगले 5 वर्ष में यह नेशनल एवरेज से आगे होगी।

**चीन का निवेश भारत और यूपी में आएगा:** सीएम ने कहा कि हम युवा को चीन क्यों भेजेंगे, चीन का निवेश भारत और यूपी में आएगा। यूपी को भारत के विकास का ग्रोथ इंजन बनाएंगे। छह वर्ष की प्रगति सार्थक दिशा में बढ़ी है। हमने टाटा के साथ वोकेशनल एजुकेशन के कुछ इंस्टीट्यूट विकसित करने की सहमति दी है। आने वाले समय में विश्व स्तरीय स्किल डेवलपमेंट के बहुत अच्छे सेंटर यूपी में बनने जा रहे हैं। इसमें टाटा मिलकर हमारे साथ काम करना चाहती है।

## अर्थदंड जमा कराकर जेल मंत्री ने मैनपुरी की महिला कैदी को रिहा कराया



**लखनऊ।** प्रदेश के कारागार एवं होमगार्ड्स राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मवीर प्रजापति को यह सूचना मिली कि जिला कारागार मैनपुरी में राजरानी नाम की एक महिला धारा 302 की सजा काट रही थी। सजा पूरी होने के बाद भी 25000 रुपए का अर्थदण्ड न भर पाने की वजह से जेल में रहने को मजबूर है। कारागार मंत्री द्वारा अर्थदण्ड की राशि जमा कराते हुए उस महिला बंदी को रिहा कराया गया। उन्होंने कहा कि ऐसे बंदियों की सूची तैयार करवा रहा हूं जो छोटे अर्थदंड ना भर पाने के कारण जेलों में रहने को मजबूर है। भारत सरकार द्वारा हाल ही में बजट में प्राविधान किया गया है कि छोटे अर्थदण्ड न भर पाने के कारण सजा काट रहे बंदियों को सरकार 26 जनवरी एवं 15 अगस्त के अवसर पर छोड़ा जाएगा। प्रजापति ने कहा कि बहुत से समाजसेवी हैं जो ऐसे गरीब परिवार के लोगों की मदद करने को तैयार हैं, जो बहुत छोटे-छोटे अर्थदण्ड में जेल में रहने को मजबूर हैं। इससे जहां जेलों में ओवरक्राउडिंग की समस्या भी कम होगी वहीं दूसरी तरफ इनके परिवारिक जीवन में भी खुशी आएगी।

### लखीमपुर खीरी का तिकुनिया कांड

## 20 मार्च तक आठ मुल्जिमों की अंतरिम जमानत मंजूर

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**लखीमपुर** खीरी के तिकुनिया कांड मामले में निरुद्ध अंकित दास समेत आठ मुल्जिमों को हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने 20 मार्च, 2023 तक के लिए अंतरिम जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है। साथ ही केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री के पुत्र आशीष मिश्रा को जमानत देते समय लगाई गई सुप्रीम कोर्ट की शर्तों को इन आठ मुल्जिमों पर भी लागू किया है। मामले की अगली सुनवाई 20 मार्च को होगी।

जस्टिस राजेश सिंह चौहान की एकल पीठ ने यह आदेश मुल्जिम अंकित दास, नंदन सिंह बिष्ट, लतीफ़ उर्फ काले, सत्यम त्रिपाठी उर्फ सत्य प्रकाश त्रिपाठी, शेखर भारती, आशीष पांडेय, रिंकू राणा व सुमित जायसवाल की ओर से दाखिल अलग-अलग जमानत याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करते हुए दिया है। इनकी ओर से तर्क दिया गया था कि सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले के मुल्जिम आशीष मिश्रा उर्फ मोनू को सशर्त जमानत दी है। लिहाजा इन्हें भी जमानत पर रिहा करना चाहिए। एकल पीठ ने इस पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा आशीष मिश्रा पर लगाई गई शर्तों के मुताबिक मुल्जिमां को रिहा करने का आदेश दिया। साथ ही यह स्पष्ट भी किया है कि वह अगली सुनवाई पर अंतरिम जमानत को जारी रखने अथवा समाप्त करने पर विचार करेगी।

## पुलिस महकमे में 37 एडीशनल एसपी के तबादले

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** की योगी सरकार ने पुलिस महकमे में एक बार फिर बड़ा फेरबदल किया है। सरकार ने एडीशनल एसपी स्तर के 37 पीपीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं। इनमें ज्यादातर जिलों में तैनात पुलिस अधिकारी शामिल हैं।

जिन एडीशनल एसपी का तबादला किया गया है उनमें विजय शंकर मिश्र को नक्सल, सोनभद्र से फतेहपुर, डॉ. संजय कुमार को नगर जौनपुर से फतेहगढ़, सुधीर जायसवाल को यातायात, आजमगढ़ से नगर शाहजहांपुर, गोपीनाथ सोनी को नगर गाजीपुर से ग्रामीण झांसी, डॉ. राजीव दीक्षित को उत्तरी सीतापुर से गौतमबुद्ध नगर कमिश्नरेट, बृजेश कुमार गौतम को लखनऊ कमिश्नरेट से नगर जौनपुर, संजय कुमार तृतीय को नगर शाहजहांपुर से यातायात आजमगढ़, अनिल कुमार यादव प्रथम को पूर्वी हरदोई से पीलीभीत, डॉ. हृदेश कठेरिया को लखनऊ कमिश्नरेट से गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट, अशोक कुमार प्रथम को ग्रामीण बहराइच से गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट, अजय प्रताप को फतेहगढ़ से ग्रामीण बदायूं, प्रकाश कुमार को हाथरस से उत्तरी सीतापुर, सिद्धार्थ वर्मा को ग्रामीण बदायूं से यातायात सहारनपुर, अशोक कुमार सिंह प्रथम को यातायात मुरादाबाद से हाथरस, पवित्र मोहन त्रिपाठी को पीलीभीत से ग्रामीण बहराइच, महेश सिंह अत्री को आपरेशन मिर्जापुर से मऊ, अनूप कुमार को हमीरपुर से यातायात निदेशालय, लखनऊ, नेपाल सिंह को ग्रामीण झांसी से खीरी, शंभू शरण यादव को सीबीसीआईडी मुख्यालय से पीटीसी सीतापुर, राजेन्द्र प्रसाद यादव को पीटीसी सीतापुर से सीबीसीआईडी मुख्यालय लखनऊ, प्रीतिबाला गुप्ता को पीटीसी मेरठ से 42वीं वाहिनी पीएसी प्रयागराज, श्रीपाल यादव को 42वीं वाहिनी पीएसी प्रयागराज से पीटीएस मेरठ, बलवंत कुमार चौधरी को यातयात निदेशालय लखनऊ से ग्रामीण गाजीपुर, मो. तारिक को 25वीं वाहिनी पीएसी रायबरेली से एटीसी सीतापुर, रफीक अहमद को 47वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद से 44वीं वाहिनी पीएसी मेरठ, असित श्रीवास्तव को मुख्यमंत्री सुरक्षा से नगर गाजीपुर, त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी को मऊ से सोनभद्र, सुभाष चंद्र गंगवार को गाजियाबाद कमिश्नरेट से यातायात मुरादाबाद, विश्वजीत श्रीवास्तव को रायबरेली से सचिवालय सुरक्षा लखनऊ, दिंगबर कुशवाहा को सचिवालय सुरक्षा लखनऊ से औरैया, शिष्यपाल को औरैया से 47वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद, मायाराम वर्मा को लखनऊ कमिश्नरेट से हमीरपुर, राधेश्याम राय को नगर झांसी से प्रशिक्षण निदेशालय लखनऊ, ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह को गाजियाबाद कमिश्नरेट से नगर झांसी, नवीन कुमार सिंह को बाराबंकी से रायबरेली, आशुतोष द्विवेदी को गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट से एएनटीएफ मुख्यालय लखनऊ और नृपेंद्र को वाराणसी से एडीशनल एसपी पूर्वी हरदोई के पद पर भेजा गया है।

## मुख्य सचिव से इण्डोनेशिया की राजदूत ने की भेंट

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र से इण्डोनेशिया की राजदूत इना एच कृष्णमूर्ति ने भेंट की। इस दौरान उत्तर प्रदेश में निवेश के संबंध में विचार-विमर्श किया गया। मुख्य सचिव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए अनुकूल माहौल होने के कारण दुनियाभर के निवेशकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। प्रदेश में कानून-व्यवस्था का बेहतर माहौल है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार इच्छुक निवेशकों को सभी जरूरी सुविधाओं एवं प्रोत्साहन उपलब्ध करा रही है। राज्य में अच्छी सड़कें, एक्सप्रेसवेज व एयर कनेक्टिविटी के साथ निर्बाध विद्युत आपूर्ति व पर्याप्त मात्रा में लैण्डबैंक उपलब्ध है। इण्डोनेशिया के निवेशकों के लिये अच्छा अवसर है। इस मौके पर मुख्य सचिव ने इण्डोनेशिया की राजदूत को ओडीओपी उत्पाद भेंट किया। बैठक में अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त अरविन्द कुमार भी उपस्थित थे।

## केन्द्रीय मंत्री अजय मिश्रा टेनी के खिलाफ पुनरीक्षण याचिका खारिज

**लखनऊ (विसं)।** हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने प्रभात गुप्ता हत्याकांड मामले में बरी केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा उर्फ टेनी के खिलाफदाखिल मृतक के पिता संतोष गुप्ता की पुनरीक्षण याचिका को खारिज कर दिया है। पीठ का कहना था कि वर्ष 2005 में संतोष गुप्ता की मौत हो चुकी है। ऐसी परिस्थिती में उनके कानूनी वारिस को सरकार की अपील में सुनवाई का अवसर देना उचित होगा। जस्टिस एआर मसूदी एवं जस्टिस ओम प्रकाश शुक्ला की पीठ ने यह आदेश दिया है। पीठ ने राज्य सरकार की अपील में प्रभात गुप्ता के भाई राजीव गुप्ता की ओर से उनके वकील द्वारा दाखिल वकालतनामा को भी रिकॉर्ड पर लेने का आदेश दिया है। सोमवार से इस अपील में रोजाना सुनवाई चल रही है। फिलहाल राज्य सरकार के वकील द्वारा बहस की जा रही है।

## अनियमितता व भ्रष्टाचार में परिवहन निगम के तीन क्षेत्रीय प्रबंधक निलंबित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक संजय कुमार ने अनिल कुमार क्षेत्रीय प्रबन्धक सहारनपुर क्षेत्र, विनोद कुमार कुमार शुक्ला तत्कालीन सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक (संचालन), उप्र परिवहन निगम अलीगढ़ डिपो और एलके त्रिवेदी प्रभारी सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक, सहारनपुर डिपो को निलंबित कर दिया है।

अनिल कुमार को सहारनपुर क्षेत्र के संचालन प्रतिफ लों में गिरावट लाने, लाभदायिकता में कमी लाने, भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने अधीनस्थ अधिकारियों, उपाधिकारियों, कार्मिकों पर पर्यवेक्षीय नियंत्रण शिथिल रखने, निगम की छवि जनमानस में धूमिल करने, मार्गों पर सघन प्रभावी निरीक्षण न करने निगम को वित्तीय क्षति पहुंचाने के उल्लंघन में अनुशासनिक कार्रवाई प्रख्यापित करते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। विनोद कुमार शुक्ला तत्कालीन सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक संचालन अलीगढ़ डिपो द्वारा अपने पदीय कर्तव्यों का भली भांति निर्वहन न करने, श्रीराम चालक को ड्यूटी पर न लिए जाने के कारण विधिक स्थिति उत्पन्न होने, न्यायालय के समक्ष निगम की छवि धूमिल करने, उच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्णय से अवगत न कराने, बिना समुचित कारण के चालक से कार्य न लेनेए मनमानेपन से कार्य करने एवं अपने कार्यों में लापरवाही शिथिलता बरतने, मुख्यालय के निर्देशों की अनदेखी करने के उल्लंघन का प्रथम दृष्टया उत्तरदायी पाते निलंबित कर दिया गया है।

इसके अलावा एलके त्रिवेदी प्रभारी सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक, सहारनपुर डिपो, सहारनपुर क्षेत्र द्वारा सहारनपुर डिपो के संचालन प्रतिफ लों में सुधार के लिए सार्थक प्रयास न करने, प्रतिफलों में गिरावट आने, डीजल औसत में कमी आने, निगम को हानि पहुंचाने, प्रशासनिक नियंत्रण शिथिल रखने, सहारनपुर डिपो की वाहन में 12 बिना टिकट यात्री पाए जाने तथा परिचालक द्वारा यात्रियों को जाली टिकट दिए जाने, भ्रष्टाचार में संलिप्त रहने तथा भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने, मार्गों की सघन चेकिंग न करने, लाभदायकता में कमी लाने, जपदीय कर्मणो एवं दायित्वों का निर्वहन न करने, मुख्यालय के निर्देशों की अवहेलना करने आदि के उल्लंघन किए जाने आदि गम्भीर आरोपों के प्रथम दृष्टया उत्तरदायी पाते हुए निलंबित कर दिया गया है।

## बल मर्डर के दोषी मुल्जिमों की सजा पर सुनवाई कल

**लखनऊ (विसं)।** एडीजे गौरव कुमार ने 27 वर्ष पहले मंडी परिषद कार्यालय के बाहर ठेकेदार भाईयों की दिन.दहाड़े गोली मारकर हत्या करने के चर्चित मामले में मुल्जिम मिंटू दास उर्फ पिंटू दास व अनिल रार्बट उर्फ ओनिल रार्बट को दोषी करार दिया है। उन्होंने मुल्जिमों की सजा के बिंदू पर सुनवाई के लिए 17 फरवरी की तारीख मुकर्रर की है। दो जनवरी 1996 को इस मामले की एफ्आईआर अनिल कुमार सिंह ने थाना हसनगंज में दर्ज कराई थी। सरकारी वकील अशोक त्रिपाठी के मुताबिक इनके बड़े भाई बीके सिंह व छोटा भाई महेंद्र प्रताप सिंह निरालानगर में मंडी परिषद के आफिस गए थे। वहां से बाहर निकलते ही ठेकेदारी की रंजिश में इनकी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

## आयुष कालेजों में अपात्र अभ्यर्थियों को प्रवेश देने का मामला

**लखनऊ।** भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के विशेष जज रमाकान्त प्रसाद ने वर्ष 2021.22 में नीट.यूजी की मेरिट को दरकिनार कर अपात्र अभ्यर्थियों को आयुष कालेजों में प्रवेश देने के मामले में 15 मुल्जिमों के खिलाफ दाखिल आरोप पत्र पर बुधवार को संज्ञान ले लिया। उन्होंने मुल्जिमों को आरोप पत्र की नकलें देने के लिए तीन मार्च की तारीख मुकर्रर की है। एसटीएफ के डिप्टी एसपी व इस मामले के विवेचक संजीव कुमार दीक्षित ने आरोप पत्र में आर्युवेद सेवाएं के पूर्व कार्यवाहक निदेशक प्रोण् सत्यनारायण सिंह व प्रभारी अधिकारी शिक्षा डॉ. उमाकान्त के साथ ही आर्युवेद निदेशालय के वरिष्ठ सहायक राजेश सिंहए कनिष्ठ सहायक कैलाश चंद्र भाष्कर व कुलदीप सिंह वर्मा को धोखाधड़ीए कूटरचनाए आपराधिक साजिश व आईटी एक्ट के साथ ही भ्रष्टाचार की धाराओं में आरोपी बनाया है।

### कानपुर देहात की घटना को लेकर यूपी की सियासत गर्म

# कांग्रेस ने राजभवन के सामने प्रदर्शन कर जताया विरोध



## ● घटना की न्यायिक जांच व समुचित आर्थिक सहायता प्रदान करे सरकार: बृजलाल खाबरी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**यूपी** के कानपुर देहात में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान जलकर मरीं मां.बेटी की मौत के मामले में कांग्रेस ने राज भवन के सामने प्रदर्शन कर अपना विरोध जताया। इस दौरान कई कांग्रेस नेता बैरिकेडिंग पर चढ़ गए और पुलिस से तीखी नोकझोंक हुई। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने योगी सरकार पर तीखे प्रहार करते हुए मामले की न्यायिक जांच और पीड़ित परिवार को समुचित आर्थिक सहायता देने की मांग की है।

कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल को राज्यपाल से मिलकर कानपुर देहात मामले में ज्ञापन देने के संबंध में समय न दिए जाने से नाराज बृजलाल खाबरी प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर प्रेस कांफ्रेंस कर रहे थे। खाबरी ने कहा कि कानपुर में मां और बेटी की जलकर हुई मृत्यु की यह जघन्य घटना योगी के बुलडोजर नीति का परिणाम है। क्योंकि योगी सरकार प्रदेशभर में अतिक्रमण और अन्यायपूर्ण बुलडोजर नीति अपनाकर जहां लगातर अपनी पीठ थपथपा रही है। वहीं जनमानस के बीच में भारतीय संविधान और कानून से विश्वास उठ रहा है। इस मौके पर पूर्व मंत्री व मीडिया विभाग के चेयरमैन नसीमुद्दीन सिद्दीकी घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि जिस तरीके से अतिक्रमण के नाम पर बर्बरता की गई। यह घोर प्रशासनिक लापरवाही और पुलिस की मनमानी का जीता जागता उदाहरण है। पूर्व मंत्री व प्रांतीय अध्यक्ष नकुल दुबे ने कहा लगातार योगी के पहले कार्यकाल और अब दूसरे कार्यकाल में भी ब्राह्मण समाज की हत्याओं का सिलसिला रुक नहीं रहा है। लगातार धर्म-जाति विघटन के नाम पर ब्राह्मणों का वोट हासिल करने वाली बीजेपी सरकार में आज सबसे ज्यादा ब्राह्मण, दलित और अतिपिछड़े त्रस्त हैं।

प्रदेश प्रवक्ता पंकज तिवारी ने बताया कि बुलडोजर नीति और भारतीय संविधान को कमजोर करने वाला जो षड्यंत्रकारी प्रयास किया जा रहा है, इसको लेकर कांग्रेसजन राज्यपाल से अपनी बात रखना चाहते थे। तिवारी ने बताया कि हम शांतिपूर्ण तरीके से राजभवन की ओर जा रहे थे। योगी सरकार ने तानाशाही रवैया अपनाते हुए बैरिकेडिंग लगाई और कांग्रेसियों को रोका।

## बसपा की मांग, सरकार बदले अपना जनविरोधी रवैया

### ● आतंकित करने वाली बुलडोजर राजनीति से अब निर्दोष गरीबों की जान भी जाने लगी है: मायावती

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**बसपा** प्रमुख मायावती ने कानपुर की घटना को लेकर योगी सरकार पर तीखा हमला करते हुए घटना को सरकार की बुलडोजर राजनीति का परिणाम बताया। मायावती ने इस घटना पर कहा कि देश व खासकर उत्तर प्रदेश जैसे गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई व पिछड़ेपन आदि से त्रस्त विशाल राज्य में भाजपा सरकार की लोगों को अति-लाचार एवं आतंकित करने वाली बुल्डोजर राजनीति से अब निर्दोष गरीबों की जान भी जाने लगी है, जो अति-दुखद व निन्दनीय है। सरकार अपना जनविरोधी रवैया बदले। मायावती ने कानपुर देहात की घटना के संबंध में बुधवार को एक के बाद एक, दो ट्वीट किए। उन्होंने कहा कि कानपुर देहात में अतिक्रमण हटाने के नाम पर हुई ज्यादती व आगजनी की घटना के दौरान झोपड़ी में रहने वाली मां-बेटी की मौत तथा 24 घंटे बाद उनके शव को उठाने की घटना यूपी सरकार के विज्ञापित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से ज्यादा चर्चाओं में हैं। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा है कि ऐसे में यूपी का जनहितकारी भला कैसे संभव है?

## सपा ने कहा, डीएम व एसपी को भी आरोपित करना चाहिए

### ● मानवता के लिए शर्मसार करने वाली घटना, पीड़ित परिवार को 5 करोड़ रुपए व दो सरकारी नौकरी दे सरकार: मनोज पांडेय



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** विधानमंडल दल के मुख्य सचेतक मनोज पाण्डेय ने घटना को मानवता के लिए शर्मसार करने वाला बताते हुए कहा कि कोरे आश्वासनों से पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिलेगा। भाजपा सरकार को इस कांड में जिलाधिकारी तथा एसपी को भी आरोपित करना चाहिए। पीड़ित परिवार को 5 करोड़ रूपये तथा दो सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्र भी संवेदना प्रकट करते समय दिए जाने चाहिए।

सपा के प्रदेश मुख्यालय पर प्रेस कांफ्रेंस में मनोज पाण्डेय ने कहा कि इस अमानवीय घटना में लेखपाल, गरीब ड्राइवर और पुलिस के छोटे कर्मचारियों को एफ आईआर में नामित किया गया है। क्या बुलडोजर चालक स्वयं कुछ कर सकता है, वहां एसडीएम और दूसरे अधिकारी थे जिनके सामने अमानवीय कृत्य हुआ। भाजपा का बुलडोजर गरीबों के लिए काल बन गया है। पांडेय ने कहा कि लज्जा की बात तो यह है कि जब समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल घटना की जांच करने और पीड़ित परिवार से संवेदना जताने जा रहा था उसे कई जगह रोका गया। कई विधायकों को रोका गया तो वे सब धरने पर विरोध में बैठ गए। प्रशासन घटना को छुपाने में लगा है। लोकतांत्रिक देश में संविधान राजस्व संहिता है। परिवार न्याय के लिए तीन बार डीएम के यहां गया। दूसरे अधिकारियों से गुहार लगाई। बेटे ने धरना दिया तो उसके विरुद्ध हिस्ट्रीशीट खुलवाने की धमकी दी गई। राजस्व संहिता के अनुसार गांव समाज की जमीन पर कब्जे की स्थिति में पहले नोटिस दी जाती है, दूसरे पक्ष को भी सुना जाना है। पर यहां तो परिवार के अंदर रहते हुए भी उनकी झोपड़ी में आग लगाए जाने का आरोप है। मां-बेटी उसमें जलकर मर गई। बेटी एलएलबी की पढ़ाई कर रही थी। मनोज पाण्डेय ने कहा कि कानपुर देहात की तरह और भी घटनाएं घट चुकी है। थोड़े दिन पहले बलवंत सिंह की कानपुर पुलिस हिरासत में मौत हुई। कन्नौज में अरुण शाक्य की हत्या की गई। बाराबंकी में तीरथ पाल की बुलडोजर कार्रवाई के दौरान सदमे से मौत। ललितपुर में एक दलित युवक मारा गया। रायबरेली में रोहित पासी को मजदूरी मांगने पर मारा गया। गाजियाबाद में ऑटो ड्राइवर की पुलिस पिटाई से मौत हुई।

# किसानों की समस्याओं का निदान है सर्वोच्च प्राथमिकता : जिलाधिकारी

**● किसान दिवस पर डीएम ने सुनी किसानों की समस्याएं, निस्तारण के दिए निर्देश**

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**बुधवार** को डीएम महेन्द्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में उप्र जैव ऊर्जा समितिध्जिला स्तरीय को.आर्डिनेशन कमेटीए प्राकृतिक खेतीध्जिला भूमि संरक्षण समितिध् कृषक उत्पादक संगठन की जनपद स्तरीय अनुश्रवण समितिध्जनपद स्तरीय परियोजना प्रबन्धक इकाई की बैठक एवं किसान दिवस का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ। डीएम ने मौजूद किसानों की न केवल समस्याएं सुनी बल्कि निराकरण के संबंध में मौजूद अफसरों को निर्देश दिए। किसानों की समस्याओं का निदान शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसानों के हितों को संरक्षित करने के लिए शासन.प्रशासन करते संकल्पित होकर काम कर रहा है। इसके लिए केंद्र एवं प्रदेश सरकार किसानपरक योजनाओं के जरिए उन्हें समृद्ध बनाने के लिए नित नए कदम उठा रही है। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि शासन किसानों को समृद्ध बनाने के लिए कृत संकल्पित होकर काम कर रहा है। किसान परक योजनाओं से जुड़कर खेती किसानी से अपनी आई को बढ़ाएं। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने आहवान किया कि जनपद में श्रीअन्न ;मिलेटद्ध के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए श्रीअन्न उत्पादन तथा प्रसंस्करण करके उपभोग हेतु उपलब्ध कराने वाले कृषक उत्पादक संगठन को एवं कृषकों को विकास भवन परिसर में स्टाल लगाकर बिक्री की सुविधा 25 फरवरी से 06 मार्च तक उपलब्ध करायी जायेगी। किसान भाईए सम्बन्धित सभी विभाग प्रयास करें कि जनपद प्रदेश में सबसे अधिक श्री अन्न उत्पादन करने वाला जनपद बन सके। सभी अधिकारी उत्पादक कृषकों एवं कृषक उत्पादक संगठनों को समर्थन देकर यह कार्य कर सकते है। तैयार उत्पाद स्वयं भी क्रय कर करें तथा अपने से जुड़े लोगों को भी प्रेरित करें। आर्यावर्त फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी लि0 द्वारा निर्मित मल्टीग्रेन आटा का उत्पादन किया जा रहा है जिसका स्टाल 27 से 28 फरवरीए 01 मार्च तकए सहभागी किसान बाजार बायो इनर्जी फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी लिव द्वारा निर्मित किये जा रहे सरसों का तेल का उत्पादन किया जा रहा हैए जिसका स्टाल 02 से 03 मार्च तक एवं कान्हा बाबू फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी लि0 द्वारा रागी बिस्कुट आदि लगाया जायेगाए जिसका व्यापक प्रचार.प्रसार कराया जाए। इसके अलावा मैगलगंज क्षेत्र में जो एफपीओ गठित है उनके माध्यम से रसगुल्ले का उत्पादन कराकर मार्केटिंग करायी जाए। कृषि वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र डाण् पीके बिसेन ने फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गनाइजेशन की मार्केटिंग के सम्बन्ध में कृषकों को अवगत कराया कि उनके द्वारा निर्मित किये जा रहे उत्पादों को आम जनता एवं कृषकों के मध्य प्रचार प्रसार से पहुँचाने की आवश्यकता है।

## नगर मजिस्ट्रेट ने अधिकारियों के संग किया रूट का भ्रमण

**संवाददाता।** शाहजहांपुर।

**नगर** मजिस्ट्रेट आशीष कुमार सिंह ने आगामी महाशिवरात्रि के प्रस्तावित जुलूस एवं झांकी के दृष्टिगत मार्ग का भ्रमण किया। उन्होंने सराय काइया से होते हुए पक्का पुल, पक्का पुल से होते हुए पुत्तू लाल चौराहा, पुत्तू लाल चौराहे से हाइवे होते हुए रोजा मंडी तक के रास्ते को देखा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जुलूस के मार्ग को दुरुस्त किया जाय। साथ ही विद्युत के ढीले तारों को ठीक कराए जाने एवं जुलूस के मार्ग पर विद्युत सुरक्षा के अन्य आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने हेतु भी नगर मजिस्ट्रेट ने निर्देश दिए। उन्होंने आयोजको को निर्देश दिया कि पूरी सतर्कता एवं अनुशासन के साथ जुलूस एवं झाँकी निकाली जाय। सुरक्षा की दृष्टि से प्रभारी निरीक्षक थाना आर सी मिशन एवं रोजा को भी आवश्यक निर्देश दिए।

## ग्राम पंचायतों में उप चुनाव की तिथियां घोषित

**● 20 फरवरी को जमा किए जायेंगे नामांकन पत्र**

**●22 फरवरी तक होगी नामांकन वापसी,**

**संवाददाता।** सीतापुर

**ग्राम** पंचायतों में रिक्त पदों के लिए कराये जाने वाले उप चुनाव को लेकर तिथियों की घोषणा कर दी गयी है। सीतापुर में प्रधान के दो व सदस्य ग्राम पंचायतों के रिक्त 92 पदों पर उपचुनाव कराया जाना है। उप चुनाव के लिए निर्वाचन अधिकारी व सहायक निर्वाचन अधिकारियों को भी नामित कर दिया गया है। उप चुनाव के लिए राज्य निर्वाचन आयोग की तरफ से जारी किए गए कार्यक्रम की जानकारी देते हुए डीएम अनुज सिंह ने बताया कि 20 फरवरी को प्रातः 10 बजे से सायं 04 बजे तक सम्बन्धित ब्लॉक मुख्यालय पर नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकेंगे। 21 फरवरी को प्रातः 10 बजे से नामांकन पत्रों की जांच की जायेगी। 22 फरवरी को सुबह 10 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक नामांकन पत्र वापस लिये जा सकेंगे। जिलाधिकारी ने बताया इसी दिन 03 बजे से चुनाव चिन्हों का आवंटन किया जायेगा। 02 मार्च को प्रातः 07 बजे से सायं 05 बजे तक मतदान होगा। 04 मार्च को प्रातः 08 बजे से मतगणना करायी जायेगी। डीएम ने बताया कि इस मध्य पड़ने वाले सार्वजनिक अवकाश के दिन भी सम्बन्धित कार्यालय खुले रहेंगे। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रधान पद के जिन दो पंचायतो में उपचुनाव होना है उनमें ब्लॉक खैराबाद की ग्राम पंचायत गद्दीपुर चिताहरी और ब्लॉक महोली की ग्राम पंचायत हाजीपुर शामिल हैं। उक्त दोनो पद महिलाओं के लिए आरक्षित हैं, इसके अलावा जिन 92 पदों पर ग्राम पंचायत सदस्य का चुनाव होना है उसमें ब्लॉक ऐलिया की ग्राम पंचायत रामपुर नयागांव, बंभौरा, बिशुनपुर सरेली, परेवा धेनापुर, देवई, रामपुर टिकवापारा, तिहार, मोहद्दीनपुर, गौरा आदि ग्राम पंचायते शामिल हैं। इसके अलावा ब्लॉक कसमण्डा की ग्राम पंचायत बिलरिया, बेहड़ा बैकुण्ठपुर, बिक्रमपुर, पीरनगर, मंगूपुर, असोधन, रमनगरा में उपचुनाव होगा। ब्लॉक खैराबाद की ग्राम पंचायत परसेहरा कला, अशरफपुर, बिनौरा, जैतीखेड़ा, पकरिया, मूसेपुर बलदेव सिंह, गद्दीपुर, चिताहरी, भवानीपुर विलियम साहब, नैपालापुर, गोंदलामऊ की ग्राम पंचायत कुमाऊग्रन्ट, परसेण्डी के महमूदपुर, अमौरा वलीरामा, ब्लॉक पहला का कबरा, ईश्वरवारा, कोरार में उपचुनाव होना है। ब्लॉक पिसावां के कुरैना, कोटरा, दुबावां, ब्लॉक बेहटा के माखूबेहड़, आंबा, मानपुर मल्लापुर, ब्लॉक बिसवां के रामपुर घरवा, कालूपुर, बिनैनी, न्यामतपुर, बघैया, सरांय, कंदुनी, निपनिया माफी, ब्लॉक मछरेहटा के मिर्जापुर दक्षिणी, उत्तरथोक, राजपुर प्रताप, गौरिया, बहोरनपुर, सकरारा, कंदुवापुर में उपचुनाव होना है।

## क्विक न्यूज

### पुलिस मुठभेड़ में पशु तस्कर गिरफ्तार

**बरेली।** रात में गोवंश पशु को काटने के लिए जंगल में ले जा रहे दो पशु तस्करों को पुलिस ने रोकने की कोशिश की तो तस्करों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी जवाबी फायरिंग में एक तस्कर पैर में गोली लगने से घायल हो गया और उसका साथी फरार हो गया पुलिस ने घायल तस्कर को गिरफ्तार कर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया और फरार तस्कर को गिरफ्तार करने की कोशिश शुरू कर दी।इज्जत नगर थाना क्षेत्र के गांव आदिलखियां से केसर के रोड पर गश्त कर रही पुलिस ने 2 लोगों को एक गोवंशीय पशु को खींच कर जंगल में ले जाते देखकर पुलिस ने रोकने की कोशिश की तो पशु तस्करों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी जवाबी फायरिंग में पुलिस ने भी फायरिंग की जिससे परतापुर चौधरी निवासी पशु तस्कर दानिश पुत्र छोटे घायल हो गया जबकि उसका दूसरा साथी भगवानपुर धीमरी गांव का रहने वाला जाबिर पुत्र छुट्टन मौके से फरार हो गया पुलिस ने दानिश को गिरफ्तार कर लिया और घायल अवस्था में इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया पुलिस ने गिरफ्तार किए गए दानिश के पास से पशु काटने के काम आने वाला छुरा, कुल्हाड़ी और लकड़ी का गुटका आदि बरामद किया।

### अपराधियों के विरूद्ध कार्रवाई, 38 गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** पुलिस द्वारा विगत 24 घण्टे में अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही कर'38 अपराधियों' को गिरफ्तार किया। एस. आनन्द पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण नगर के पर्यवेक्षण मे अवैध शराब निष्कर्षण, तस्करी, अवैध शस्त्र पर प्रभावी रोकथाम व अपराध मे संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत शाहजहाँपुर पुलिस द्वारा विगत 24 घण्टे मे अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही कर 38 अपराधियों' को गिरफ्तार किया। पुलिस ने अभियुक्तों के पास से 02 तमंचे मय 03 जिन्दा कारतूस तथा 02 चाकू के साथ 204 ली0 अवैध कच्ची शराब व 01 भट्टी बरामद की।

### मंदबुद्धि युवक की ट्रेन की चपेट में आकर मौत

**बरेली।** रेलवे लाइन पार कर रहा एक मंदबुद्धि युवक ट्रेन की चपेट में आ गया उसकी मौके पर ही मौत हो गई पुलिस ने शव को शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा।सीबीगंज थाना क्षेत्र के गांव बल्लाकोठा निवासी 35 वर्षीय जगदीश पुत्र सूरजपाल कि कल शाम घर से कुछ ही दूरी पर ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि जगदीश मूकबधिर होने के साथ-साथ मानसिक रूप से भी कमजोर था और कल दोपहर बिना बताए घर से बाहर गया था कुछ दूर चलने के बाद खड़उआ गांव के पास रेलवे लाइन पार करते समय उसकी ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के घरवालों को सूचना दी जो मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त कर ली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।

### बोर्ड परीक्षा के लिए बने 24 परीक्षा केंद्र

**मोहम्मदी खीरी।** हाई स्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए तहसील मोहम्मदी में 24 परीक्षा केंद्र बनेएउप जिलाधिकारी जोनल मजिस्ट्रेटए तहसीलदार ज्वाइट जोनल मजिस्ट्रेटए खंड शिक्षा अधिकारी मोहम्मदी और पसगवां सेक्टर मजिस्ट्रेट के रूप में रहेंगे तैनातए बिकास खंड मोहम्मदी मे 11 सेंटर और पसगवां बिकास खण्ड मे 13 सेंटरएसीसीटीवी कैमरे की नजर मे होगी परीक्षाएए हर परीक्षा केंद्र पर 2.2 केंद्र व्यवस्थापक रहेंगे मौजूदएसभी परीक्षा केंद्रों पर तैयारियां पूरी कल 7रू00 बजे होगी पहली हाईस्कूल की परीक्षाए परीक्षा केंद्र में कोई भी परीक्षार्थी जूता पहन कर प्रवेश नहीं कर सकेगा।

### क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी ने रामलीला स्थल का किया सर्वेक्षण

**बरेली।** क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी बरेली ने 28 फरवरी से प्रारंभ होने जा रही विश्व प्रसिद्ध एतिहासिक रामलीला स्थल का सर्वेक्षण किया, उसके बाद महामंत्री अंशु सक्सेना के निवास पर बैठक में इससे संबंधित महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा हुई जिसमें अध्यक्ष सर्वेश रस्तोगी ने अभिनय करने आने वाले रामलीला पात्रों के निवास व अन्य व्यय के संदर्भ में बताया, युवा अध्यक्ष गौरव सक्सेना ने राम बारात के रास्ते में टूटी हुई सड़कों का मुद्दा उठाया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विशाल मेहरोत्रा ने रथों की स्थिति तथा पात्रों की वेशभूषा के संदर्भ में अपना मशविरा दिया, अन्य पदाधिकारियों व सदस्यों ने भी अपनी-अपनी राय दी। गौरव सक्सेना ने बताया कि हमनें निदेशक संस्कृति मंत्रालय उत्तर प्रदेश शासन को पत्र लिखकर रामलीला स्थल के सर्वेक्षण का अनुरोध किया था जिसके फलस्वरुप बैठक में क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी स्वयं उपस्थित रहे और निरीक्षण भी किया। बैठक में अध्यक्ष सर्वेश रस्तोगी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अंशु सक्सेना, संजीव रस्तोगी, विवेक शर्मा, नीरज रस्तोगी, सुरेश कटिहा, राजू मिश्रा, शिवम रस्तोगी, कौशिक टण्डन उपस्थित रहे।

### युवती ने तेजाब पीकर की आत्महत्या

**बरेली।** माता पिता के बीच हो रहे झगड़ा बचाने में नाकाम एक युवती ने तेजाब पी लिया उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी।सीबीगंज थाना क्षेत्र के गांव जोगीठेर निवासी रियासत की बेटी अमीनत ने बीती रात इलाज के दौरान एक निजी अस्पताल में दम तोड़ दिया पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद मृतका के परिजनों ने बताया कि कल सुबह अमीनत के पिता रियासत का अपनी पत्नी से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया घर में मौजूद अमीनत में झगड़े को निपटाने की कोशिश की उसने माता-पिता को समझाने की कोशिश की लेकिन वह लगातार झगड़ा करते रहे जिससे गुस्साई अमीनत ने घर में रखा तेजाब पी लिया और कुछ देर बाद ही उसकी हालत बिगड़ गई पता चलने पर पिता ने इससे पहले स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया और फिर इलाज के लिए एक निजी अस्पताल ले गया जहां देर रात उसने दम तोड़ दिया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी मृतका चार भाई बहन थे ।

### बिजली कर्मचारियों के साथ मारपीट, पुलिस ने नही की कार्रवाई

**बरेली।** थाना सीबीगंज छेत्र में 10 फरवरी 2023 की सुबह बिजली चेकिंग के दौरान बिजली कर्मचारियों के साथ वहीं के रहने वाले चार लोगों द्वारा मारपीट की गई इस दौरान वीडियो बना रहे कर्मचारी का मोबाइल भी छीन लिया गया। उक्त मामले में 4 लोगों के खिलाफएफआई आर दर्ज की गई है जिन को लेकर कर्मचारियों ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से गिरफ्तारी की मांग की है एवं गिरफ्तारी ना होने पर कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी है। लाइनमैन सत्यवीर एवं मदन ने बताया 10 फरवरी 2023 को सुबह गोविंदा पुर टावर वाली गली में लाइन चेक कर रहे थे तभी अचानक बहादुर खां के पुत्र ताहिर, राशिद,पप्पू व गुड्डू ने हमला कर मोबाइल छीन लिया था बताया गया की कुछ क्षेत्रवासियों द्वारा समझाने पर शाम को मोबाइल तो वापस कर दिया परंतु उसका सब डाटा उड़ा दिया गया था।

### छात्रा को अश्लील मैसेज भेज कर जान से मारने की धमकी

**बरेली।** एक छात्रा को इंस्टाग्राम पर अश्लील मैसेज भेजने वाले युवक ने विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी जिसकी शिकात छात्रा ने आज एसएसपी से करते हुए कार्रवाई की मांग की मीरगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली छात्रा ने आज एसएसपी से शिकायत में बताया कि वह बीएससी की छात्रा है। पिछले कुछ दिनों से एक युवक उसके इंस्टाग्राम पर अश्लील मैसेज कर उससे रिक्वेस्ट कर रहा है इंकार करने पर वह उसको जान से मारने की धमकी देता है।

## बरेली रेलवे जंक्शन पर हो रही अवैध वसूली, आरपीएफ पुलिस कर रही है शोषण

**बरेली।** ऑटो रिक्शा टेंपो चालक वेलफेयर एसोसिएशन ने आरपीएफ पुलिस के द्वारा शोषण उत्पीड़न और जंक्शन पर अवैध वसूली को लेकर जिलाध्यक्ष कृष्ण पाल के नेतृत्व में सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन दिया। अध्यक्ष कृष्णपाल ने आरोप लगाया है ऑटो चालक सवारी छोड़ने जंक्शन पर जाते हैं वहां पर मौजूद कथित पार्किंग के ठेकेदार के द्वारा सड़क पर अवैध वसूली की जाती है यह वसूली पार्किंग के नाम पर की जाती है जब पार्किंग रेलवे ग्राउंड में है वसूली का विरोध करने पर चाबी छीन ली जाती है या मारपीट की जाती है तथा आरपीएफ पुलिस द्वारा जबरन ऑटो रिक्शा को बंद कर दिया जाता है और रुपए लेकर छोड़ देते हैं। रेलवे पुलिस प्रशासन के द्वारा हो रही अवैध वसूली पर तत्काल रोक लगाने की मांग की पुलिस व ठेकेदार द्वारा अवैध वसूली के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की।

## मंडलायुक्त ने की विकास कार्यक्रमों की प्रगति की मंडलीय समीक्षा

**संवाददाता।** बरेली

**मंडलायुक्त** संयुक्ता समद्दार की अध्यक्षता में आज विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की प्रगति की मंडलीय समीक्षा बैठक आयुक्त सभागार में सम्पन्न हुई। मण्डलायुक्त ने समस्त जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि जो भी रिटें इस समय लम्बित हैं उनकी समीक्षा कर प्रभावी पैरवी की जाए, ताकि मा0 न्यायालय के स्तर से कोई विपरीत आदेश पारित न हो। उन्होंने समस्त जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि नगर निगमध्नगर पालिकाओं में अभिलेखों के रखरखाव की स्थिति खराब है, जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए इसे शीघ्र सही कराने के निर्देश दिये। उन्होंने समस्त जिलाधिकारियों एवं मुख्य विकास अधिकारियों को निर्देश दिये कि जो भी अधिकारीध् कर्मचारी विभागीय कार्यों में लापरवाही कर रहे हैं, उनके खिलाफ कार्यवाही की जाये। उन्होंने ओवर ब्रिज कॉर्पोरेशन अनुपस्थित होने के कारण उनके खिलाफ आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने अपर निदेशक, पशुपालन को निराश्रित गोवंश को संरक्षित किये जाने हेतु आवश्यकतानुरूप कैटल कैचर क्रय किये जाने एवं समस्त विकास खण्डों में एक-एक वृहद गो संरक्षण केन्द्र बनाये जाने हेतु भूमि चिन्हांकित कर प्रस्ताव स्वीकृति हेतु शासन को प्रेषित किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने जल जीवन मिशन के अन्तर्गत बैठक में त्रुटिपूर्ण प्रगति उपलब्ध कराने तथा योजना के प्रभावी अनुश्रवण न किये जाने के कारण अधीक्षण अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) को प्रतिकूल प्रविष्टि दिये जाने के निर्देश दिये। मण्डलायुक्त को जिलाधिकारी पीलीभीत ने अवगत कराया कि जल आपूर्ति अमृत योजना के अन्तर्गत कई वार्डों में पानी पहुंचने में समस्या उत्पन्न हो रही है जिस पर मण्डलायुक्त ने नाराजगी व्यक्त करते हुये एस.ई. जल निगम को इसमें शीघ्र सुधार करने के निर्देश दिये।

## विश्व हिन्दी सम्मेलन को केंद्रीय गृह राज्यमंत्री ने किया सम्बोधित

**लखीमपुर** खीरी। फिजी के नाडी में 12वें विश्व हिन्दी सम्मेलन को विदेश मंत्री भारत सरकारए श्री एस0 जयशंकरए फिजी के प्रधानमंत्री सित्विनी राबुका, विदेश राज्यमंत्री भारत सरकार वी0 मुरलीधरन एवं माननीय केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री, भारत सरकार अजय कुमार मिश्रा ने उद्घाटन किया। उक्त कार्यक्रम का उद्घाटन फिजी के माननीय प्रधानमंत्री सित्विनी राबुका, भारत के विदेश मंत्री एसण् जयशंकर, केन्द्रीय विदेश राज्यमंत्री वी.मुरलीधरन एवं केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्रा ने किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री ने कहा कि आज से सैकड़ों वर्ष पूर्व हमारे देश के एक विद्वान पं0 नरायन शास्त्री ने एक हिन्दू प्रदेश में इस पूरी दुनिया को गांव से भी एक छोटी इकाई का रूप दिया था। उन्होंने कहा था कि वसुद्यम कुटुम्बकम।


**सांकेतिक कब्जा सूचना**

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., लैंडमार्क बिल्डिंग, चतुर्थ तल, 228ए, एजेसी बोस रोड, कोलकाता–700020 सीआईएन नंबर : एल65190जीजे1994पीएलसी021012, www.icibank.com

जबकि,

अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नवर्णित कर्जदारों को मांग सूचनाएं जारी की थी, जिसमें उनसे सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि का भुगतान, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।

कर्जदार उपरोक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का सांकेतिक कब्जा निम्नवर्णित तिथियों को प्राप्त कर लिया है। कर्जदार को विशेष रूप से तथा जन साधारण को एतद्द्वारा उक्त सम्पत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा उक्त सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की बकाया राशि के प्रभाराधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्जदार का नाम/ऋण खाता संख्या | सम्पत्ति का वर्णन/सांकेतिक कब्जा की तिथि | मांग सूचना की तिथि/ मांग सूचना में राशि (रू.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सुब्रत नाग/लिपि नाग/बी–1/99, अरावली अपार्टमेंट, सेक्टर–34, नोएडा, जिला जी.बी. नगर, नोएडा, उत्तर प्रदेश, नोएडा–201301/ एलबीसीएएल00001927521 | फ्लैट नंबर 3ई, तृतीय तल, ब्लॉक नंबर 80, मौजा–चकजोतशिबरामपुर, जेएल नंबर 25, होल्डिंग नंबर ई–3–398, वार्ड नंबर 14 (नया) बेहला, पीएस महेशतला, महेशतला नगरपालिका, कोलकाता–700141, पश्चिम बंगाल (परिमाप क्षेत्रफल 1110 वर्ग फीट सुपर बिल्ट अप एरिया)/सांकेतिक कब्जा की तिथि : 10–02–2023 | 23–11–2022 रू. 3,23,521/– | नोएडा/ कोलकाता |

उपरोक्त कर्जदार (रों)/गारंटर (रों) को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उपरोक्त राशि 30 दिन के भीतर चुकता कर दें, अन्यथा इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की अवधि व्यतीत होने पर उक्त बंधक रखी सम्पत्तियां प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002, के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुसार बेच दी जाएंगी।

तिथि : 16 फरवरी, 2023
स्थान : नोएडा

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड



**इंटीग्रा टेलीकम्युनिकेशन ऐंड सॉफ्टवेयर लिमिटेड**

सीआईएन :– एल74899डीएल1985पीएलसी020286

पंजीकृत कार्यालय :– फ्लैट नंबर 1311, 13वां तल, देविका टावर 6, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली–110019
कार्पोरेट कार्यालय :– 610/611, निर्मल गैलेक्सी एवियर, एल.बी.एस. रोड, मुलुंड (डब्ल्यू), मुंबई–400080
ई–मेल आईडी :– info@integratelesoftware.com; वेबसाइट : www. integratelesoftware.com

31–12–2022 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु लेखापरीक्षित परिणामों के विवरण का सारांश

(राशि लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | तिमाही समाप्त | | | वर्ष समाप्त |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 31–12–2022 अ–लेखापरीक्षित | 30–09–2022 अ–लेखापरीक्षित | 31–12–2021 अ–लेखापरीक्षित | 31–03–2022 लेखापरीक्षित |
| 1. | परिचालन से कुल आय | 3.78 | 28.85 | 27.13 | 115.61 |
| 2. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पूर्व) | (4.95) | 21.11 | 15.46 | 77.61 |
| 3. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर से पहले (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | (4.95) | 21.11 | 15.46 | 77.61 |
| 4. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | (4.95) | 21.11 | 15.46 | 69.00 |
| 5. | अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित हैं] | (4.95) | 21.11 | 15.46 | 69.00 |
| 6. | इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य रू. 10/– प्रति शेयर) | 1,056.00 | 1,056.00 | 1,056.00 | 1,056.00 |
| 7. | संचेय (पुनर्मूल्यन संचेय छोड़कर, जैसाकि पूर्व वर्ष के तुलनपत्र में दर्शाया गया है) | | - | - | (0.94) |
| 8. | प्रति शेयर अर्जन (रू. 10/–प्रत्येक का) (जारी और बंद प्रचालनों हेतु) मूल एवं तनुकृत | (0.05) | 0.20 | 0.15 | 0.65 |

नोट्स :–

1. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व और अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्ज में प्रस्तुत किए गए अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारकित रूप है। वित्तीय परिणाम लेखापरीक्षा समिति द्वारा पुनरीक्षित किए गए थे और निदेशक मंडल द्वारा दिनांक 14 फरवरी, 2023 को आयोजित उनकी संबंधित बैठक में अनुमोदित किए गए थे। वित्तीय परिणामों का फार्मेट स्टॉक एक्सचेन्ज की वेबसाइट www.bseindia.com तथा कम्पनी की वेबसाइट www.integratelesoftware.com पर उपलब्ध है।

वास्ते इंटीग्रा टेलीकम्युनिकेशन ऐंड सॉफ्टवेयर लिमिटेड
हस्ता./–
रामास्वामी नारायण अय्यर
प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 03045662

स्थान : मुंबई
तिथि : 14–02–2023



SUNLOC

**सुनील हेल्थकेयर लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालय : 38ई/252–ए, विजय टावर, शाहपुरजाट, नई दिल्ली–110049
ई–मेल : info@sunilhealthcare.com] वेबसाइट : www.sunilhealthcare.com
सीआईएन : एल24302डीएल1973पीएलसी189662

**31 दिसम्बर, 2022 को समाप्त तिमाही और नौ माह हेतु पृथक्कृत एवं समेकित अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण**

(रू. लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | पृथक्कृत | | | | | | समेकित | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | तिमाही समाप्त | | | नौ माह समाप्त | | वर्ष समाप्त | तिमाही समाप्त | | | नौ माह समाप्त | | वर्ष समाप्त |
| | | 31 दिसम्बर 2022 अलेखापरीक्षित | 30 सितम्बर 2022 अलेखापरीक्षित | 31 दिसम्बर 2021 अलेखापरीक्षित | 31 दिसम्बर 2022 अलेखापरीक्षित | 31 दिसम्बर 2021 अलेखापरीक्षित | 31 मार्च 2022 लेखापरीक्षित | 31 दिसम्बर 2022 अलेखापरीक्षित | 30 सितम्बर 2022 अलेखापरीक्षित | 31 दिसम्बर 2021 अलेखापरीक्षित | 31 दिसम्बर 2022 अलेखापरीक्षित | 31 दिसम्बर 2021 अलेखापरीक्षित | 31 मार्च 2022 लेखापरीक्षित |
| 1 | परिचालन से कुल आय | 2,589.90 | 3,235.65 | 3,132.84 | 9,267.19 | 8,627.63 | 11,792.71 | 2,603.43 | 3,241.24 | 3,162.94 | 9,276.99 | 8,799.39 | 12,083.96 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पहले) | 50.33 | 315.16 | 311.03 | 975.49 | 406.56 | 957.11 | 11.26 | 303.54 | 304.14 | 897.23 | 360.04 | 926.47 |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर से पहले (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 50.33 | 315.16 | 311.03 | 975.49 | 406.56 | 957.11 | 11.26 | 303.54 | 304.14 | 897.23 | 360.04 | 926.47 |
| 4 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 31.46 | 224.90 | 223.76 | 703.11 | 290.91 | 677.68 | (7.94) | 212.65 | 216.18 | 623.21 | 240.99 | 642.06 |
| 5 | अवधि हेतु कुल समावेशी आय खजिसमें अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) शामिल है, | 31.46 | 224.90 | 223.76 | 703.11 | 290.91 | 671.71 | (24.84) | 204.03 | 216.70 | 586.57 | 237.27 | 642.06 |
| 6 | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य रू 10/–प्रत्येक) | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 |
| 7 | संचेय (पुनर्मूल्य संचेय छोड़कर) जैसाकि पिछल वर्ष के लेखापरीक्षित तुलनपत्र में दर्शाया गया है | - | - | - | - | - | 4,453.49 | - | - | - | - | - | 3,970.01 |
| 8 | प्रति शेयर अर्जन (असाधारण मदों के बाद) (रू. 10/– प्रत्येक का) | | | | | | | | | | | | |
| | (क) मूल (रू.) | 0.31 | 2.19 | 2.18 | 6.86 | 2.84 | 6.61 | (0.08) | 2.07 | 2.11 | 6.08 | 2.35 | 6.26 |
| | (ख) तनुकृत (रू.) | 0.31 | 2.19 | 2.18 | 6.86 | 2.84 | 6.61 | (0.08) | 2.07 | 2.11 | 6.08 | 2.35 | 6.26 |

नोट्स :

1. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन और अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्जेज में प्रस्तुत किए गए समाप्त तिमाही/नौ माह के वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारकित रूप है। समाप्त तिमाही/नौ माह के वित्तीय परिणामों का पूर्ण विवरण स्टॉक एक्सचेन्ज की वेबसाइट (www.bseindia.com) पर तथा कम्पनी की वेबसाइट (www.sunilhealthcare.com ) पर उपलब्ध है।
2. चूंकि कम्पनी का व्यवसाय एकल प्राथमिक व्यवसाय खण्ड नामतः कैप्सूल की बिक्री के अंतर्गत आता है, अतः कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के साथ पठित तदधीन जारी प्रासंगिक नियमों के तहत निर्धारित भारतीय लेखांकन मानक (आईएनडी एएस–108) "प्रचालन खण्ड" के प्रकटीकरण की आवश्यकता लागू नहीं है।
3. उपरोक्त परिणामों का पुनरीक्षण लेखापरीक्षा समिति द्वारा और अनुमोदन निदेशक मंडल द्वारा दिनांक 14 फरवरी, 2023 को सम्पन्न उनकी संबंधित बैठकों में किया गया है।
4. पूर्व अवधियों के आंकड़े, जहां कहीं आवश्यक है, उन्हें चालू अवधि वर्गीकरण के अनुरूप बनाने के लिए, पुनर्समूहित/पुनर्व्यवस्थित किए गए हैं।

अनिल खेतान
अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 00759951

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 14–02–2023

# कार सवार बदमाशों ने किया दिनदहाड़े छात्रा का अपहरण

● घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधिकारी पहुंचे मौके पर

● अपहरणकर्ताओं की खोज में एसपी ने गठित की स्पेशल टीमें

**संवाददाता।** माधौगढ़, जालौन



**बुधवार** को कोतवाली क्षेत्र में दिनदहाड़े हुई बीकॉम की छात्रा के अपहरण होने की जानकारी जैसे ही क्षेत्रीय लोगों को मिली तो हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही एसपी ने घटनास्थल का निरीक्षण कर पुख्ता जानकारी की और स्पेशल टीमें गठित कर मामले का खुलासा करने में लगा दी।

माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चितौरा निवासी साधना कुशवाहा 19 वर्ष पुत्री शिव बहादुर सिंह बीकॉम की छात्रा है। जो माधौगढ़ में स्थित सिहारी बस स्टैंड के पास बने स्टेट बैंक के ग्राहक सेवा केंद्र पर प्राइवेट नौकरी करती है। बताया गया कि वह रोज की तरह बुधवार सुबह के वक्त प्रातः साढ़े आठ बजे के लगभग वह स्टेट बैंक ग्राहक सेवा केंद्र में नौकरी करने के लिए घर से निकली हुई थी। जैसे ही वह अपने गांव से आगे रोज वैली स्कूल के पास पहुंची। तभी कार सवार अज्ञात बदमाशों ने उसको रास्ते से अगवा कर लिया। इस घटना के बारे में तब जानकारी हुई जब अगवा युवती की मौसी ने घर परिवार के लोगों को जानकारी दी। क्योंकि घटना के समय युवती अपनी मौसी से बात कर रही थी। दिनदहाड़े हुए युवती के अपहरण की जानकारी से इलाके में हड़कंप मच गया। जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक डॉ ईरज राजा माधौगढ़ पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच में जुट गए। पुलिस अधीक्षक ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। जहां पर युवती का बैग भी मिला, जिसको पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा का कहना है कि परिजनों की माध्यम से युवती के अगवा होने की सूचना मिली है। उन्होंने बताया कि सारे इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण तथा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से सबूत जुटाने का प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार कर युवती को सकुशल बरामद कर लिया जाएगा।

फिलहाल मामले को जल्द सुलझाने के लिए टीमें बना दी गई, जो मामले की जांच में जुटी है। वहीं उन्होंने बताया कि इस घटना के 12 दिन पहले युवती के पिता पॉक्सो एक्ट के मामले में जेल गए हैं। उस मामले को भी नजर में रखते हुए मामले की जमीनी स्तर पर जांच की जा रही है।

## राष्ट्रीय ध्वज वालंटियर्स को मिला सम्मान

**फतेहपुर।** टीम तिरंगा सेव तिरंगा टीम के तरफ से राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे झंडे के सम्मान में चलाये जा रहे जागरूकता अभियान में निरंतर निस्वार्थ भाव से राष्ट्रहित में सहयोग प्रदान करने वाले राष्ट्रीय ध्वज वालेंटियर्स को राष्ट्रीय ध्वज प्रतिष्ठा रक्षक सम्मान से बुधवार को पूर्वान्ह 11 बजे सदर अस्पताल के सामने 100 फिट राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के पास राष्ट्रीय ध्वज को सलामी एवं पुष्पहार कर सभी चयनित बंधुओं को टीम संस्थापक श्रेष्ठ रस्तोगी की अध्यक्षता में सम्मानित किया गया। सम्मान हासिल करने वालों में यूथ आइकान डॉ अनुराग श्रीवास्तव, कुमार शेखर, सुशील कुमार, रामचंद्र सैनी, शमशाद, महिला अध्यक्ष प्रतिभा मिश्रा, प्रवीण कुमार गुप्ता, अमृतलाल मौर्य, अमित कुमार, अमित साहू, रामचंद्र निषाद, सुनील कुमार शामिल हैं। टीम संस्थापक ने कहा कि उनकी टीम लगातार राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करती है। राष्ट्रीय पर्वों पर तिरंगा फेंके नहीं हमें दें कार्यक्रम भी चलाया जाता है।

# महाशिवरात्रि और फागुन मेले की तैयारी

● मेला खत्म होने तक डियूटी स्थल से न हटें जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट- जिलाधिकारी

**संवाददाता।** चित्रकूट।



**जिलाधिकारी** अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला की उपस्थिति में महाशिवरात्रि पर्व एवं फाल्गुन मास की अमावस्या मेला को सकुशल संपन्न कराएं जाने के संबंध में एक आवश्यक बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त जोनल/ सेक्टर मजिस्ट्रेटों तथा पुलिस अधिकारियों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस वर्ष हिंदू पंचांग के अनुसार 18फरवरी को महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाएगा तथा 20 फरवरी को फाल्गुन मास की अमावस्या मेला है। जिन अधिकारियों की महाशिवरात्रि एवं अमावस्या मेला को सकुशल संपन्न कराने के लिए लगाई गई है वह अपने-अपने स्थान पर तैनात रहकर पुलिस अधिकारियों के साथ संपर्क स्थापित करते हुए महाशिवरात्रि का पर्व एवं अमावस्या मेला को सकुशल संपन्न कराएं। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी तथा जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि साफ-सफाई पूरे मेला क्षेत्र की अच्छी तरह से करा दिया जाए साथ ही जहां पर महाशिवरात्रि का पर्व शिवालयों (ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में)में मनाया जाएगा वहां पर भी अच्छी प्रकार से साफसफाई कराएं। उन्होंने अधिशासी अधिकारी कर्वी को निर्देशित किया अन्ना पशु रोड पर दिखाई न दे, मोबाइल व टायलेट की व्यवस्था भी सुनिश्चित करें। कहा कि रामघाट पर नाव व गोताखोर की भी व्यवस्था सुनिश्चित कराएं । उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि विद्युत व्यवस्था रामघाट एवं परिक्रमा मार्ग पर लगातार निर्बाध रूप से बनी रहे। उन्होंने जल संस्थान के अधिकारियों से कहा कि पेयजल की व्यवस्था टैंकरों तथा वाटर सप्लाई के माध्यम से लगातार जारी कराएं। ताकि बाहर से आने वाले तीर्थ यात्रियों को किसी भी प्रकार की कोई समस्या न हो। मुख्य चिकित्सा अधिकारी से कहा कि स्वास्थ्य सुविधा व्यवस्थित कराएं। उन्होंने बताया कि मेला परिक्षेत्र में सौ सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है जिसका कंट्रोल रूम कलेक्ट्रेट में बनाया गया है।

## कानपुर देहात घटना पर कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

**फतेहपुर।** कानपुर देहात के मड़ौली में अतिक्रमण हटाने के नाम को लेकर बुलडोजर से घर गिराने व मां-बेटी के जिंदा जलकर मर जाने की हृदय विदारक घटना को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पर धरना-प्रदर्शन किया। तत्पश्चात राज्यपाल को ज्ञापन भेजकर घटना की न्यायिक जांच कराकर दोषियों को सजा दिलाये जाने के साथ ही पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिये जाने की मांग की। कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष अखिलेश पांडेय की अगुवाई में पदाधिकारी नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम को सौंपकर बताया कि लोकतंत्र में बुलडोजर के लिए कोई स्थान नहीं है। झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले भी इंसान है और संविधान ने उन्हें भी समान अधिकार दिया है। झोपड़ियों में कार्रवाई से पूर्व प्रबंधन और जिला प्रशासन उन्हें वैकल्पिक व्यवस्था दे। बुलडोजर समस्या का समाधान नहीं है। बुलडोजर विध्वंस, दहशत, भय और विनाश का प्रतीक है।

# श्री शक्ति डिग्री कालेज छात्रों ने बनाई विशाल मानव श्रृंखला



**संवाददाता।** घाटमपुर

**श्री** शक्ति डिग्री कालेज शाखाहारी के स्टूडेंन्टों ने प्रवक्ता रउनंन्दन विद्यार्थी के मार्ग दर्शन में मानव श्रंखला से 620 की आकृति बनायी। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंधक एवं उत्तर प्रदेश का स्व लिखित महाविद्यालय एसोसिएशन के अध्यक्ष विनय त्रिवेदी ने कहा की यह अत्यंत गर्व का विषय है कि जी-20 देशों की बैठक का आयोजन वर्ष 2023 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता मे भारत में किया जा रहा है। इस अवसर पर श्री शक्ति डिग्री कॉलेज सांखाहरी में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता निर्धारित करने वाली देश की सर्वोच्च संस्था राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद के साथ संयुक्त रूप से 18 एवं 19 मार्च 2023 को बेसिक साइंस एडुकेशन से ग्रामीण क्षेत्र का विकास विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन कॉलेज परिसर मे किया जाएगा साथ इस ग्रामीण क्षेत्र के लोगों मूक नाटिका, नुक्कड़ नाटिका एवं निबंध लेखन आदि के माध्यम से स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ प्रभाकांत मिश्र ए डॉ प्रणय शुक्लाए डॉ जय किशोर ए श्री सुभाष सिंह आदि ने भी स्टूडेंट्स के साथ इस कार्यक्रम मे सहभागिता की।

# छात्रों में बोर्ड परीक्षा का भय समाप्त करेंगे कालेज के मन दूत व मन परी

**संवाददाता।** हमीरपुर

**शासन** ने पहली बार प्रदेश में बोर्ड परीक्षाओं के भय से विद्यार्थियों को बचाने के लिए प्रत्येक माध्यमिक विद्यालयों में विद्यालय के ही एक छात्र छात्रा को मनपरी व मनदूत रूप में नियुक्त किया है। मनपरी व मनदूत को राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षित किया जा चुका है। ऐसे छात्रों की सूचना यह दोनों मानसिक स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक व काउंसलर को देगें।

जिला अस्पताल की मानसिक स्वास्थ्य विभाग की काउंन्सलर प्रगति गुप्ता ने आज बताया कि आज कल विद्यार्थियों की पढ़ाई में बढ़ते बोझ के कारण ज्यादातर छात्र-छात्राएं बोर्ड परीक्षा के समय डिप्रेशन में आ जाते हैं और वह परीक्षा की तैयारी न कर एकदम एकांत में रहना पसंद करते हैं। कल सो बोर्ड परीक्षाएं शुरु हो रही है इसलिये यह कार्यक्रम सामयिक है।



छात्र छात्राओं को प्रेरित करती काउन्सेलर

छात्र छात्राएं बोर्ड परीक्षा की तैयारी से दूर भागने लगते हैं। ऐसी स्थिति में शासन ने पहली बार राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम संचालित कर बच्चों को बोर्ड परीक्षा के लिए तैयार कर मनोबल बढ़ाने का काम किया है। माध्यमिक विद्यालयो में पढ़ रहे एक छात्र को मनदूत व एक छात्रा को मनपरी नाम दिया गया है जो छात्र परीक्षा के समय डिप्रेशन मे आ जाते है उन्हे पहले मनपरी व मनदूत प्रेरित करेगे इसके बाद यदि स्थिति नही संभलती तो वह मानसिक रोग के काउन्सलर को सूचित करते है। इसके लिए मानसिक स्वास्थ्य विभाग की वरिष्ठ काउंसलर नीता वर्मा व प्रगति गुप्ता सहित चार लोगों की डयूटी माध्यमिक विद्यालयों में लगाई गई है। जहां पर छात्र छात्राओं को सामूहिक रुप से बोर्ड परीक्षा का भय निकालने व मन में नकारात्मक सोच समाप्त कर सकारात्मक सोच विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है। अभी तक जिले में करीब 20 विद्यालयों में छात्रों को डिप्रेशन से बचाने के लिए काउंसिलिंग की जा चुकी है और इन्हीं विद्यालयों में मनपरी व मनदूत की नियुक्ति की गई है। यह जनपद में पहली बार लागू किया गया है।

## क्विक न्यूज

### प्रेमिका के मिलने से मना करने पर खुद को मारी गोली



**हमीरपुर।** वैलेंटाइन डे के पर थाना मुस्करा क्षेत्र में मंगलवार देर रात एक युवक ने युवती के घर के भीतर घुसकर प्रेम का इजहार करना चाहा, लेकिन युवती के तैयार न होने पर युवक ने खुद को तमंचे से गोली मार कर आत्महत्या करने का प्रयास किया गंभीर हालत में युवक को इलाज के लिये लखनऊ में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक क्षेत्र के गहरौली गांव निवासी आशिक राजपूत गांव की एक युवती से एक तरफा प्यार करता था कल देर रात वैलेंटाइन डे पर युवक प्रेमिका से मिलने उसी के घर जाकर इजहार करने गया, लेकिन लड़की के मना करने पर उसी के घर के अंदर खुद को गोली मार ली। सूचना मिलते ही युवक के परिवारी जनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहा डाक्टरों ने उसे गंभीर हालत में रेफर कर दिया, घटनास्थल पर एक बुलेट भी बरामद हुआ है लेकिन अभी किसी तरफसे कोई प्रार्थना पत्र नहीं मिला है। घायल का लखनऊ के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### डिजिटल गैलरी रामायण दर्शन का प्रसारण एक माह से ठप्प



**चित्रकूट।** तीर्थयात्रियों के लिए आकर्षण के केंद्र डिजिटल गैलरी रामायण दर्शन का प्रसारण पिछले एक महीने से ठप्प है। बुंदेली सेना ने सांसद से शिकायत कर रामायण दर्शन और लेजर शो जल्द शुरु कराने की मांग की है। बुधवार को बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार की स्वदेश स्कीम के तहत पावन तीर्थ चित्रकूट में कामदगिरि परिक्रमा पर पर्यटकों एव श्रृद्धालुओं की सुविधा को रामायण दर्शन-डिजिटल गैलरी का निर्माण पर्यटन विभाग ने कराया है। परियोजना की मंजूरी लागत 904.16 लाख स्वीकृति वर्ष 2018-2019 है। भगवान श्रीराम के मर्यादा पुरुषोत्तम जीवन पर आधारित 40 मिनट के शो का निर्माण पर्यटन विभाग ने कराया है। डिजिटल रामायण गैलरी-रामायण दर्शन में दो भाग हैं। प्रथम भाग में त्रिआयामी शो का प्रदर्शन किया जाता हैं। जिसमें रामायण के प्रसंगों को डिजिटल शो के रूप में प्रदर्शित किया जाता है। अग्र भाग में चित्रकूट के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों की जानकारी टच पैनल के माध्यम से पर्यटकों को उपलब्ध कराई जाती हैं। दस मिनट के होलोग्राफिक शो के माध्यम से रामायण का सार भी दिखाया जाता है।

### अधिवक्ता परिषद उ.प्र. की सदर तहसील इकाई का गठन

**फतेहपुर।** अधिवक्ता परिषद उप्र (एपीयूपी) काशी प्रान्त की जिला इकाई द्वारा तहसील स्तर पर संगठन का विस्तार करते हुए सदर तहसील इकाई का गठन किया गया है। नवगठित कमेटी में सावन कुमार श्रीवास्तव को अध्यक्ष, विनय शंकर त्रिवेदी व सचिन कुमार श्रीवास्तव को उपाध्यक्ष, मनीष त्रिपाठी को महामंत्री, अरविन्द अग्रहरि को कोषाध्यक्ष एवं दिनेश द्विवेदी को संगठनमंत्री बनाया गया है। महामंत्री सन्तोष कुमार त्रिपाठी द्वारा जारी मनोनयन पत्र में काशी प्रसाद मिश्र, महेन्द्र श्रीवास्तव, सनत श्रीवास्तव, कमल किशोर मिश्रा, श्रीकान्त गुप्ता, दिनेश गुप्ता, राजेश गुप्ता, सुरेश अग्निहोत्री, रामेन्द्र श्रीवास्तव, अवधेश कुमार शुक्ला, सुधीर कुमार श्रीवास्तव एडवोकेट को सदस्य कार्यकारिणी नामित किया गया है। उपरोक्त मनोनयन पर अधिवक्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है। उपरोक्त पदाधिकारियों से जिला इकाई ने अधिवक्ता व संगठन हित में कार्य करने की अपील की गई है।

### खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग की जिला कमेटी की समीक्षा बैठक



**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग की जिला स्तरीय कमेटी की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग के लंबित मामलों की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। एसपीओ को बेहतर मॉनिटरिंग के साथ खाद्य सुरक्षा के लंबित मामलों का समयबद्ध निस्तारण कराने के निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी को स्वयं भी रेस्टोरेंट में जाकर सैंपलिंग कराने के निर्देश दिए। औषधि निरीक्षक को भी औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

# मुख्तार के बेटे अब्बास अंसारी को कड़ी सुरक्षा में कासगंज जेल भेजा गया

**चित्रकूट।** जेल में बन्द माफिया डान मुख्तार अंसारी के विधायक बेटे अब्बास अंसारी को कड़ी सुरक्षा के बीच कासगंज के पचलाना जेल में शिफ्ट किया गया। आज दोपहर अपरान्ह दो बजे जिला पुलिस अब्बास को लेकर कासगंज पहुंची। 2.17 बजे पुलिस की गाड़ी पचलाना जेल के अन्दर दाखिल हुई। मेडिकल कराने के बाद अब्बास को जेल में दाखिल किया गया। बुधवार को कड़ी सुरक्षा के बीच जिले की रगौली जेल से एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी की अगुवाई में विधायक अब्बास अंसारी को पुलिस टीम कासगंज की ओर ले चली। जेल गेट पर पुलिस व पीएसी के जवान तैनात रहे। आज सवेरे साढ़े पांच बजे पुलिस अब्बास को चित्रकूट जेल से कासगंज के लिए लेकर निकली थी। अब्बास को कैदी वाहन से बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे होते हुए कासगंज ले जाया गया। काफिले में छह गाडियां मौजूद थीं। साथ में सीओ शीतला प्रसाद पाण्डेय समेत मऊ, सरधुआ, भरतकूप, मानिकपुर थाने की फोर्स मौजूद रही। काफिले में तीस से ज्यादा पुलिस कर्मी शामिल रहे। रास्ते में आने वाले हर जिले और थाने की पुलिस को एलर्ट किया जाता रहा। करीब साढ़े आठ घंटे के सफर के बाद पुलिस टीम अब्बास को लेकर कासगंज पहुंची। पांच दिन पहले जेल से अब्बास की पत्नी निखत को पकड़ा गया था। इसके बाद शासन ने चित्रकूट के जेलर समेत सात लोगों को निलम्बित किया था। इसी बीच अब्बास की जेल बदलने की संस्तुति की गई थी। मंगलवार शाम को शासन ने अब्बास को कासगंज जेल शिफ्ट करने की अनुमति दी थी। अब्बास की पत्नी निखत फिलहाल चित्रकूट जेल में ही बन्द रहेगी।




# कड़ी सुरक्षा में सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में होंगी बोर्ड परीक्षाएं

●नकल कराने वालों पर लगेगा रासुका : जिला विद्यालय निरीक्षक

**चित्रकूट।** जिला विद्यालय निरीक्षक देवेन्द्र स्वरुप ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज से संचालित हाईस्कूल एवं इंटर बोर्ड परीक्षाएं आज से जिले में बनाये 44 परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में शुरू होंगी। बोर्ड परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सभी जगह सुरक्षा व्यवस्था के चौकस प्रबंध किए गए हैं। इस बार जिले में 26755 परीक्षार्थी बोर्ड परीक्षा में बैठेंगे। इनमें हाईस्कूल में 15008 और इंटर में 11747 परीक्षार्थी शामिल है। इसमें हाईस्कूल में 7929 बालक और 7079 बालिकाएं परीक्षा देंगी, जबकि इंटर की बोर्ड परीक्षा में 6301 बालक 5446 बालिकाएं परीक्षा में सम्मिलित होंगी।

बुधवार को जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र स्वरूप ने बताया कि बोर्ड परीक्षा शासन की मंशानुसार निष्पक्ष पारदर्शी व्यवस्था के तहत नकल विहीन कराई जाएगी। शासन और विभाग के निर्देशानुसार सभी परीक्षा केंद्रों पर नकल रोकने को व्यापक इंतजाम किए गए हैं। हर परीक्षा केंद्र में सभी कमरों में सीसीटीवी कैमरे, वॉइस रिकॉर्डर समेत लगाए गए हैं। प्रत्येक परीक्षा केंद्र में केंद्र व्यवस्थापक और अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक के अलावा स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। वहीं नकल रोकने को जिले को सात सेक्टर और चार जोन में बांटा गया है। हर जोन में उप जिलाधिकारी को जोनल मजिस्ट्रेट बनाया गया है, जबकि सेक्टर मजिस्ट्रेट की डयूटी में जिम्मेदार कर्मठ जिला स्तरीय अधिकारी तैनात किए गए हैं। शिक्षा विभाग ने नकल रोकने को पांच सचल दल परीक्षा के दौरान लगातार छापामारी करेंगे। इनमें जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, डायट प्राचार्य, लेखा अधिकारी और प्रधानाचार्य शारदा प्रसाद गुप्ता की अगुवाई में सचल दल गठित किए गए हैं। शिक्षा निदेशक ने मंडल स्तरीय सचल दल गठित किया है। जिसके प्रभारी मंसाराम पटेल, डिप्टी डायरेक्टर चित्रकूट धाम बांदा की ड्यूटी लगाई गई है। बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों में 13 फरवरी को ही प्रश्न पत्र पहुंचा दिए गए हैं। प्रश्न पत्रों को पुलिस की सुरक्षा में रखा गया है।

## हिंदू महासभा ने डीएसओ कार्यालय का किया घेराव

**फतेहपुर।** अखिल भारत हिंदू महासभा द्वारा पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार जिला पूर्ति कार्यालय का घेराव करके धरना प्रदर्शन किया गया। तत्पश्चात जिला खाद्य अधिकारी अमरेंद्र त्रिवेदी को एक मांग पत्र सौंपा गया। धरने को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री मनोज त्रिवेदी ने कहा कि पात्र व्यक्तियों के ऑनलाइन कराने के बावजूद भी विभाग द्वारा राशन कार्ड नहीं बनवाए जाते हैं। कोटेदार प्रत्येक कार्ड में घटतौली करके राशन देते हैं और भोली भाली जनता को कई बार दौड़ आने के बाद गल्ला देते हैं। साथ ही साथ गैस एजेंसियों द्वारा होम डिलीवरी के नाम पर 25 से 50 रूपये की अतिरिक्त वसूली की जाती है। जिस पर शीघ्र अंकुश लगाया जाए। यदि मांगों पर गंभीरतापूर्वक कार्यवाही न की गई तो 15 दिन बाद एक मार्च से जिला पूर्ति कार्यालय में क्रमिक धरना प्रारंभ कर दिया जाएगा। प्रदर्शन में प्रमुख रूप से जिला प्रवक्ता स्वामी राम आसरे आर्य, करण सिंह पटेल, शशिकांत मिश्रा, अर्जुन वैद्य, अनमोल शुक्ला, आचार्य विजय त्रिपाठी, राजाराम, सुनील कुमार गुप्ता, शिवा निषाद, कमलाकांत दुबे, महिला जिलाध्यक्ष संगीता गुप्ता, सरला सिंह, नीलम यादव, सुनीता साहू, कीर्ति मिश्रा भी मौजूद रहे।

## गश खाकर महिला यमुना नदी के पुल से गिरी

**हमीरपुर।** बहन के साथ अपने मायके जा रही एक महिला स्थानीय यमुना पुल के बीच में आटो से उतर गई तभी गश खाकर नदी में जा गिरी मछुवारों ने उसे देख आनन फानन पानी से बाहर निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया है। महोबा जनपद के कबरई थानाक्षेत्र के महेवा गांव निवासी कामता की पुत्री निशा (35) पत्नी बलकेश यादव की ससुराल जनपद कानपुर नगर के घाटमपुर कस्बे में है। निशा अपनी बहन रागिनी के साथ ससुराल से मायके जा रही थी। कानपुर सागर हाईवे में घाटमपुर से आटो में बैठकर मुख्यालय आ रही थी। तभी निशा यमुना नदी में बीच पुल में आटो रुकवाकर अचानक वहीं उतर गई। अचानक उसे चक्कर आ गया और वह अपने आप को संभाल नहीं पाई और पुल की रेलिंग से नीचे यमुना नदी में गिर गई। बहन रागिनी ने शोर मचाया तो नदी में मछली का शिकार कर रहे मछुवारों ने आनन फानन नाव लेकर महिला को पानी से बाहर निकाला। महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। उसकी हालत ठीक बताई जा रही है।

# पेज एक का शेष

## चीन से तनाव...

सुरक्षा के लिए और सुरक्षाबल, बॉर्डर आउट पोस्ट की जरूरत थी। बता दें कि सन 2020 के जून में चीन सेना के साथ भारतीय सैनिकों की झड़प हुई थी। इसमें 20 भारतीय जवान शहीद हो गए थे। चीन के भी लगभग 35 सैनिकों के भी इस झड़प में मारे जाने की खबरें आई थीं। इसके बाद दोनों देशों ने सीमा पर अपने सैनिकों और गोला-बारुद की संख्या में बढ़ोतरी की है। उसी समय से भारत सीमा पर अपनी स्थिति लगातार मजबूत करने की दिशा में काम कर रहा है।

## सामरिक महत्व...

का प्रावधान किया गया है जिसमें 2500 करोड़ रुपये सड़कों के निर्माण पर खर्च किए जाएंगे। ठाकुर ने कहा कि यह देश की उत्तरी सीमा के सामरिक महत्व को ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण है। इससे इन सीमावर्ती गांवों में सुनिश्चित आजीविका मुहैया कराई जा सकेगी जिससे पलायन रोकने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही सीमावर्ती क्षेत्रों की सुरक्षा को भी मजबूती मिलेगी। इस कार्यक्रम से चार राज्यों एवं एक केंद्र शासित प्रदेश के 19 जिलों और 46 सीमावर्ती ब्लाकों में आजीविका के अवसर और आधारभूत ढांचे को मजबूती मिलेगी। इससे उत्तरी सीमावर्ती क्षेत्र में समावेशी विकास सुनिश्चित हो सकेगा। इस कार्यक्रम से यहां रहने वाले लोगों के लिए गुणवत्तापूर्ण अवसर प्राप्त हो सकेंगे। इससे समावेशी विकास हासिल करने तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में जनसंख्या को बनाए रखने में सहायता मिलेगी। इस कार्यक्रम के पहले चरण में 663 गांवों को शामिल किया जाएगा। इस योजना का उद्देश्य उत्तरी सीमा के सीमावर्ती गांवों में स्थानीय, प्राकृतिक और अन्य संसाधनों के आधार पर आर्थिक प्रेरकों की पहचान और विकास करना तथा सामाजिक उद्यमिता प्रोत्साहन, कौशल विकास तथा उद्यमिता के माध्यम से युवाओं व महिलाओं को सशक्त बनाना है। वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के तहत इन इलाकों में विकास केंद्र विकसित करने, स्थानीय संस्कृति, पारंपरिक ज्ञान और विरासत को प्रोत्साहन देकर पर्यटन क्षमता को मजबूत बनाने और समुदाय आधारित संगठनों, सहकारिता, एनजीओ के माध्यम से एक गांव एक उत्पाद की अवधारणा पर स्थाई इको-एग्री बिजनेस के विकास पर ध्यान केंद्रीत किया जाएगा। बयान के अनुसार, वाइब्रेंट विलेज कार्य योजना को ग्राम पंचायतों की सहायता से जिला प्रशासन द्वारा तैयार किया जाएगा। केंद्रीय तथा राज्य योजनाओं की शत-प्रतिशत पूर्णता सुनिश्चित की जाएगी। इनके तहत सभी मौसमों के अनुकूल सड़क, पेयजल, 24 घंटे, सौर तथा पवन ऊर्जा पर केंद्रित विद्युत आपूर्ति, मोबाइल तथा इंटरनेट कनेक्टिविटी, पर्यटक केंद्र, बहुद्देशीय सेंटर तथा स्वास्थ्य एवं वेलनेस सेंटर के विकास पर जोर दिया जाएगा। इसमें कहा गया है कि यह सीमा क्षेत्र विकास कार्यक्रम से अलग होगा।

## बीबीसी के...

के कुछ सप्ताह बाद यह औचक कार्वाई हुई। इस सर्वे को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और विपक्षी दलों के बीच तीखी राजनीतिक बहस शुरू हो गई है। विपक्ष ने इस कदम की जहां निंदा की, वहीं भाजपा ने बीबीसी पर भारत के खिलाफ जहरीली रिपोर्टिंग करने का आरोप लगाया। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बीबीसी इंडिया के कार्यालयों पर आयकर विभाग के सर्वे को बुधवार को बहुत दुर्भाग्यपूर्ण बताया और आरोप लगाया कि यह भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार का राजनीतिक प्रतिशोध है। कांग्रेस ने बीबीसी (ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन) के भारतीय कार्यालयों पर आयकर विभाग के सर्वे को लेकर बुधवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि जब देश जी 20 की अध्यक्षता कर रहा है तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दुनिया भर में भारत का मजाक बना रहे हैं। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने कहा कि बीबीसी कार्यालयों में आयकर विभाग के सर्वे अभियान में कुछ भी नया नहीं है क्योंकि भाजपा की अगुवाई वाली सरकार ने कथित तौर पर कश्मीर में पत्रकारों के खिलाफ इसी तरह के उपाय अपनाए थे। एआईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जब आपातकाल (1975-77) के दौरान जब बीबीसी भाजपा के अनुकूल था तो उनके नेता विदेशी प्रसारक की प्रशंसा करते थे। इस कार्वाई पर आयकर विभाग की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। इस बीच बीबीसी ने कहा कि वह आयकर अधिकारियों के साथ पूरा सहयोग कर रहा है। बीबीसी न्यूज प्रेस टीम ने मंगलवार को रात 10 बजकर 26 मिनट पर ट्वीट किया, आयकर अधिकारी इस समय नई दिल्ली और मुंबई में बीबीसी कार्यालयों में हैं। कई कर्मचारी इमारत से चले गए हैं लेकिन कुछ को वहीं रहने के लिए कहा गया है और वे सहयोग कर रहे हैं। पोस्ट में कहा गया है, हम इस दौरान अपने कर्मचारियों का समर्थन कर रहे हैं और उम्मीद करते हैं कि यह स्थिति जल्द से जल्द हल हो जाएगी। हमारा आउटपुट और पत्रकारिता सामान्य रूप से जारी है और हम भारत में अपने दर्शकों की सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सर्वे ऑपरेशन के तहत आयकर विभाग केवल कंपनी के व्यावसायिक परिसर की ही जांच करता है और इसके प्रवर्तकों या निदेशकों के आवासों और अन्य स्थानों पर छापा नहीं मारता। उच्चतम न्यायालय ने पिछले हफ्ते विवादित वृत्तचित्र के मद्देनजर भारत में बीबीसी पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के अनुरोध वाली याचिका को खारिज कर दिया था।

## आजम के बेटे...

उच्च न्यायालय ने उनके चुनाव को रद्द कर दिया था। न्यायालय ने कहा था कि वर्ष 2017 में हुए विधानसभा चुनाव में स्वार सीट से जीत हासिल करने वाले अब्दुल्ला चुनाव लड़ने के लिए निर्धारित न्यूनतम आयु 25 वर्ष से कम उम्र के थे। अब्दुल्ला के पिता और रामपुर सदर सीट से तत्कालीन सपा विधायक आजम खां को वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में नफरत भरा भाषण देने के मामले में रामपुर की अदालत ने पिछले साल अक्टूबर में तीन साल की सजा सुनाई थी, इसके बाद उन्हें भी विधानसभा की सदस्यता के अयोग्य घोषित कर दिया गया था। पिछले साल आठ दिसंबर को हुए रामपुर सदर विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में भाजपा के आकाश सक्सेना ने आजम खां के करीबी सपा प्रत्याशी आसिम राजा को हराकर सीट पर पहली बार भाजपा का परचम लहराया था। आजम रामपुर विधानसभा सीट से नौ बार विधायक रह चुके हैं।

## त्रिपुरा में विधानसभा...

राज्य के मुख्यमंत्री माणिक साहा टाउन बारडोवली निर्वाचन क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार हैं, जबकि केंद्रीय मंत्री प्रतिमा भौमिक भाजपा के टिकट पर धनपुर से चुनाव लड़ रही हैं। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के राज्य सचिव जितेंद्र चौधरी सबरूम विधानसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। वह वाम-कांग्रेस गठबंधन का चेहरा हैं। टिपरा मोथा प्रमुख प्रद्योत देबबर्मा चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। भाजपा 55 सीटों पर चुनाव लड़ रही है जबकि उसकी सहयोगी आईपीएफटी ने छह सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं, एक सीट पर दोस्ताना मुकाबला होगा। माकपा 47 सीटों पर चुनाव लड़ रही है जबकि उसकी गठबंधन सहयोगी कांग्रेस 13 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। टिपरा मोथा ने 42 सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं। तृणमूल कांग्रेस ने 28 सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं जबकि 58 निर्दलीय उम्मीदवार हैं। राज्य में सत्तारूढ़ भाजपा ने सबसे अधिक 12 महिला उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। चुनाव प्रचार के दौरान, भाजपा ने पिछले पांच वर्षों में पूर्वोत्तर राज्य में हुए विकास पर प्रकाश डाला, वाम मोर्चा और कांग्रेस ने भाजपा-आईपीएफटी सरकार के 'कुशासन' पर जोर दिया। टिपरा मोथा का चुनावी मुद्दा ग्रेटर टिपरालैंड राज्य की मांग है।

# मोदी, बाइडन ने प्रौद्योगिकी साझेदारी महत्ता पर की चर्चा

**भाषा।** वाशिंगटन



**अमेरिका** के राष्ट्रपति जो बाइडन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका और भारत के बीच प्रौद्योगिकी संबंधी साझेदारी की महत्ता पर चर्चा की। अमेरिकी राष्ट्रपति की प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। दोनों नेताओं ने अपनी बातचीत में साझा प्राथमिकताओं पर सहयोग को विस्तार देने एवं आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने के लिए मिलकर व क्वाड (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) जैसे समूहों में काम करते रहने की प्रतिबद्धता जताई।

दोनों नेताओं ने एअर इंडिया और बोइंग के बीच ऐतिहासिक समझौते की घोषणा के बाद मंगलवार को फोन पर बात की। इस समझौते के तहत एअर इंडिया अमेरिकी विमान निर्माता से 200 विमान खरीदेगा। अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक कार्यालय व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरीन ज्यां पियरे ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, उन्होंने (मोदी एवं बाइडन ने) भारत और अमेरिका के बीच प्रौद्योगिकी साझेदारी के महत्व पर भी चर्चा की। दोनों नेताओं ने अमेरिका-भारत संबंधों की ताकत की पुष्टि की और अपनी साझी प्राथमिकताओं पर सहयोग को विस्तार देने एवं आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने के लिए मिलकर व क्वाड जैसे समूहों में एवं मिलकर काम करते रहने की प्रतिबद्धता जताई। अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, भारत और जापान ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती सैन्य मौजूदगी के बीच इस अहम क्षेत्र में महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों को हर प्रकार के प्रभाव से मुक्त रखने के लिए एक नई रणनीति विकसित करने के लिए काफी समय से लंबित क्वाड की स्थापना के प्रस्ताव को नवंबर 2017 में आकार दिया था। यह पूछे जाने पर कि क्या बाइडन ने प्रधानमंत्री मोदी को इन गर्मियों में व्हाइट हाउस आमंत्रित किया है, पियरे ने कहा, मैं इस पर टिप्पणी नहीं करूंगी, लेकिन उनके बीच अच्छी बातचीत हुई। प्रेस सचिव के अनुसार, उन्होंने बोइंग और एअर इंडिया के बीच हुए ऐतिहासिक समझौते पर चर्चा की। पियरे ने कहा, राष्ट्रपति बाइडन ने उल्लेख किया कि यह बिक्री 44 राज्यों में कैसे 10 लाख से अधिक अमेरिकी नौकरियों में मददगार होगी और किस प्रकार एअर इंडिया को भारत में हवाई परिवहन की बढ़ती मांगों को पूरा करने में मदद करेगी। बाइडन ने बोइंग-एअर इंडिया के बीच समझौते की घोषणा करते हुए कहा कि वह प्रधानमंत्री मोदी के साथ मिलकर भारत और अमेरिका के बीच संबंधों को और गहरा करना चाहते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय व्हाइट हाउस की एक घोषणा के अनुसार, बोइंग और एअर इंडिया के बीच एक सहमति बनी है, जिसके तहत एअर इंडिया बोइंग से 34 अरब डॉलर में 220 विमान खरीदेगी। इनमें 190 बी737 मैक्स 20 बी787, और 10 बी777एक्स शामिल हैं। समझौते के तहत 70 और विमान खरीदने का विकल्प होगा जिससे कुल लेन-देन मूल्य 45.9 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। इससे पहले नई दिल्ली में प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से जारी एक बयान में कहा गया था कि दोनों नेताओं के बीच गर्मजोशी से और सार्थक वार्तालाप हुई। मोदी ने एक ट्वीट में कहा था, राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ बात मोदी ने एक ट्वीट में कहा था, राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ बात करके खुशी हुई। हम ऐतिहासिक एअर इंडिया और बोइंग समझौते का स्वागत करते हैं, जो दोनों देशों में नए अवसर पैदा करने में मदद करेगा। पीएमओ ने कहा कि मोदी और बाइडन ने भारत-अमेरिका के बीच व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी प्रगाढ़ होने पर संतोष व्यक्त किया, जिसके परिणामस्वरूप सभी क्षेत्रों में मजबूत विकास हुआ है।

# विश्व राजनीति को प्रभावित करने वाले भारतीय मूल के नेताओं की सूची में शामिल हुईं निक्की हेली

**वाशिंगटन/लंदन।** ऐसे में जब रिपब्लिकन पार्टी की नेता निक्की हेली ने 2024 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में अपनी उम्मीदवारी की दावेदारी की औपचारिक घोषणा कर दी है, वह भारतीय मूल के उन नेताओं की लंबी सूची में शामिल हो गई हैं जिनका वर्तमान में विश्व की महत्वपूर्ण राजधानियों में राजनीति पर प्रभाव है। अमेरिका में भारतीय-अमेरिकी समुदाय के बढ़ते प्रभाव को कमला हैरिस की सफलता में स्पष्ट तौर पर देखा जा सकता है, जो देश की पहली महिला और पहली अश्वेत उपराष्ट्रपति बनीं। वह 2017 से 2021 तक कैलिफोर्निया की सीनेटर थीं। डेमोक्रेटिक पार्टी की नेता हैरिस ने 2011 से 2017 तक कैलिफोर्निया की अटॉर्नी जनरल के रूप में भी काम किया। उनका जन्म कैलिफोर्निया में हुआ था और उनके माता-पिता भारतीय तथा जमैका मूल के थे।
नवंबर में महत्वपूर्ण मध्यावधि चुनाव में, सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक पार्टी के रिकॉर्ड पांच भारतीय-अमेरिकी सांसद- राजा कृष्णमूर्ति, रो खन्ना, प्रमिला जयपाल, अमी बेरा और श्री थानेदार अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के लिए चुने गए। कैलिफोर्निया से एक प्रमुख नेता हरमीत ढिल्लों ने हाल ही में रिपब्लिकन नेशनल कमेटी (आरएनसी) की अध्यक्षता के लिए चुनाव लड़ा था। ऋषि सुनक पिछले साल ब्रिटेन के भारतीय मूल के पहले प्रधानमंत्री बने थे। वह 210 वर्षों में सबसे कम उम्र के ब्रिटिश प्रधानमंत्री हैं। वह ब्रिटेन के पहले हिंदू प्रधानमंत्री भी हैं। भारत के गोवा मूल की सुएला ब्रेवरमैन उनकी गृह मंत्री के रूप में कार्यरत हैं। सुनक के पूर्ववर्ती बोरिस जॉनसन के मंत्रिमंडल में प्रीति पटेल गृह मंत्री थीं। वहीं, आलोक शर्मा जॉनसन कैबिनेट में अंतरराष्ट्रीय विकास मंत्री थे। आयरलैंड के प्रधानमंत्री लियो एरिक वरदकर भी भारतीय मूल के हैं।

## समुद्रों के बढ़ते जलस्तर से कुछ देशों के अस्तित्व पर होगा संकट : गुतारेस

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने मंगलवार को सचेत किया कि यदि ग्लोबल वार्मिंग को चमत्कारिक रूप से 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित कर भी लिया जाए, तो भी समुद्र का जलस्तर काफी बढ़ेगा और बांग्लादेश, चीन एवं भारत जैसे देशों के लिए यह खतरे की बात है। गुतारेस ने कहा कि पृथ्वी के ग्लोबल वार्मिंग की ऐसी राह पर आगे बढ़ने की आशंका है, जहां समुद्रों का जलस्तर बढ़ने का मतलब कई देशों के लिए अस्तित्व का संकट होगा। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने कहा कि डिग्री का हर अंश मायने रखता है, क्योंकि अगर तापमान में दो डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होती है तो समुद्र का स्तर दोगुना हो सकता है। उन्होंने समुद्र के स्तर में वृद्धि पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक के उद्घाटन पर कहा कि जलवायु परिवर्तन से निपटने की खातिर आवश्यक कदम उठाने के लिए समर्थन तैयार करने में परिषद की भूमिका महत्वपूर्ण है। इस बैठक में 75 देशों ने भाग लिया। गुतारेस ने कहा कि किसी भी परिदृश्य में बांग्लादेश, चीन, भारत और नीदरलैंड जैसे देश जोखिम में हैं और काहिरा, लागोस, मापुटो, बैंकॉक, ढाका, जकार्ता, मुंबई, शंघाई, कोपेनहेगन, लंदन, लॉस एंजिलिस, न्यूयॉर्क, ब्यूनस आयर्स और सैंटियागो सहित हर महाद्वीप के बड़े शहरों पर इसका गंभीर प्रभाव पड़ेगा।

## तुर्किए में भूकंप से मरने वालों की संख्या 35 हजार के पार

**अंताक्या।** तुर्किए के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन ने मंगलवार को घोषणा की कि पिछले सप्ताह आए भूकंप के कारण देश में अब तक 35,000 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। यह 100 साल पहले देश की स्थापना के बाद से सबसे घातक आपदा है। मृतकों की संख्या में और वृद्धि होना तय है क्योंकि मलबे को हटाने का काम अब भी पूरा नहीं हुआ है। वहीं भूकंप के बाद बेघर हुए हज़ारों लोगों में से कई अभी बुनियादी ज़रूरतों को पूरा करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं और ऐसे में भीषण ठंड उनके लिए और मुसीबत खड़ी कर रही है। तुर्किए में 1939 में एर्जिंकन भूकंप में लगभग 33,000 लोग मारे गए थे। हालिया भूकंप में पुष्ट मौतों के आंकड़ों में यह संख्या पीछे छूट गई है। एर्दोआन ने कहा कि छह फरवरी को कहारनमारस और उसके बाद के झटकों के परिणामस्वरूप 1,05,505 घायल हुए थे। पड़ोसी देश सीरिया में लगभग 3,700 लोगों की मौत की पुष्टि की गई है।

# वह युग पीछे छूट गया है जब प्रगति का मानक पश्चिमीकरण को माना जाता था

**● अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में धीरे-धीरे व्यापक बहु-ध्रुवीयता उत्पन्न हो रही है और अगर तेजी से विकास करना है तो यह आवश्यक है कि सांस्कृतिक पुनर्संतुलन भी हो**



**भाषा।** नांदी (फिजी

**विदेश मंत्री** एस जयशंकर ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में पुनर्संतुलन हो रहा है और वह युग पीछे छूट गया है जब प्रगति का मानक पश्चिमीकरण को माना जाता था। उन्होंने कहा, अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में धीरे-धीरे व्यापक बहु-ध्रुवीयता उत्पन्न हो रही है और अगर तेजी से विकास करना है तो यह आवश्यक है कि सांस्कृतिक पुनर्संतुलन भी हो। जयशंकर यहां बारहवें विश्व हिंदी सम्मेलन के उद्घाटन के अवसर पर बोल रहे थे। अंतरराष्ट्रीय संबंधों के संदर्भ में हिंदी के महत्व को बढ़ावा दिए जाने की जरूरत जताते हुए जयशंकर ने कहा कि भाषा न केवल पहचान की अभिव्यक्ति है बल्कि भारत और अन्य देशों को जोड़ने का माध्यम भी है। फिजी के प्रमुख शहर नांदी में फिजी सरकार और भारतीय विदेश मंत्रालय की ओर से आयोजित इस सम्मेलन में दुनिया भर से हिंदी के करीब 1,200 विद्वान व लेखक भाग ले रहे हैं। देनाराउ कनवेंशन सेंटर में तीन दिन चलने वाले सम्मेलन के उद्घाटन के दौरान फिजी के राष्ट्रपति रातू विलीमे कटोनिवेरी के अलावा भारत सरकार में गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा तथा विदेश राज्यमंत्री वी मुरलीधरन भी मौजूद थे। फिजी में हिंदी को आधिकारिक भाषा का दर्जा हासिल है। इस मौके पर जयशंकर और राष्ट्रपति कटोनिवेरी ने संयुक्त रूप से एक डाक टिकट भी जारी किया। उद्घाटन सत्र में पहले फिजी के प्रधानमंत्री सित्विनी राबुका को मौजूद रहना था, लेकिन भारतीय अधिकारियों ने बताया कि यहां संसद सत्र के चलते उनकी जगह राष्ट्रपति ने उद्घाटन सत्र में भाग लिया। राबुका हाल ही में प्रधानमंत्री बने हैं और 55 सदस्ईय संसद में उनके पास विपक्ष के मुकाबले केवल एक मत अधिक

## जयशंकर और फिजी के उप प्रधानमंत्री ने द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की

**नांदी** (फिजी)। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को फिजी के उपप्रधानमंत्री बिमान प्रसाद से मुलाकात की तथा द्विपक्षीय संबंधों को और प्रगाढ़ करने के तरीकों पर चर्चा की। जयशंकर, 12वें विश्व हिंदी सम्मेलन में शामिल होने के लिए दक्षिण पश्चिमी प्रशांत महासागर में स्थित इस द्वीप देश की तीन दिवसीय यात्रा पर यहां पहुंचे हैं। उन्होंने तस्वीरों के साथ किए गए ट्वीट में कहा, नई दिल्ली में हमारी मुलाकात के कुछ दिन बाद फिजी के उपप्रधानमंत्री बिमान प्रसाद से मिलकर अच्छा लगा। हमारे विकास सहयोग के जरिए संबंधों को और प्रगाढ़ करने पर चर्चा की।

## चीनी राष्ट्रपति ने ईरान के प्रति समर्थन व्यक्त किया

**बीजिंग।** चीनी नेता शी चिनफिंग ने ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के मंगलवार को यहां दौरे के दौरान उनके देश के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया। ईरान के राष्ट्रपति ने ऐसे समय में यह यात्रा की है, जब तेहरान परमाणु हथियारों के विकास को लेकर पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों के बीच चीन व रूस के साथ अपने रिश्तों को विस्तार देने का प्रयास कर रहा है। रईसी के साथ शी की बैठक के संबंध में चीन के आधिकारिक बयान में इस बात का कोई संकेत नहीं दिया गया कि क्या उन्होंने यूक्रेन पर रूस के हमले को लेकर चर्चा की।

## इस्लामाबाद में चीनी वाणिज्य दूतावास कार्यालय अस्थाई रूप से बंद

**इस्लामाबाद।** चीन ने पाकिस्तान में खराब होती सुरक्षा स्थिति के कारण चीनी नागरिकों को सतर्क रहने की सलाह देने के कुछ दिन बाद तकनीकी मुद्दों के कारण इस्लामाबाद में अपने दूतावास के वाणिज्य खंड को अस्थाई रूप से बंद कर दिया है। दूतावास ने "तकनीकी समस्यौ की प्रकृति या इसके बंद रहने की समयसीमा के बारे में विशिष्ट जानकारी प्रदान करने से परहेज करते हुए अपनी वेबसाइट पर इसकी घोषणा की। संबंधित अधिसूचना में कहा गया, "तकनीकी मुद्दों के कारण, इस्लामाबाद में चीनी दूतावास का वाणिज्य खंड 13 फरवरी, 2023 से अगली सूचना तक अस्थाई रूप से बंद रहेगा" यह अधिसूचना चीन सरकार द्वारा पिछले सप्ताह जारी किए गए उस नोटिस के बाद आई है, जिसमें चीनी नागरिकों को यह कहते हुए पाकिस्तान में सतर्क रहने की सलाह दी गई थी कि बिगड़ती सुरक्षा स्थिति के कारण उन्हें जोखिम हो सकता है।

# भारत ने लगाई संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में मोटे अनाजों पर विशेष प्रदर्शनी

**वाशिंगटन।** भारत ने अंर्तांष्ट्रीय मोटा अनाज 2023 मनाने के लिए न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में मोटे अनाजों की एक विशेष प्रदर्शनी लगाई है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई मिशन द्वारा मंगलवार को शुरू की गई प्रदर्शनी भारत में उगाए जाने वाले विभिन्न प्रकार के मोटे अनाजों, उनकी पोषकता और स्वास्थ्य लाभ पर केंद्रित था। साथ ही, प्रदर्शनी में प्रदर्शित अनाजों की कैलोरी संबंधी जानकारी दी गई है। प्रदर्शनी में संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों के सौ से अधिक प्रतिनिधियों और संयुक्त राष्ट्र के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थाई प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने अपने संक्षिप्त बयान में यह बताया कि क्यों भारत 2023 को अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष (आईवाईएम) बनाने का प्रयास कर रहा है और कैसे मोटे अनाज सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) की ओर सामूहिक मार्च की दिशा में एक महत्वपूर्ण समाधान है। इसके बाद आईवाईएम पर एक वीडियो जारी किया गया और उप महासचिव अमीना मोहम्मद द्वारा एक विशेष संबोधन दिया गया। एमआरआईडीए ग्रुप के सह-संस्थापक और निदेशक अरुण नागपाल ने खेत से भोजन की मेज तक बाजरा के साथ अपनी यात्रा पर अपने अनुभव साझा किए। इसके बाद संयुक्त राष्ट्र महासचिव के शेफ डी कैबिनेट अर्ल कर्टेने रैट्रे द्वारा एक विशेष संबोधन दिया गया, जिसके बाद प्रदर्शनी को आधिकारिक रूप से शुरू किया गया।

## रोमानिया और मोल्दोवा में दिखीं गुब्बारे जैसी वस्तुएं

**बुखारेस्ट।** रोमानिया और मोल्दोवा दोनों देशों के अधिकारियों ने मंगलवार को अपने देश के हवाई क्षेत्र में गुब्बारे जैसी रहस्यमई वस्तु के दिखाई देने की सूचना दी। गुब्बारे जैसी वस्तु दिखाई देने के बाद रोमानिया ने अपने हवाई क्षेत्र में वस्तु का पता लगाने के लिए सैन्य विमानों को भेजा।

# बीबीसी दफ्तर पर कार्रवाई से अवगत है पर कोई निर्णय नहीं दे सकते: अमेरिका

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका** ने मंगलवार को कहा कि वह दिल्ली में बीबीसी के कार्यालय पर भारतीय कर प्राधिकारियों द्वारा किए जा रहे सर्वे ऑपरेशन से अवगत है, लेकिन वह कोई निर्णय देने की स्थिति में नहीं हैं। आयकर प्राधिकारियों ने कहा है कि यह कार्वाई कर चोरी की जांच के सिलसिले में की गई है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने यहां संवाददाताओं से कहा, हम भारतीय कर अधिकारियों द्वारा दिल्ली में बीबीसी कार्यालयों की तलाशी लिए जाने के बारे में जानते हैं। आपको इस संबंधी जानकारी हासिल करने के लिए भारतीय प्राधिकारियों के पास जाना चाहिए। प्राइस ने कहा, हम दुनियाभर में स्वतंत्र प्रेस की महत्ता का समर्थन करते हैं। हम दुनियाभर में लोकतंत्रों को मजबूत करने में योगदान देने वाले मानवाधिकारों के तौर पर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और धर्म एवं आस्था की स्वतंत्रता की महत्ता पर जोर देते हैं। इसने इस देश में यहां लोकतंत्र को मजबूत किया है। इसने भारत के लोकतंत्र को मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि ए सार्वभौमिक अधिकार दुनियाभर के लोकतंत्रों का आधार हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या यह कदम लोकतंत्र की भावना या मूल्यों के खिलाफ है, प्राइस ने कहा, मैं ऐसा नहीं कह सकता। हम इन तलाशियों (सर्वे ऑपरेशन) के तथ्यों से अवगत हैं, लेकिन मैं कोई निर्णय देने की स्थिति में नहीं हूं।


THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Bhawna Singh D/o Sh Rattan Singh R/o M-213, Greater Kailash Part-II, New Delhi-110048 hereby declare that my name Bhawna Singh mentioned in my Aadhar Card No. 694238460727 and Bhawna Singh mentioned in my 10th & 12th Class Certificate henceforth both names are one and the same person for all future purpose.

PD(90270)C

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our Client i.e. ICICI Bank Ltd. that Mrs. Purva Maitra is owner / mutate of Residential Dwelling Unit/Flat Bearing no. 401, on 4thFloor, (super area measuring 1316 sq. fts), in Block-C, situated in complex known as "Stellar Green", Built on Plot No. D-006, Sector-44, Noida, Distt. Gautam Budh Nagar, (U.P.) "the said property" by virtue of Mutation letter dated 13.09.2022, issued by Noida Authority, after demise of Late Mrs. Varsha Vaid, who was owner of the said property by virtue of Transfer Deed cum Sale Deed dated 22.11.2010, Registration No. 4527 executed by Mr. Sunil Mohan Bajaj, All persons including other legal heirs if any are hereby informed that above mentioned owner want to sell the said property to someone who is taking Loan for purchase the said property from ICICI Bank Ltd., if anybody has any objection/s upon the ownership of Mrs. Purva Mitra in respect of the said property its Sale / Mortgage / Litigation, and any kind of objection kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 10 days of the present.

Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

PUBLIC NOTICE

My, Client Namely Raman Preet Singh S/o Shri Sumninder Singh R/o 1387 A201, New House No. 350, Parkash Mohalla, Garhi, New Delhi-110065 do hereby notify for public at large that he is executing the Wili of his grandfather Late Dalbir Singh after his death, who has expired on 04.03.2020, and as per his will deed made on 24.08.2019 in favour of my client. Any person/s have any objection/claim (s), interest for the proposed Will Deed Registration of aforesaid Late Dalbir Singh may contact the undersigned within 2 days from the publication of the notice, failing which the claim of any such person will be considered to have waived and or abandoned and the Will shall be Registered and Applicaion with immediate effect.

Yudhister Bhardwaj Advocate, 26,Mehtab Dharmshala, Kalkaji Temple Complex, Kalkaji, New Delhi. M.No. 9911541326

PUBLIC NOTICE

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

VEHICLES FOR SALE

1) TATA LPT 1109 REG. NO. UP16GT0480- YOM 2019
2) TATALPT709FB REG. NO. DL1LAC6109-YOM -2019
3) TATAMOTORS_TATAACE REG. NO. UP15ET9142-YOM -2021
4) LPT1109FBP TATAMOTORS REG. NO.HR38AC919-YOM-2021
5) VOLVO EICHER - CB_VE_10_59_FULLY_BUILT REG. NO. DL1LAC8245-YOM -2019
6) TATAMOTORS TATAACE REG. NO.UP15ET9085-YOM-2020
7) LPT709CH TATA REG. NO. DL1LAG2665-YOM -2022
8) CB_LPT1212_TATAMOTORS REG.NO.HR38AC9191-YOM-2020
9) TATA ACE REG. NO. DL1LAG8228 -YOM -2022
10) MAHINDRA_AND_MAHINDRA - CB_MAHINDRA BLAZO37 FBT GOODS REG. NO. UP53ET7159 YOM 2018
11) TATA ACE REG. NO. DL1LAH5498 -YOM -2022
12) ASHOK_LEY_AL_1214 REG. NO.UP37AT2456-YOM -2019

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 7 DAYS AT

BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK
3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125, NOIDA-201313 OR
CONTACT : ABHINAV LAL
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT NO.7798988481
EMAIL-abhinav.lal@kotak.com

PUBLIC NOTICE

It is to inform to the public at large **Mr. Jai Dayal** who had purchased the **Commercial Shop No. 3 (Ground Floor) total area measuring 12.31 Sq. Mtrs. built on Pot No. IIIF/575 Situated at Vashali, Ghaziabad, U.P** from **Mohd. Shahid,** through Sale Deed dated 06.08.2015, (Doc. No. 14948) and same to be financed & mortgaged by **Vastu Housing Finance Corporation Ltd.**

If any Person having any type of claim/ right/title/interest over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within 07 days from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien, disputes etc.

Lucem Legal LLP
B-93B, Second Floor, Opp. SBI Bank, Sector - 2, Noida, UP-201301; Contact # 0120 - 4269379

प्रपत्र – 'जी'
अभिरुचि की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण
मैसर्स आई-डिजायर हॉस्पिटैलिटी प्रा. लि.
दिल्ली में ट्रैवल इंडस्ट्री में प्रचालनरत
[दिवाला और ऋण शोध अक्षमता (कार्पोरेट व्यक्तियों के लिए ऋण शोध अक्षमता समाधान प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 के विनियम 36क (1) के अधीन]

| प्रासंगिक विवरण | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्पोरेट देनदार का नाम पैन/सीआईएन/एलएलपी नंबर सहित | मैसर्स आई-डिजायर हॉस्पिटैलिटी प्रा. लि. पैन – AADCCI5103J सीआईएन – U93000DL2014PTC265146 |
| 2 | पंजीकृत कार्यालय का पता | 145 ए/9, किशनगढ़, वसंत कुंज, नई दिल्ली-110070 |
| 3 | वेबसाइट का यूआरएल | शून्य |
| 4 | स्थान का विवरण जहां अधिकांश अचल आस्तियां अवस्थित हैं | 145 ए/9, किशनगढ़, वसंत कुंज, नई दिल्ली-110070 |
| 5 | प्रमुख उत्पादों/सेवाओं की संस्थापित क्षमता | एन/ए |
| 6 | पिछले वित्तीय वर्ष में बेचे गए प्रमुख उत्पादों/सेवाओं की मात्रा | विस्तृत विवरण idzire.cirp@gmail.com पर ई-मेल भेजकर प्राप्त किया जा सकता है। |
| 7 | कर्मचारियों/श्रमिकों की संख्या | सीआईआरपी आरंभ होन की तिथि को कोई श्रमिक या कर्मचारी नहीं |
| 8 | अतिरिक्त विवरण, दो वर्ष के अंतिम उपलब्ध वित्तीय विवरणों (अनुसूचियों सहित), क्रेडिटर्स की सूचियां, प्रक्रिया की अनुवर्ती घटनाओं हेतु संबद्ध तिथियों सहित ..... पर उपलब्ध है | विस्तृत विवरण idzire.cirp@gmail.com पर ई-मेल भेजकर प्राप्त किया जा सकता है। |
| 9 | संहिता की धारा 25(2)(एच) के अधीन समाधान आवेदकों हेतु ग्राह्यता ..... पर उपलब्ध है | विस्तृत विवरण idzire.cirp@gmail.com पर ई-मेल भेजकर प्राप्त किया जा सकता है। |
| 10 | अभिरुचि की अभिव्यक्ति की प्राप्ति हेतु अंतिम तिथि | 03 मार्च, 2023 |
| 11 | संभावित समाधान आवेदकों की अनंतिम सूची जारी करने की तिथि | 13 मार्च, 2023 |
| 12 | अनंतिम सूची के बारे में आपत्तियां प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि | 18 मार्च, 2023 |
| 13 | ईओआई प्रस्तुत करने हेतु प्रक्रिया ई-मेल आईडी | idzire.cirp@gmail.com |

सुमन कुमार वर्मा
समाधान प्रोफेशनल
वास्ते मैसर्स आई-डिजायर हॉस्पिटैलिटी प्रा. लि.
पंजीकरण सं. : IBBI/IPA-003/IPA-N00342/2021-22/13657
कार्यालय : आर-जैड-26पी/205ई, लेन नंबर 10, इंद्रा पार्क पालम कालोनी, नई दिल्ली – 110045
ई-मेल : ipskverma@gmail.com सम्पर्क नंबर 9716633301
तिथि : 16-02-2023
स्थान : नई दिल्ली

एडलवेइस असेट रिकंस्ट्रक्शन कम्पनी लिमिटेड
Edelweiss — Ideas create, values protect
सीआईएन – यू67100एमएच2007पीएलसी174759
पंजीकृत कार्यालय : एडलवेइस हाउस, ऑफ सी.एस.टी. रोड, कलीना, मुंबई – 400098 +91 22 4088 6090/6620 3149

परिशिष्ट – IV-ए [(देखें नियम 9(1) के परंतुक के साथ पठित नियम 8(6) का परंतुक]

अचल सम्पत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के साथ पठित नियम 9(1) के परंतुक के अधीन अचल सम्पत्ति की ई-नीलामी बिक्री हेतु सार्वजनिक सूचना

एतद्द्वारा सर्व साधारण को और विशेष रूप से कर्जदार एवं गारंटर को सूचना दी जाती है कि ईएआरसी ट्रस्ट एससी-30 के ट्रस्टी की हैसियत से कार्यरत एडलवेइस असेट रिकंस्ट्रक्शन कम्पनी लिमिटेड ("ईएआरसी") के पास बंधक/प्रभारित रखी गई निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति ("प्रतिभूत आस्ति"), जिसका भौतिक कब्जा ईएआरसी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा 31 अक्टूबर, 2022 को लिया जा चुका है, ईएआरसी की केएलजी सिस्टेल लिमिटेड (परिसमापन में) ("कर्जदार") और श्री कुमुद गोयल तथा सुश्री पुष्प लता गोयल ("गारंटरगण") की तरफ 23-08-2022 तक बकाया रू. 505,29,95,872.25/- (रू. पांच सौ पांच करोड़ उन्तीस लाख पिच्यानवे हजार आठ सौ बहत्तर तथा पैसे पच्चीस मात्र) उस पर आगे संविदात्मक दरों पर ब्याज तथा अन्य खर्चों एवं लागतों सहित की वसूली के लिए "जैसी है जो है" तथा "जो भी है वहां है" आधार पर ई-नीलामी एजेन्सी मैसर्स ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (ऑक्शन टाइगर) के माध्यम से उनके वेबसाइट पोर्टल https://edelweissarc.auctiontiger.net पर 04 मार्च, 2023 को दोपहर 12.00 बजे, 5 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तारों के साथ, बेची जाएगी।

प्रतिभूत आस्ति का वर्णन, प्रतिभूत आस्तियों हेतु सुरक्षित मूल्य और धरोहर राशि जमा निम्नानुसार होंगे :

प्रतिभूत आस्ति का वर्णन

सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : सम्पत्ति औद्योगिक भूखंड सं. 24, परिमाप 1000 वर्ग मीटर, सेक्टर-18, इलेक्ट्रॉनिक्स सिटी, गुरूग्राम, हरियाणा, उसके ऊपर सभी बिल्डिंग/स्ट्रक्चर्स सहित (कुल निर्मित स्ट्रक्चर – 15,750 वर्ग फीट) और चौहद्दी निम्नानुसार है : उत्तर : पहुंच मार्ग, दक्षिण : प्लॉट नंबर 22, पूरब : पहुंच मार्ग, पश्चिम : प्लॉट नंबर 23

| सुरक्षित मूल्य | रू. 11,47,50,000/- | धरोहर राशि जमा | रू. 1,14,75,000/- |
|---|---|---|---|

अन्य महत्वपूर्ण विवरण

| | |
|---|---|
| स्थल निरीक्षण | 20-02-2023 से 28-02-2023 तक, पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 04.00 बजे के बीच |
| दस्तावेज सत्यापन | 20-02-2023 से 28-02-2023 के बीच कार्यदिवसों को |
| बोली दस्तावेज क्रय | 27-02-2023 से 02-03-2023 के बीच कार्यदिवसों को |
| ईएमडी राशि भुगतान | 03-03-2023 को अप. 02.00 बजे तक |
| बोली दस्तावेज प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 03-03-2023 अप. 05.00 बजे तक |
| ई-नीलामी बिक्री का आरंभन | 04-03-2023 को दोपहर 12.00 बजे |
| बैंक विवरण | खाता सं. 0004103000054719, आईएफएससी नंबर IBKL0000004, आईडीबीआई बैंक, मित्तल कोर्ट, नरीमन प्वाइंट, मुम्बई |
| अधिकारी का सम्पर्क विवरण | 7506642534 Meghraj.deshmukh@edelweissarc.in |

नीलामी बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट में उपलब्ध कराया गया लिंक नामतः www.edelweissarc.in/Propertysale देखें।

हस्ता./-
प्राधिकृत अधिकारी
सम्पर्क हेतु नंबर : 7506642534
तिथि : 15-02-2023
स्थान : मुंबई

सांकेतिक कब्जे की सूचना

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि
अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सौमेन पॉल/ सुदेशना दास/ शशांक अरुण बी चौधरी/ LBNOD00002438587 | फ्लैट नंबर- 2504, 25वीं मंज़िल, टॉवर- गंगा, महागुन मंत्र- II प्लॉट नंबर- GH-01, सेक्टर-10, ग्रेटर नोएडा (पश्चिम) नोएडा/ फरवरी 10, 2023 | सितंबर 26, 2022 रु. 25,60,178/- | दिल्ली |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : फरवरी 16, 2023
स्थान : दिल्ली
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

डेल्टन केबल्स लिमिटेड
पंजी. कार्यालय :- डेल्टन हाउस, 4801, भरत राम रोड, 24, दरियागंज, नई दिल्ली-1110002
वेबसाइट :- www.deltoncables.com, ई-मेल :- dcl@deltoncables.com, सीआईएन :- एल31300डीएल1964पीएलसी004255
31 दिसम्बर, 2022 को समाप्त तिमाही/नौ माह हेतु अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का विवरण
रू. लाख में

| क्र. सं. | विवरण | तिमाही समाप्त 31-12-2022 अलेखापरीक्षित | नौ माह समाप्त 31-12-2022 अलेखापरीक्षित | तिमाही समाप्त 31-12-2021 अलेखापरीक्षि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | परिचालन से कुल आय (शुद्ध) | 6,797.67 | 19,235.72 | 4,157.14 |
| 2. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पूर्व) | 191.86 | 558.43 | (224.88) |
| 3. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ, कर से पहले, (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 191.86 | 566.34 | (224.88) |
| 4. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ, कर पश्चात, (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 157.34 | 490.60 | (198.59) |
| 5. | अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित हैं] | 153.79 | 494.14 | (200.73) |
| 6. | इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य रू. 10/- प्रत्येक) | 864.00 | 864.00 | 864.00 |
| 7. | प्रति शेयर अर्जन (असाधारण मदों से पूर्व) (रू. 10/- प्रत्येक का) (क) मूल (रू.) | 1.82 | 5.68 | (2.30) |
| | (ख) तनुकृत (रू.) | 1.82 | 5.68 | (2.30) |

नोट्स :
(1) उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व और अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्ज में प्रस्तुत किए गए अलेखापरीक्षित तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। तिमाही/नौ माह हेतु वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट (www.bseindia.com) तथा कम्पनी की वेबसाइट : (www.deltoncables.com) पर उपलब्ध है।
(2) उपरोक्त परिणाम कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के तहत विनिर्दिष्ट अनुसार कम्पनीज (भारतीय लेखांकन मानक) नियमावली, 2015 के तहत अधिसूचित भारतीय लेखांकन मानक (आईएनडी एएस) के सिद्धांतों और प्रक्रियाओं के अनुसार तैयार किए गए हैं।
(3) उपरोक्त परिणाम लेखापरीक्षा समिति द्वारा पुनरीक्षित और तदुपरांत निदेशक मंडल द्वारा 14 फरवरी, 2023 को आयोजित उनकी बैठक में अनुमोदित किए गए हैं।

कृते एवं हिते निदेशक मंडल
डेल्टन केबल्स लिमिटेड
हस्ता/-
विवेक गुप्ता
(प्रबंध निदेशक)
डीआईएन : 00035916
स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 14-02-2023

# भारत रक्षा पूंजीगत परिव्यय का 75% घरेलू कंपनियों से खरीद के लिए खर्च करेगा : सिंह

**भाषा।** बेंगलुरु







**रक्षामंत्री** राजनाथ सिंह ने बुधवार को कहा कि भारत 2023-24 में कुल रक्षा पूंजीगत परिव्यय का 75 प्रतिशत घरेलू रक्षा निर्माताओं से खरीद पर खर्च करेगा। यह विभिन्न हथियारों और सैन्य प्लेटफार्म के स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण निर्णय है। अधिकारियों ने यहां एयरो इंडिया से इतर कहा कि इस कदम का मतलब अगले वित्त वर्ष के केंद्रीय बजट में घोषित कुल रक्षा पूंजी परिव्यय 1,62,600 करोड़ रुपए में से करीब एक लाख करोड़ रुपए घरेलू स्रोतों से खरीद के लिए अलग रखना होगा। वहीं, एयरो इंडिया के दौरान 201 समझौता ज्ञापनों, 53 प्रमुख घोषणाओं, नौ उत्पाद पेश किया जाना और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण (टीओटी) के तीन समझौते सहित लगभग 80,000 करोड़ रुपए की 266 साझेदारियां हुईं। सिंह ने कहा, यदि आप एक कदम उठाते हैं, तो सरकार 10 कदम आगे बढ़ने का वादा करती है। आपने विकास के पथ पर चलने के लिए जमीन की बात की थी। हम आपको पूरा आकाश प्रदान कर रहे हैं। सिंह बंधन समारोह कार्यक्रम में बोल रहे थे जहां औपचारिक रूप से समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए।

सिंह ने कहा, तीन-चौथाई पूंजीगत खरीद बजट स्थानीय उद्योग के लिए निर्धारित करना उस दिशा में एक कदम है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 2019-20 से 2021-22 तक भारत के स्वदेशी रक्षा उत्पादन का मूल्य 2.58 लाख करोड़ रुपए है। सरकार ने 2020-21 में, रक्षा पूंजी परिव्यय का 58 प्रतिशत भारतीय रक्षा उद्योग से खरीद के लिए रखा था। 2021-22 में इसे बढ़ाकर 64 फीसदी किया गया था। 2022-23 में आवंटन को और बढ़ाकर 68 प्रतिशत कर दिया गया। उन्होंने कहा, हमारे रक्षा उद्योग में सरकार और समाज का भरोसा तेजी से बढ़ रहा है। पिछले साल भारतीय विक्रेताओं से खरीद का हिस्सा 68 प्रतिशत था। अमृत काल से प्रेरित होकर, उस हिस्से को सीधे बढ़ाकर 75 फीसदी कर दिया गया है।

रक्षा मंत्री ने घरेलू उद्योगों के लिए आवंटन बढ़ाने के फैसले को घरेलू रक्षा क्षेत्र के समग्र विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण बताया। सिंह ने कहा, इस कदम के बाद हमारा रक्षा उद्योग और भी उत्साह के साथ आगे बढ़ेगा और देश के रक्षा निर्माण क्षेत्र को और अधिक शक्तिशाली और समृद्ध बनाने में योगदान देगा।

## आतंकी लखबीर सिंह संधू की गिरफ्तारी के लिए सूचना पर इनाम की घोषणा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण ने कनाडा में रह रहे आतंकी लखबीर सिंह संधू उर्फ लांडा की गिरफ्तारी के लिए उपयोगी सूचना देने वाले को 15 लाख रुपए का नकद इनाम देने की बुधवार को घोषणा की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। लांडा पंजाब में एक आतंकी मामले में वांछित है। एजेंसी के एक आधिकारिक प्रवक्ता ने कहा, लखबीर सिंह संधू उर्फ लांडा की गिरफ्तारी के लिए उपयोगी सूचना देने वाले को 15 लाख रुपए के इनाम की घोषणा की गई है। उन्होंने यह भी कहा कि सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। पंजाब में तरनतारन के निवासी संधू के बारे में माना जाता है कि वह कनाडा के अल्बर्टा में एडमोंटन में रहता है। वह 2022 में मोहाली में पंजाब पुलिस के खुफिया मुख्यालय पर ग्रेनेड हमले से जुड़े एक मामले में एनआईए को वांछित है।

# अगले पांच साल में दो लाख कृषि ऋण समितियों, डेयरी-मत्स्यपालन समितियों के गठन को मंजूरी

**भाषा।** नई दिल्ली

**देश में** सहकारिता आंदोलन को मजबूत करने के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गांवों और पंचायतों के भीतर अगले पांच साल में दो लाख प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) एवं डेयरीमत्स्यपालन सहकारी समितियां गठित करने के प्रस्ताव को बुधवार को मंजूरी दी। मौजूदा समय में देशभर में लगभग 99,000 प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) में से लगभग 63,000 क्रियाशील हैं। अब भी 1.6 लाख पंचायतें पैक्स के बिना हैं और लगभग दो लाख पंचायतें बिना किसी डेयरी सहकारी समिति के हैं।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने देश में सहकारी आंदोलन को मजबूत करने और जमीनी स्तर तक इसकी पहुंच को बढ़ाने वाले कदमों को मंजूरी दी। एक सरकारी बयान कहा गया है कि सहकारिता मंत्रालय ने प्रत्एक अछूती पंचायत में लाभप्रद प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) प्रत्एक अछूती पंचायत व गांव में लाभकारी डेयरी सहकारी समितियां और प्रत्एक तटीय पंचायत व गांव के साथ-साथ बड़े जल निकायों वाली पंचायत व गांव में लाभप्रद मत्स्य सहकारी समितियां स्थापित करने की योजना तैयार की है।

बयान में कहा गया है, शुरूआत में अगले पांच साल के भीतर दो लाख पैक्साडेयरीमत्स्य सहकारी समितियों की स्थापना की जाएगी। परियोजना के कार्यान्वयन की कार्ययोजना- नाबार्ड, राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) और राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड (एनएफडीबी) द्वारा तैयार की जाएगी। मंत्रालय मत्स्य, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं के सम्मिलन के माध्यम से मौजूदा पैक्साडेयरीमत्स्य सहकारी समितियों को मजबूत करना चाहता है। वर्तमान योजना के तहत परस्पर सम्मिलन के लिए निम्नलिखित योजनाओं की पहचान की गई है - जिसमें डेयरी विकास के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम (एनपीडीडी) और पशुपालन और डेयरी विभाग के तहत डेयरी प्रसंस्करण और बुनियादी ढांचा विकास निधि (डीआईडीएफ), मत्स्य विभाग के तहत प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) और मत्स्य पालन और एक्वाकल्चर बुनियादी ढांचा विकास (एफआईडीएफ) जैसी योजनाएं हैं। मंत्रिमंडल के निर्णय से किसानों की आय बढ़ाने और ग्रामीण स्तर पर ही ऋण सुविधाएं और अन्य सेवाएं प्रदान करने में मदद मिलेगी। बयान में कहा गया है कि जिन प्राथमिक सहकारी समितियों को खड़ा नहीं किया जा सकता है, उन्हें समापन के लिए चिन्हित किया जाएगा।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पेन के अपने समकक्ष से की बात

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को स्पेन के अपने समकक्ष पेड्रो सांचेज से बात की तथा दोनों नेताओं ने भारत-स्पेन संबंधों को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि दोनों नेताओं ने आपसी हित के कई द्विपक्षीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा की। पीएमओ ने कहा, उन्होंने चल रही द्विपक्षीय पहलों की समीक्षा की और हाल के उच्चस्तरीय आदान-प्रदान तथा रक्षा, आर्थिक और वाणिज्यिक क्षेत्रों में बढ़ते सहयोग पर संतोष व्यक्त किया। दोनों नेता डिजिटल बुनियादी ढांचे, जलवायु कार्वाई, स्वच्छ ऊर्जा बदलावों और सतत विकास जैसे मुद्दों पर सहयोग करने पर भी सहमत हुए।

पीएमओ के मुताबिक, मोदी ने अपने स्पेनी समकक्ष को जी-20 की अध्यक्षता के लिए भारत की प्राथमिकताओं के बारे में जानकारी दी, जो वसुधैव कुटुम्बकम (एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य) के विषय पर आधारित एकता को बढ़ावा देने के लिए काम करने की दिशा में उन्मुख है। वहीं, सांचेज ने जी-20 की अध्यक्षता में भारत की पहलों को पूरा समर्थन दिया। दोनों नेता आगे भी संपर्क में बने रहने पर सहमत हुए। इससे पहले, सांचेज ने एक ट्वीट में कहा कि उन्होंने जी-20 की भारत की अध्यक्षता के लिए स्पेन के समर्थन को दोहराया। उनके ट्वीट के जवाब में मोदी ने ट्वीट किया, स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज से बात करके खुशी हुई। हमने अपने बढ़ते द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। भारत की अध्यक्षता में हो रही जी-20 बैठक में हमारा करीबी सहयोग जारी रहने को लेकर आशान्वित हूं। सांचेज ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के साथ उनकी सार्थक बातचीत हुई।



**नई दिल्ली में अपने सरकारी आवास राष्ट्रपति भवन में विद्यार्थियों से भेंट करतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू**

## एक अप्रैल से दाखिल कर सकेंगे आयकर रिटर्न : सीबीडीटी

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने बुधवार को कहा कि 2022-23 के लिए आयकर रिटर्न (आईटीआर) फॉर्म एक अप्रैल से प्रभावी होंगे और इन्हें आगामी आकलन वर्ष की शुरुआत से रिटर्न दाखिल करने की सुविधा को काफी पहले अधिसूचित कर दिया गया है। आयकर विभाग ने कहा कि करदाताओं को सुविधा देने और रिटर्न भरने की प्रक्रिया को और सरल करने के लिए आईटीआर फॉर्म में पिछले साल की तुलना में कोई बड़ा बदलाव नहीं किया है। केवल आयकर अधिनियम, 1961 में संशोधनों के कारण कुछ जरूरी लेकिन कम बदलाव किए गए हैं। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने व्यक्तियों, पेशेवरों और कंपनियों के लिए 2022-23 में हुई आय के लिए 10 फरवरी को आयकर फॉर्म I-6 अधिसूचित कर दिए थे। साथ ही, आईटीआर फॉर्म-7 को धर्मार्थ ट्रस्ट, वैज्ञानिक अनुसंधान संस्थान, राजनीतिक दलों और विश्वविद्यालयों के लिए 14 फरवरी को अधिसूचित किया गया था।

# बंद पड़ी चीनी मिल को शुरू करने के लिए सरकार पहल करेगी : नीतीश कुमार

**भाषा।** गोपालगंज

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को कहा कि राज्य सरकार बंद पड़ी चीनी मिल को शुरू करने के लिए पहल करेगी। मुख्यमंत्री ने अपनी समाधान यात्रा के क्रम में बुधवार को गोपालगंज जिले में विभिन्न विभागों की विकास योजनाओं की प्रगति के संबंध में जिलास्तरीय समीक्षात्मक बैठक की। कुमार ने कहा, गन्ना किसानों ने बंद पड़ी सासामुसा चीनी मिल के पास अपने बकाए का भुगतान नहीं होने के संबंध में जानकारी दी है। किसानों के बकाए का भुगतान हो सके इस दिशा में कदम उठाए जाएंगे।

उन्होंने कहा, बंद पड़ी चीनी मिल को फिर से शुरू करने के लिए सरकार पहल करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि चीनी मिल को चालू करने की प्रक्रिया के साथ गन्ना किसानों के अविलंब भुगतान के संबंध में नियम भी बनाए जाएंगे। गोपालगंज जिले में सासामुसा चीनी मिल को अपनी उपज की आपूर्ति करने वाले गन्ना किसानों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की थी और उन्हें बकाया राशि से अवगत कराया था। कुमार ने किसानों को आश्वासन दिया कि उन्हें जल्द ही उनका बकाया मिल जाएगा। उन्होंने कहा कि सासामुसा चीनी मिल प्रबंधन द्वारा गन्ना किसानों के बकाए का भुगतान करने की दिशा में कदम नहीं उठाए गए तो मिल को जब्त कर सरकार किसानों के बकाए का भुगतान करने की दिशा में निर्णय लेगी।

अस्सी के दशक की शुरुआत में बिहार देश के कुल चीनी उत्पादन में 28 प्रतिशत का योगदान देता था। इसका वर्तमान योगदान घटकर मात्र 2.5 प्रतिशत रह गया है। आजादी के बाद बिहार में चीनी मिल की संख्या 35 थी जो अब घटकर केवल 11 रह गई है। चालू चीनी मिल बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज, मझौलिया, सासामुसा, गोपालगंज, सिधवलिया, हसनपुर, लौरिया और सुगौली में हैं।

## मशहूर पान की दुकान का मालिकई-सिगरेट बेचने के आरोप में गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने शहर के मशहूर मुच्छड़ पानवाला दुकान के मालिक को ई-सिगरेट बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया है। केंद्र ने 2019 में ई-सिगरेट पर प्रतिबंध लगाने के लिए एक अध्यादेश जारी किया था। अध्यादेश में ऐसे (ई-सिगरेट) वैकल्पिक धूम्रपान उपकरणों के उत्पादन, आयात, निर्यात, तस्करी, बिक्री या विज्ञापनों को संज्ञेय अपराध बना दिया गया और जेल की सजा तथा जुर्माना लगाया गया। एक अधिकारी ने बताया कि एक विशेष सूचना के आधार पर मुंबई अपराध शाखा के एंटी-नारकोटिक्स सेल (एएनसी) की टीमों ने शहर में स्कूलों, कॉलेजों और अस्पतालों के पास ई-सिगरेट बेचने वाली पान की दुकानों के खिलाफ मंगलवार और बुधवार की दरमियानी रात को एक अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि 13.65 लाख रुपए से अधिक की कुल 947 ई-सिगरेट जब्त की गईं।

# कोयंबटूर और मंगलुरु में विस्फोटों के सिलसिले में एनआईए की तमिलनाडु, केरल में छापेमारी

**भाषा।** नई दिल्ली, चेन्नई

**राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण** (एनआईए) ने कोयंबटूर और मंगलुरु में हुए विस्फोटों के दो मामलों में बुधवार को तमिलनाडु, केरल और कर्नाटक में छापेमारी की। इसके आधिकारिक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। छापे 40 स्थानों पर मारे गए जिनमें से 32 कोयंबटूर कार बम विस्फोट के सिलसिले में और आठ मंगलुरु विस्फोट से संबंधित हैं। इनमें से एक मामला तमिलनाडु के कोयंबटूर जिले में कोट्टई ईश्वरन मंदिर के सामने विस्फोटक सामग्री वाली एक कार में विस्फोट से संबंधित है। एजेंसी के प्रवक्ता ने कहा कि आरोपी जेमेशा मुबीन आईएसआईएस के प्रति निष्ठा की शपथ लेने के बाद पिछले साल 23 अक्टूबर को एक आत्मघाती हमले को अंजाम देने और मंदिर परिसर को बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचाने की साजिश रच रहा था। प्रवक्ता ने कहा कि उसका उद्देश्य समाज में आतंक फैलाना था।

दूसरा मामला पिछले साल 19 नवंबर को कर्नाटक के मंगलुरु शहर में एक चलते ऑटो-रिक्शा में हुए प्रेशर कुकर बम विस्फोट से संबंधित है। विस्फोट उस समय हुआ था जब आरोपी विस्फोटक उपकरण को किसी सार्वजनिक स्थान पर लगाने के लिए ले जा रहा था। प्रवक्ता ने कहा कि छापेमारी में बड़ी संख्या में डिजिटल उपकरण और चार लाख रुपए नकद जब्त किए गए। उन्होंने कहा कि इन दोनों मामलों में आगे की जांच जारी है। कोयंबटूर मामले से जुड़ी छापेमारी तमिलनाडु और केरल में - कोयंबटूर (14), त्रिच्चि (1), नीलगिरि (2), तिरुनेलवेली (3), तूतीकोरिन (1), चेन्नई (3), तिरुवन्नामलाई (2), डिंडीगुल (1), माइलादुथुराई (1), कृष्णागिरि (1), कन्याकुमारी (1), तेनकासी (1) और एर्णाकुलम (1) समेत 32 स्थानों पर की गई। एजेंसी ने मंगलुरु मामले के संबंध में आठ स्थानों- तमिलनाडु के तिरुप्पुर (2) और कोयंबटूर (1), केरल के एर्णाकुलम (4) और कर्नाटक के मैसूर (1) में छापेमारी की। तमिलनाडु में छापेमारी स्थानीय पुलिस सुरक्षा के बीच सुबह पांच बजे शुरू हुई और कई घंटे चली। जिन स्थानों पर छापे मारे गए उनमें तिरुचिरापल्ली में एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर का आवास और मस्कट में कार चालकों के रूप में काम करने वाले पिता-पुत्र का माइलादुथुराई स्थित मकान शामिल है। तिरुनेलवेली जिले में छापेमारी के बाद आधार कार्ड, सिम और एक मोबाइल फोन जब्त किया गया। तेनकासी में, एक महिला के घर में छापा मारा गया जो कोयम्बटूर मामले में कुछ संदिग्धों के साथ फोन पर संपर्क में थी।

## राहुल गांधी ने भाजपा सदस्यों के नोटिस पर लोकसभा सचिवालय को विस्तृत जवाब दिया

**नई दिल्ली ( भाषा )।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सदन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अपनी टिप्पणी को लेकर भारतीय जनता पार्टी के सदस्यों के नोटिस पर लोकसभा सचिवालय को विस्तृत जवाब सौंपा है। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लोकसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान सात फरवरी को प्रधानमंत्री के खिलाफ टिप्पणी की थी। राहुल को 10 फरवरी को लिखे पत्र में लोकसभा सचिवालय ने उनसे भाजपा सांसदों निशिकांत दुबे और प्रह्लाद जोशी द्वारा उनके खिलाफ दिए गए विशेषाधिकार हनन नोटिस पर अपना जवाब 15 फरवरी तक लोकसभा अध्यक्ष के विचार के लिए प्रस्तुत करने को कहा था। भाजपा सांसदों ने राहुल गांधी के सात फरवरी के भाषण पर नोटिस जारी किया था जिसमें उन्होंने हिंडनबर्ग-अडाणी मुद्दे पर टिप्पणियां की थीं। सूत्रों ने कहा कि गांधी ने लोकसभा में की गई अपनी टिप्पणी को सही ठहराते हुए विभिन्न कानूनों और पूर्व के उदाहरणों का हवाला देते हुए कई पन्नों में विस्तृत जवाब दिया है। सोमवार को अपने लोकसभा क्षेत्र वायनाड में एक सभा को संबोधित करते हुए, राहुल ने सदन में चर्चा के दौरान दिए गए अपने भाषण से कई टिप्पणियों को हटाने के फैसले की आलोचना की थी।

# अडाणी समूह की ज्यादातर कंपनियां के शेयर लाभ में

**भाषा।** नई दिल्ली

**अडाणी समूह** की ज्यादातर कंपनियों के शेयर बुधवार को बढ़त के साथ बंद हुए। समूह की प्रमुख कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज का शेयर एक प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ। इससे पहले मंगलवार को समूह ने कहा था कि उसका बही-खाता बहुत अच्छी स्थिति में है। समूह की कम से कम छह कंपनियां लाभ में जबकि चार कंपनियां नुकसान में थीं। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के खुदरा शोध प्रमुख दीपक जसानी ने कहा, अडाणी समूह की कंपनियों के बाजार पूंजीकरण का गिरना जारी रहा और बुधवार को इनमें 1.5 प्रतिशत की गिरावट आई। समूह की 10 सूचीबद्ध कंपनियों में से चार के शेयर नुकसान में बंद हुए। उन्होंने कहा, समूह का एकीकृत बाजार मूल्यांकन 24 जनवरी की तुलना में अबतक 54.9 प्रतिशत गिर गया है। बीएसई पर अडाणी एंटरप्राइजेज का शेयर 1.61 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1,778.45 रुपए पर बंद हुआ। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 2.02 लाख करोड़ रुपए है।

एनडीटीवी के शेयर 4.70 प्रतिशत के उछाल के साथ 197.20 रुपए पर बंद हुए। दिन के कारोबार में इसके शेयर पांच प्रतिशत तक बढ़कर 197.75 रुपए तक गए। इसके अलावा, अंबुजा सीमेंट का शेयर 2.36 प्रतिशत की बढ़त के साथ 344.60 रुपए पर, एसीसी 1.13 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1,851.55 रुपए, अडाणी विल्मर 0.93 प्रतिशत की बढ़त के साथ 397.25 रुपए और अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकॉनमिक जोन (एपीएसईजेड) के शेयर 0.68 प्रतिशत बढ़कर 568.95 रुपए पर बंद हुए। हालांकि अडाणी समूह की चार कंपनियों- अडाणी पावर, अडाणी ट्रांसमिशन, अडाणी ग्रीन एनर्जी और अडाणी टोटल गैस के शेयरों में पांच-पांच प्रतिशत की गिरावट आई।

## संतों की रचनाओं का सभी भाषाओं में अनुवाद किया जाना चाहिए: मोहन भागवत

**भाषा।** नागपुर( महाराष्ट्र)

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक** संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने बुधवार को कहा कि संत ज्ञानेश्वर जैसे भक्त-कवि की रचनाओं का सभी भाषाओं में अनुवाद किया जाना चाहिए। संत ज्ञानेश्वर की रचना ज्ञानेश्वरी का संस्कृत में अनुवाद करने को लेकर कवि कुलगुरु कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ मधुसूदन पेन्ना के अभिनंदन कार्यक्रम में उन्होंने यह कहा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख भागवत गीता पर 13वीं सदी की टीका ज्ञानेश्वरी मराठी की पहली बड़ी कृतियों में एक है। आरएसएस प्रमुख ने कहा, हमारे संतों के विचारों का सभी भाषाओं में अनुवाद किया जाना चाहिए क्योंकि यह देश की एकता के लिए उपयोगी हैं।

# राजस्थान पर जल्द हो फैसला: पायलट

**भाषा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता सचिन पायलट ने बुधवार को कहा कि पिछले साल जयपुर में पार्टी विधायक दल (सीलपी) की बैठक में भाग नहीं लेकर तत्कालीन पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी के निर्देश की अहवेलना करने वाले नेताओं के खिलाफ कार्रवाई में अत्यधिक विलंब हो रहा है तथा अगर राज्य में हर पांच साल में सरकार बदलने की परंपरा बदलनी है तो कांग्रेस से जुड़े मामलों पर जल्द फैसला करना होगा। उन्होंने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के करीबी माने जाने वाले तीन नेताओं को चार महीने पहले दिए गए कारण बताओ नोटिस का हवाला देते हुए कहा कि कांग्रेस की अनुशासनात्मक कार्रवाई समिति, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और कांग्रेस नेतृत्व ही इसका सही जवाब दे सकते हैं कि मामले में निर्णय लेने में अप्रत्याशित विलंब क्यों हो रहा है।

पायलट ने पीटीआई-भाषा को दिए साक्षात्कार में कहा, विधायक दल की बैठक 25 सितंबर को मुख्यमंत्री द्वारा बुलाई गई थी। यह बैठक नहीं हो सकी। बैठक में जो भी होता वो अलग मुद्दा था, लेकिन बैठक ही नहीं होने दी गई। उन्होंने कहा कि जो लोग बैठक नहीं होने देने और समानांतर बैठक बुलाने के लिए जिम्मेदार थे उन्हें प्रथम दृष्टया अनुशासनहीनता के लिए नोटिस दिए गए थे।

पूर्व उपमुख्यमंत्री ने कहा, मुझे मीडिया के माध्यम से यह जानकारी मिली कि इन नेताओं ने नोटिस के जवाब दे दिए। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की तरफ से अब तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है। मुझे लगता है कि एके एंटनी के नेतृत्व वाली अनुशासनात्मक कार्वाई समिति, कांग्रेस अध्यक्ष और पार्टी नेतृत्व ही इसका सही जवाब दे सकते हैं कि निर्णय लेने में इतना ज्यादा विलंब क्यों हो रहा है। पायलट ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष द्वारा उच्च न्यायालय में दायर हलफनामे में इसका उल्लेख किया गया है कि 81 विधायकों के इस्तीफे मिले और कुछ ने व्यक्तिगत तौर पर इस्तीफे सौंपे थे। उनके अनुसार, हलफनामे में यह भी कहा गया कि कुछ विधायकों के इस्तीफे फोटोकॉपी थे और शेष को स्वीकार नहीं किया गया क्योंकि वे अपनी मर्जी से नहीं दिए गए थे। उन्होंने कहा कि यह एक कारण था जिसके आधार पर विधानसभा अध्यक्ष ने इस्तीफे अस्वीकार किए।

पायलट ने इस बात पर जोर दिया, ए इस्तीफे स्वीकार नहीं किए गए क्योंकि अपनी मर्जी से नहीं दिए गए थे। अगर वे अपनी मर्जी से नहीं दिए गए थे तो ए किसके दबाव में दिए गए थे? क्या कोई धमकी थी, लालच था या दबाव था...यह एक ऐसा विषय है जिस पर पार्टी की ओर से जांच किए जाने की जरूरत है। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, हम बहुत जल्द चुनाव की तरफ बढ़ रहे हैं, बजट भी पेश हो चुका है। पार्टी नेतृत्व ने कई बार कहा कि वह फैसला करेगा कि कैसे आगे बढ़ना है। राजस्थान में कांग्रेस पार्टी के बारे में जो भी फैसला करना है वो होना चाहिए क्योंकि इस साल के आखिर में चुनाव है। उनके अनुसार, अगर हर पांच साल पर सरकार बदलने की 25 साल से चली आर रही परंपरा बदलनी है।

# खुले बाजार में बिक्री के बाद गेहूं के दाम पांच रुपए किलो घटे : खाद्य सचिव

**भाषा।** नई दिल्ली

केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने बुधवार को कहा कि केंद्र के खुले बाजार में 30 लाख टन गेहूं बेचने के फैसले के बाद थोक और खुदरा बाजारों में गेहूं की कीमतों में करीब पांच रुपए प्रति किलोग्राम की कमी आई है। उन्होंने जोर देकर कहा कि दरों को कम करने के लिए यदि जरूरी हुआ, तो और कदम उठाए जाएंगे। चोपड़ा ने यहां संवाददाताओं से कहा कि सरकार गेहूं और आटे (गेहूं का आटा) की कीमतों पर बारीकी से नजर रख रही है और जरूरत पड़ने पर कीमतों को कम करने और उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए मुक्त बाजार बिक्री योजना (ओएमएसएस) के तहत अधिक गेहूं की पेशकश करने सहित अन्य कदम उठाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध हटाने के किसी भी प्रस्ताव पर अभी विचार नहीं कर रही है। यह प्रतिबंध पिछले साल मई में गेहूं की खरीद में भारी गिरावट के बाद लगाया गया था। उन्होंने कहा, जनवरी में ओएमएसएस की घोषणा के बाद से गेहूं की कीमतें नीचे आ गई हैं। थोक बाजारों में गेहूं की कीमतें 2,500 रुपए प्रति क्विंटल से भी कम चल रही हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले दिनों में कीमतों में और गिरावट आएगी। उन्होंने कहा, भारत सरकार बहुत चिंतित है और स्थिति की बारीकी से निगरानी कर रही है। चोपड़ा ने कहा, कीमतों को कम करने के लिए और जो भी कदम उठाने की जरूरत होगी, हम उठाएंगे।

विकल्पों में ओएमएसएस के तहत मात्रा को मौजूदा 30 लाख टन से बढ़ाना और आरक्षित मूल्य को कम करना भी शामिल है। इस मौके पर खाद्य सचिव ने कहा कि थोक मूल्य 3,000 रुपए प्रति क्विंटल से गिरकर लगभग 2,500 रुपए प्रति क्विंटल रह गया है, जबकि खुदरा मूल्य 3,300-3,400 रुपए प्रति क्विंटल से घटकर 2,800-2,900 रुपए प्रति क्विंटल रह गया है। पिछले महीने, सरकार ने गेहूं और गेहूं के आटे की बढ़ती कीमतों पर अंकुश लगाने के लिए ओएमएसएस के तहत अपने बफर स्टॉक से खुले बाजार में 30 लाख टन गेहूं बेचने की योजना की घोषणा की थी। 30 लाख टन में से भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) ई-नीलामी के माध्यम से आटा चक्की जैसे थोक उपभोक्ताओं को 25 लाख (2.5 मिलियन) टन गेहूं बेचेगा और दो लाख टन राज्योंकेंद्र शासित प्रदेशों को दिया जाएगा। गेहूं को आटे में बदलने के लिए संस्थानों और राज्य-पीएसयू को तीन लाख टन गेहूं रियायती दर पर उपलब्ध कराया जा रहा है।

चोपड़ा ने कहा कि देशभर में बुधवार को 15 लाख टन गेहूं की दूसरे दौर की नीलामी हो रही है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि सरकार ने हाल ही में नेफेड और केंद्रीय भंडार जैसे संस्थानों के लिए गेहूं को आटे में परिवर्तित करने और उपभोक्ताओं को 27.50 रुपए प्रति किलोग्राम पर बेचने के लिए कीमतों को 23.50 रुपए से घटाकर 21.50 रुपए प्रति किलोग्राम कर दिया है, जबकि पहले की दर 29.50 रुपए प्रति किलोग्राम थी। ओएमएसएस के तहत, केंद्र ने पिछले हफ्ते माल ढुलाई शुल्क को खत्म करने और ई-नीलामी के माध्यम से पूरे भारत में थोक उपभोक्ताओं को 2,350 रुपए प्रति क्विंटल के आरक्षित मूल्य पर अनाज बेचने का फैसला किया था।

राज्यों को अपनी योजनाओं के लिए ई-नीलामी में भाग लिए बिना उपरोक्त आरक्षित मूल्य पर एफसीआई से गेहूं खरीदने की अनुमति है। एफसीआई I-2 फरवरी के दौरान हुई पहली ई-नीलामी के दौरान 25 लाख टन में से 9.26 लाख टन गेहूं व्यापारियों, आटा मिलों आदि को पहले ही बेच चुका है। अगली नीलामी 15 फरवरी को होगी। खाद्यान्न की खरीद और वितरण के लिए सरकार की नोडल एजेंसी एफसीआई के पास बफर स्टॉक में 26 जनवरी तक लगभग 156.96 लाख टन गेहूं था।

एक अप्रैल को, देश के पास 75 लाख टन के बफर मानक की आवश्यकता से अधिक 96 लाख टन का गेहूं का स्टॉक होगा। घरेलू उत्पादन में मामूली गिरावट और केंद्रीय पूल के लिए एफसीआई की खरीद में पर्याप्त गिरावट के बाद कीमतों को नियंत्रित करने के लिए केंद्र ने पिछले साल मई में गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था।

भारत का गेहूं उत्पादन फसल वर्ष 2021-22 (जुलाई-जून) में पिछले वर्ष के 10 करोड़ 95.9 लाख टन से घटकर 10 करोड़ 77.4 लाख टन रह गया, जो कुछ राज्यों में लू चलने के कारण हुआ। पिछले साल के लगभग 4.3 करोड़ टन की खरीद के मुकाबले इस साल खरीद तेज गिरावट के साथ 1.9 करोड़ टन रह गई। वर्तमान रबी (सर्दियों में बोई जाने वाली) ऋतु में गेहूं की फसलों का रकबा थोड़ा अधिक है। कृषि मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि चालू फसल वर्ष 2022-23 में गेहूं का उत्पादन रिकॉर्ड 11 करोड़ 21.8 लाख टन तक बढ़ सकता है। अप्रैल से गेहूं की खरीद के जोर पकड़ने की उम्मीद है।

# दीप्ति-ऋचा के दम पर भारत ने वेस्टइंडीज को छह विकेट से हराया

**भाषा।** केपटाउन

**दीप्ति** शर्मा की शानदार गेंदबाजी के बाद ऋचा घोष (नाबाद 44) और कप्तान हरमनप्रीत कौर (33) के बीच चौथे विकेट के लिए 72 रन की साझेदारी से भारत ने महिला टी20 विश्व कप ग्रुप बी के मैच में बुधवार को यहां वेस्टइंडीज को 11 गेंद शेष रहते छह विकेट से शिकस्त देकर टूर्नामेंट में लगातार दूसरी जीत दर्ज की। भारत ने अपने शुरुआती मैच में पाकिस्तान को सात विकेट से हराया था। वेस्टइंडीज की टीम की इस प्रारूप में यह लगातार 13वीं हार है।

दीप्ति ने चार ओवर में 15 रन देकर तीन विकेट चटकाए जिससे वेस्टइंडीज की टीम छह विकेट पर 118 रन ही बना सकी। भारत ने 18.1 ओवर में चार विकेट गंवा कर जीत दर्ज कर ली। हरमनप्रीत ने 42 गेंद की पारी में तीन चौके लगाए जबकि विजई चौका जड़ने वाली ऋचा ने 32 गेंद की अपनी नाबाद पारी पांच बार गेंद को सीमा रेखा के पार भेजा।

इससे पहले स्टेफनी टेलर (42 रन) और शेमैन कैंपबेल (30 रन) ने दूसरे विकेट के लिए 73 रन की साझेदारी कर मैच में वेस्टइंडीज को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया था लेकिन दीप्ति ने एक ही ओवर में दोनों को चलता कर भारत की वापसी करा दी।

दीप्ति इस दौरान टी20 अंतरराष्ट्रीय में 100 विकेट लेने वाली भारत की पहली महिला क्रिकेटर बनी। भारत के लिए रेणुका सिंह (चार ओवर में 22 रन) और पूजा वस्त्राकर (चार ओवर में 21 रन) ने भी एक-एक विकेट लिए।

लक्ष्य का पीछा करते हुए शैफाली वर्मा (28 रन) और स्मृति मंधाना (10 रन) ने शुरुआती दो ओवरों में 28 रन जोड़कर टीम को आक्रामक शुरुआत दिलाई। शैफाली ने शमेला कॉनेल के पहले ओवर में तीन चौके लगाए तो वही स्मृति ने शिनेल हेनरी की खिलाफ लगातार दो चौके जड़े। तेज गेंदबाजों की पिटाई के बाद वेस्टइंडीज की कप्तान हेली मैथ्यूज (12 रन पर एक विकेट) ने स्पिनरों से गेंदबाजी करने का फैसला किया जो कारगर साबित हुआ। खुद मैथ्यूज और करिश्मा रामहरख (14 रन पर दो विकेट) ने अगले छह ओवर में रनों पर अंकुश लगाने के साथ नौ रन के अंदर तीन अहम विकेट चटकाए। करिश्मा ने चौथे ओवर में स्मृति को स्टंप कराकर वेस्टइंडीज को पहली सफलता दिलाई तो वही मैथ्यूज ने पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद अर्धशतक लगाने वाली जेमिमा रोड्रिग्स (एक रन) का कैच अपनी ही गेंद पर लपककर भारत को दूसरा झटका दिया।

करिश्मा ने पारी के आठवें ओवर शैफाली का अहम विकेट चटकाया। शैफाली के हवाई स्वीप शॉट को एफी फ्लेचर ने लपकने में कोई गलती नहीं की। उन्होंने 23 गेंद की पारी में पांच चौके लगाए। इसी ओवर की आखिरी गेंद पर क्षेत्ररक्षण के दौरान टेलर कमर में दर्द के कारण मैदान पर लेट गई और खेल कुछ देर रुका रहा। उन्हें स्ट्रेचर पर बाहर ले जाया गया। अगले ओवर में गेंदबाजी के लिए आई फ्लेचर के खिलाफ हरमनप्रीत ने लगातार दो चौके जड़े। इस ओवर से 16 रन बने और भारतीय बल्लेबाजों से दबाव काफी हद तक कम हुआ। दोनों इसके बाद दौड़कर रन चुराने के साथ बीच-बीच में गेंद को सीमा रेखा के पार भेजना जारी रखा। पारी के 17वें ओवर में भारत को जीत के लिए चार रन की जरूरत थी जब हरमनप्रीत बड़ा शॉट लगाने के चक्कर में हेनरी की गेंद पर कैंपबेल को कैच थमा बैठी।

अगले ओवर की पहली गेंद पर ऋचा ने चौका लगाकर टीम को जीत दिला दी।

वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया लेकिन दूसरे ओवर की पहली गेंद पर ही पूजा वस्त्राकर ने ऋचा घोष के हाथों कैच कराकर कप्तान हेली मैथ्यूज की दो रन की पारी को खत्म किया। इस सफलता के बाद भारतीय गेंदबाजों ने वेस्टइंडीज को खुल कर खेलने का मौका नहीं दिया। कैंपबेल और टेलर ने पांचवें ओवर में गेंदबाजी के लिए आई राजेश्वरी गायकवाड़ के खिलाफ चौका जड़ दबाव को कुछ कम किया। पावरप्ले के बाद टीम का स्कोर एक विकेट पर 29 रन था।

टेलर ने इसके बाद रन गति को बढ़ाने का जिम्मा उठाते हुए आठवें से 12वें ओवर तक हर ओवर में एक-एक चौका जड़ा। इस बीच 11वें ओवर में दोनों ने अर्धशतकीय साझेदारी पूरी की। अब तक धीमी बल्लेबाजी कर रही कैंपबेल ने 13वें ओवर में पूजा की गेंद को सीमा रेखा के पार भेजा। मैच के 14वें ओवर में कप्तान हरमनप्रीत कौर ने गेंद एक बार फिर दीप्ति को थमाई और इस गेंदबाज ने चार गेंद के अंदर कैंपबेल और टेलर को चलता कर टीम की वापसी कराई। टेलर ने 40 गेंद की अपनी पारी में छह जबकि कैंपबेल ने 36 गेंद की पारी में तीन चौके लगाए। कैंपबेल के रिवर्स स्वीप पर स्मृति मंधाना ने डाइव लगाकर शानदार कैच लपका तो वहीं टेलर पगबाधा हुई।

स्मृति ने अगले ओवर में शिनेल हेनरी (दो रन) को रन आउट किया जिससे वेस्टइंडीज का स्कोर एक विकेट पर 77 रन से चार विकेट पर 79 रन हो गया।

दीप्ति ने राजेश्वरी की गेंद पर 16वें ओवर में शडीन नेशन का कैच टपका दिया। इस बल्लेबाज ने अगले ओवर में देविका वैद्य के खिलाफ दो चौके जड़ टीम के स्कोर को 100 के पार पहुंचाया। रेणुका ने 19वें ओवर में अपने कोटे की आखिरी गेंद पर शकीबा गजनबी (15 रन) को आउट किया तो वहीं दीप्ति ने आखिरी ओवर में सिर्फ तीन रन दिए और एफी फ्लेचर (शून्य) का विकेट चटकाया। इस प्रारूप में यह उनके अंतरराष्ट्रीय करियर का 100वां शिकार है। नेशन 18 गेंद में 21 रन बनाकर नाबाद रही।



## विकेटों का सैकड़ा उपलब्धि है लेकिन मेरा ध्यान टीम के परिणाम पर: दीप्ति

**केपटाउन।** वेस्टइंडीज के खिलाफ महिला टी20 विश्व कप मैच में बुधवार को इस प्रारूप में 100 विकेट लेने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर बनीं दीप्ति शर्मा ने कहा कि उनका ध्यान किसी व्यक्तिगत उपलब्धि से ज्यादा टीम के परिणाम पर होता है। चार ओवर में 15 रन पर तीन विकेट झटक कर भारत की जीत की नींव तैयार करने वाली दीप्ति शर्मा ने मैन ऑफ द मैच पुरस्कार मिलने के बाद कहा, यह (टी20 अंतरराष्ट्रीय में 100 विकेट) एक मील का पत्थर जरूर है। यह मेरी व्यक्तिगत उपलब्धि है। मेरा ध्यान मेरा ध्यान मैच के परिणाम और टीम के प्रदर्शन पर रहता है। दीप्ति शर्मा की शानदार गेंदबाजी के बाद ऋचा घोष (नाबाद 44) और कप्तान हरमनप्रीत कौर (33) के बीच चौथे विकेट के लिए 72 रन की साझेदारी से भारत ने ग्रुप बी के मैच में वेस्टइंडीज को 11 गेंद शेष रहते छह विकेट से शिकस्त देकर टूर्नामेंट में लगातार दूसरी जीत दर्ज की। दीप्ति ने कहा, मुझे बहुत अच्छा लग रहा है। हमने टीम की बैठक में जो चर्चा की उसी मुताबिक योजना बनाकर गेंदबाजी की। मैं परिणाम से खुश हूं। इस हरफनमौला ने कहा, इस पिच पर गेंद स्पिन हो रही थी इससे मुझे काफी मदद मिली। मैं स्टंप के सामने गेंदबाजी करने पर ध्यान दे रही थी। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत ने भी दीप्ति की तारीफ करते हुए कहा, हमने टीम बैठक में दीप्ति की गेंदबाजी को लेकर चर्चा की। वह पिछले मैच के प्रदर्शन से संतुष्ठ नहीं थी। गेंदबाजी कोच की मदद से उसे आज अच्छा परिणाम मिला।

# भारत सभी प्रारूपों में शीर्ष रैंकिंग पर पहुंचाने के बाद टेस्ट में दूसरे स्थान पर खिसका

**भाषा।** दुबई

**भारत** अंतराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की नवीनतम टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल कर खेल के तीनों प्रारूपों में नंबर एक टीम बनने के थोड़े समय के बाद टेस्ट रैंकिंग में दूसरे स्थान पर खिसक गया। आईसीसी से दोपहर में जारी अपडेट के मुताबिक भारत पैट कमिंस की अगुवाई वाली ऑस्ट्रेलिया की जगह शीर्ष रैंकिंग पर पहुंच गया था।

भारत पहले से ही टी20 प्रारूप की शीर्ष टीम है जबकि पिछले महीने न्यूजीलैंड को एकदिवसीय श्रृंखला में 3-0 से हराकर टीम ने 50 ओवर प्रारूप के रैंकिंग में पहला स्थान हासिल किया था। रैंकिंग में शाम में हुई अपडेट के बाद भारत दूसरे स्थान पर खिसक गया। भारत के नाम 115 रेटिंग अंक है जबकि ऑस्ट्रेलिया 126 रेटिंग अंक के साथ शीर्ष पर है।

व्यक्तिगत रैंकिंग में भारत के ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन नागपुर में खेले गए शुरुआती टेस्ट में आठ विकेट चटकाने के बाद पुरुष टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गए तो वहीं घुटने की चोट के कारण लगभग पांच महीने बाद टीम में वापसी करने वाले बाएं हाथ के स्पिनर रवींद्र जडेजा 16वें स्थान पर पहुंच गए हैं। जडेजा अपने हरफनमौला खेल के बूते इस मुकाबले में मैन ऑफ द मैच बने थे।

अश्विन और जडेजा की जोड़ी ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट में 15 विकेट झटके थे जिसे भारत ने तीन दिन के अंदर जीता था। अश्विन ने दूसरी पारी में 37 रन देकर पांच विकेट जबकि पहली पारी में 42 रन देकर तीन विकेट चटकाए थे। 36 साल का यह गेंदबाज रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस से 21 रेटिंग अंक पीछे है। जडेजा ने मैच के पहली पारी में 47 रन देकर पांच जबकि दूसरी पारी में 34 रन देकर दो विकेट लिए थे।

भारत के अन्य गेंदबाजों में चोट कारण पिछले साल सितंबर से टीम से बाहर चल रहे तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह रैंकिंग में पांचवें स्थान पर है। बल्लेबाजों की सूची में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को नागपुर में शतकीय पारी खेलने का फायदा हुआ और वह 10वें से आठवें पायदान पर पहुंच गए हैं। कार दुर्घटना के कारण टीम से बाहर चल रहे विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत रैंकिंग में शीर्ष भारतीय खिलाड़ी है। वह सातवें स्थान पर हैं। इसके विपरीत ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर और उस्मान ख्वाजा को दो बार सस्ते में आउट होने की कीमत चुकानी पड़ी।

वार्नर एक और 10 रन की पारी खेलने के बाद छह पायदान नीचे 20वें स्थान पर आ गए हैं, जबकि ख्वाजा पहले टेस्ट में केवल एक और पांच रन बनाकर दो पायदान नीचे 10वें स्थान पर खिसक गए हैं।

मार्नस लाबुशेन और स्टीव स्मिथ की ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी शीर्ष दो स्थान पर काबिज है जबकि पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम तीसरे स्थान पर हैं।

भारत के हरफनमौला खिलाड़ी अक्षर पटेल टेस्ट ऑलराउंडर रैंकिंग में छह स्थान की छलांग लगाकर सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने शुरुआती टेस्ट में 84 रन की पारी खेली जो इस प्रारूप में उनका सर्वोच्च स्कोर है।

# अय्यर टेस्ट मैच का बोझ झेलने की स्थिति में होंगे तभी टीम में होगी वापसी : द्रविड़

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय** टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने बुधवार को कहा कि मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर अगर पांच दिन के मैच के कार्यभार को झेलने की स्थिति में होंगे तो अपने पिछले प्रदर्शन के आधार पर टेस्ट टीम में वापसी करेंगे।

अय्यर को पिछले महीने श्रीलंका के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला के दौरान पीठ के निचले हिस्से में चोट लगी थी। वह पिछले एक महीने से राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में रिहैबिलिटेशन (चोट से उबरने की प्रक्रिया) कर रहे थे। इस चोट के कारण वह श्रृंखला के पहले टेस्ट की टीम में जगह नहीं बना सके



थे और उनके स्थान पर सूर्यकुमार यादव को अंतिम एकादश में शामिल किया गया था। द्रविड़ ने अय्यर के टेस्ट के लिए जरूरी फिटनेस के बारे में खुल कर नहीं बताया लेकिन उन्होंने टीम प्रबंधन के उस विचार को साझा जिसके मुताबिक कोई भी अच्छा प्रदर्शन करने वाला खिलाड़ी अगर चोट के बाद वापसी करता है तो उसे टीम में स्वत: ही अपनी जगह वापस मिल जाएगी।

उन्होंने कहा, किसी का चोट से उबरकर वापस आना हमेशा अच्छा होता है। हम चोटों के कारण किसी खिलाड़ी को खोना पसंद नहीं करते हैं और यह किसी टीम के लिए अच्छा नहीं है। इस मामले में हम अभ्यास सत्र के बाद कुछ फैसला करेंगे।

द्रविड़ और टीम का चिकित्सा दल गुरुवार को दूसरे और आखिरी ट्रेनिंग सत्र के बाद अय्यर की मैच फिटनेस का आकलन करेगा।

कोच ने कहा, उसने आज कुछ अभ्यास किया है। हम कल फिर से इसका आकलन करेंगे और देखेंगे कि वह कैसा महसूस कर रहा हैं। अगर वह इसके लिए तैयार होगा तो टीम में उसे जगह मिलेगी।

## प्रज्वल को बेंगलुरू ओपन में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश मिला

**बेंगलुरू।** स्थानीय खिलाड़ी एसडी प्रज्वल देव को बुधवार को बेंगलुरू ओपन टेनिस टूर्नामेंट के एकल के मुख्य ड्रॉ में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश दिया गया।

वह 20 फरवरी से शुरू होने वाली इस प्रतियोगिता में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी हैं। उनसे पहले सुमित नागल को इस प्रतिष्ठित एटीपी चैलेंजर टूर्नामेंट में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश दिया गया था।

युगल में दो बार के चैंपियन रामकुमार रामनाथन भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। उनके अलावा पूरव राजा-दिविज शरण और अनिरुद्ध चंद्रशेखर-एन विजय सुंदर प्रशांत की भारतीय जोड़ियां भी अपना भाग्य आजमाएंगी।

# कोहली ने स्पिनरों की मददगार अभ्यास पिच पर ज्यादा समय बिताया

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत** के पूर्व कप्तान विराट कोहली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुक्रवार से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट मैच के लिए अपनी तैयारियों में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

कोहली अपनी टीम के अन्य खिलाड़ियों से आधे घंटे पहले फिरोजशाह कोटला मैदान पहुंचे और सीधे ड्रेसिंग रूम में चले गए। चंद मिनटों के बाद वह ड्रेसिंग रूम से बाहर निकले और नेट अभ्यास के लिए चले गए।

वह बल्लेबाजी अभ्यास में अतिरिक्त समय चाहते थे इसलिए टीम के दूसरे खिलाड़ियों से पहले स्टेडियम पहुंचे। थ्रोडाउन पर अभ्यास करने के बाद कोहली ने मध्यम गति के गेंदबाजों के खिलाफ बल्लेबाजी की। वह इसके बाद दूसरे नेट में गए जहां की पिच खुरदरी थी और कहा कि स्पिन गेंदबाजों को बुलाओ।

उन्होंने अभ्यास पिच की रफ (खुरदुरापन) का मुआयना किया और फिर अपने पैर से रगड़कर उसे और खुरदुरा बनाया। इस बीच बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौर भी मैदान में पहुंच गए और उन्होंने भी स्पिन गेंदबाजी खेलने को लेकर कोहली को कुछ सुझाव दिए। कोहली उन परिस्थितियों का अभ्यास करना चाहते थे जहां गेंद अपने आप किसी भी दिशा में स्पिन हो सकती थी।



भारत ए टीम में नियमित तौर पर खेलने वाले उत्तर प्रदेश के सौरभ कुमार की वामहस्त गेंदबाजी ने उन्हें परेशान किया। कोहली को ऐसी गेंदों पर अधिक परेशानी हो रही थी जो टप्पा खाने के बाद ज्यादा उछाल नहीं ले रही थी। उन्होंने पुलकित नारंग और ऋतिक शौकिन की ऑफ स्पिन गेंदबाजी पर भी अभ्यास किया। इस दौरान कोहली उस तरह की लय में नहीं दिखे जिसके लिए वह जाने जाते हैं। कोटला मैदान की पिच भी नागपुर में खेले गए पहले टेस्ट मैच की तरह धीमी रहने की उम्मीद है। नागपुर टेस्ट में कोहली ऑफ स्पिनर टॉड मरफी की गेंद पर आउट हुए थे।

कोटला की पिच पर थोड़ी घास है लेकिन जानकार बताते है कि यह घास सिर्फ पिच की मिट्टी को बांधे रखने के लिए है। ठंड के मौसम के कारण दिन में पिच में थोड़ी नमी होगी, जिसका गेंदबाजों को फायदा मिलेगा।

# मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ किया, अगर कोई इससे बेहतर कर रहा है तो अच्छा है: धवन

**भाषा।** नई दिल्ली

**शिखर** धवन एकदिवसीय टीम की कप्तानी करने के तीन महीने से भी कम समय में भारतीय टीम से बाहर हो गए लेकिन इस 37 साल के सलामी बल्लेबाज ने साल के अंत में विश्व कप खेलने की उम्मीद नहीं छोड़ी है।

एकदिवसीय में भारत के बेहतरीन सलामी बल्लेबाजों में से एक धवन को बांग्लादेश दौरे पर तीन मैचों में खराब बल्लेबाजी का खामियाजा भुगतना पड़ा।

इस बाएं हाथ के बल्लेबाज ने इससे पहले नवंबर में न्यूजीलैंड दौरे पर टीम का नेतृत्व किया था जब रोहित शर्मा और लोकेश राहुल को विश्राम दिया गया था।

धवन की जगह टीम में आए युवा बल्लेबाज शुभमन गिल ने सात मैचों में एक दोहरा शतक सहित चार शतक जड़ कर मौके का पूरा फायदा उठाया।

भारत में पहली फॉर्मूला ई रेसिंग के मौके पर धवन ने पीटीआई-भाषा से कहा, यह (उतार चढ़ाव) जीवन का हिस्सा हैं। समय के साथ, अनुभव के साथ आप सीखते हैं कि उन्हें आसानी से कैसे संभालना है। मुझे इससे बहुत ताकत मिलती है। मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया। अगर कोई मेरे सर्वश्रेष्ठ से बेहतर कर रहा है, तो उससे मुझे कोई शिकायत नहीं।

इस वामहस्त बल्लेबाज ने कहा, इसलिए वह व्यक्ति टीम में है और मैं वहां नहीं हूं। मैं जहां भी हूं, बहुत खुश और संतुष्ट हूं। मैं सुनिश्चित करता हूं कि मेरी प्रक्रिया मजबूत हो। निश्चित रूप से मेरे वापस टीम में आने का मौका हमेशा रहता है।



भारत के लिए 34 टेस्ट, 167 एकदिवसीय और 68 टी20 अंतरराष्ट्रीय खेलने वाले इस बल्लेबाज ने कहा, अगर मुझे फिर से टीम में मौका मिलता है तो यह मेरे लिए अच्छा होगा, अगर ऐसा नहीं होता है तो भी यह अच्छा है। मैंने काफी कुछ हासिल किया है और अपनी उपलब्धि से खुश हूं। जो मेरे हिस्से का होगा वह मुझे मिलेगा, मैं किसी चीज को लेकर बेताब नहीं होता हूं। धवन ने अपना आखिरी टेस्ट मैच 2018 और टी20 अंतरराष्ट्रीय 2021 में खेला था। वह इसके बाद से एक प्रारूप में ही खेलते थे। धवक का ध्यान फिलहाल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र पर है जहां वह पंजाब किंग्स टीम की कप्तानी करेंगे। उन्होंने कहा, आईपीएल के लिए मेरी तैयारी अच्छी चल रही है। मैं दस दिनो के लिए बेंगलुरु (राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी) में था। मेरा ध्यान फिटनेस हासिल करने पर था। आईपीएल के मद्देनजर मैं मोहाली में 24 फरवरी से टीम शिविर में शामिल होउंगा। उन्होंने कहा, मैं टीम के नेतृत्व करने का इंतजार कर रहा हूं।

# भारत ने एशिया मिश्रित टीम बैडमिंटन में यूएई को 5-0 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की

**भाषा।** दुबई

**भारत** ने एशिया मिश्रित टीम बैडमिंटन चैंपियनशिप मे बुधवार को यहां संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 5-0 से हराकर लगातार दूसरी जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर ली।

इस मुकाबले के लिए स्टार खिलाड़ियों पीवी सिंधू और एचएस प्रणय को आराम दिया गया था। उनकी जगह आकर्षि कश्यप और लक्ष्य सेन को क्रमश: महिला और पुरुष एकल में जगह दी गई।

सेन ने देव विष्णु को 31 मिनट में 21-16 21-12 से हरा कर भारत को शानदार शुरुआत दिलाई। इसके बाद आकर्षि ने महज 26 मिनट में मधुमिता सुंदरपांडियन को 21-6, 21-7 से मात देकर भारत को 2-0 की बढ़त दिला दी।

ध्रुव कपिला और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी ने देव अय्यप्पन और धीरेन अय्यप्पन की जोड़ी पर 21-15 21-14 से 3-0 से बढ़त बना ली। अश्विनी भट और शिखा गौतम की महिला युगल जोड़ी के साथ-साथ ईशान भटनागर और तनीषा क्रेस्टो की मिश्रित युगल जोड़ी ने फिर अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों पर आसान जीत के साथ औपचारिकताएं पूरी कीं। भारत के सामने अब गुरुवार को मलेशिया की मुश्किल चुनौती होगी।



चेन्नई में ताइवान के खिलाड़ी के विरुद्ध खेलते अमेरिकी टेनिस खिलाड़ी निकोलस मोरेनो

# पुजारा को सौ टेस्ट खेलने के लिए कौशल के साथ समर्पण की भी जरूरत: द्रविड़

**भाषा।** नई दिल्ली

**खिलाड़ी** के तौर पर जुझारूपन और लंबे करियर के लिए अपनी पहचान बनाने वाले राहुल द्रविड़ ने भारत के लिए अपना 100वां टेस्ट मैच खेलने की दहलीज पर खड़े अनुभवी बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा की तारीफ करते हुए कहा कि इसके लिए कौशल के साथ समर्पण की भी जरूरत होती है।

पुजारा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के दिल्ली में खेले जाने वाले दूसरे टेस्ट मैच के दौरान 100 टेस्ट मैच के आंकड़े को छुएंगे।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 13 साल बिताने वाले पुजारा के नाम 7000 से



ज्यादा रन और 19 शतक दर्ज हैं। वह 100 टेस्ट मैच की उपलब्धि छूने वाले 13वें भारतीय क्रिकेटर बनेंगे।

भारत के लिए महान सचिन तेंदुलकर के बाद दूसरे सबसे ज्यादा टेस्ट मैच खेलने वाले द्रविड़ ने कहा, यह किसी भी खिलाड़ी के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। हां, आपको प्रतिभा की जरूरत है लेकिन आपको बहुत सी अन्य चीजों की जरूरत है। यह आपकी खेली की लंबी उम्र और कई अन्य चीजों का प्रतिबिंब है। यह आपकी फिटनेस, आपके जुझारूपन के साथ सफलता और असफलता को संभालने की क्षमता को दर्शाता है।

जब कोई खिलाड़ी लगभग डेढ़ दशक तक शीर्ष स्तर पर होता है, तो उसे मैदान के अंदर और बाहर बहुत सारे सवालों का सामना करना पड़ता है। द्रविड़ को लगता है कि राजकोट के पुजारा ने ऐसी परिस्थितियों को आत्मविश्वास के साथ संभाला है।

भारत के लिए 164 टेस्ट मैच खेलने वाले द्रविड़ ने कहा, जब आप 100 मैच खेलते हैं तो ऐसा नहीं हो सकता कि आपने उतार-चढ़ाव न देखा हो। आपको बाधाओं को पार करना होता है और जब आप अलग तरह की गेंदबाजी का सामना करते हैं तो दर्द को सहन करने की आवश्यकता होती है। मैदान के अंदर और और बाहर आपको विभिन्न प्रकार के सवालों का जवाब देना होता है।

भारतीय कोच ने कहा, 100 टेस्ट खेलने के लिए आपको कम से कम 10 साल चाहिए और वह 13-14 साल से खेल रहा है और यह उनके कौशल का सम्मान है। यह कौशल के अलावा और भी कई चीजों के बारे में है।

# चेन्नई ओपन चैलेंजर: डी अल्बोरन ने शीर्ष वरीय सेंग को हराया

**चेन्नई।** अमेरिका के निकोलस मोरेनो डी अल्बोरान ने बुधवार को यहां चेन्नई ओपन एटीपी चैलेंजर टेनिस टूर्नामेंट के एकल के प्री-क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे के शीर्ष वरीयता प्राप्त चुन सीन सेंग को 6-2, 6-4 से हराकर उलटफेर किया।

जापान के यासुताका उचियामा ने भी डालीबोर स्वर्सिना को 6-1, 6-7 (10), 6-4 से उलटफेर का शिकार बनाकर अंतिम आठ में जगह बनाई। ऑस्ट्रेलिया के डेन स्वीनी ने क्वालीफायर जेम्स मैककेबे को 6-2, 6-1 से पराजित किया। युगल में सुमित नागल और शशिकुमार मुकुंद की भारतीय जोड़ी ने यू सिओ सू और क्रिस्टोफर रुंगकट पर जीत दर्ज करके क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया लेकिन रामकुमार रामनाथन और विष्णु वर्धन की जोड़ी कोरिया के जी सुंग नाम और मिन क्यू सोंग से हार गई। इस बीच जीवन नेदुनचेजियान और श्रीराम बालाजी की शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने फ्रेडरिक फरेरा सिल्वा और डी अल्बोरान को 6-4,7-5 से हराकर अंतिम आठ में प्रवेश किया जहां उनका सामना हमवतन नागल और शशिकुमार से होगा।

# मणिपुर ने बंगाल को 4-।1 से रौंदा, सेना ने दिल्ली से ड्रा खेला

**भुवनेश्वर।** मणिपुर ने बुधवार को यहां बंगाल को 4-। से करारी शिकस्त देकर खुद को संतोष ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट में सेमीफाइनल की दौड़ में बनाए रखा जबकि दिल्ली ने सेना को 1-1 से ड्रा पर रोककर अंतिम चार में पहुंचने का उसका इंतजार बढ़ा दिया। दिन के पहले मैच में मणिपुर कई बार के चैंपियन बंगाल पर बड़ी जीत दर्ज करके ग्रुप बी में छह अंक के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गया।

मणिपुर की तरफ से नाओबा मेइतेई (11वें), स्क्राश सिंह (37वें) और नोचा सिंह (90़4) ने गोल किए। इसके अलावा बंगाल के बिस्वजीत हेम्ब्रोम ने 81वें मिनट में आत्मघाती गोल किया। बंगाल के लिए एकमात्र गोल सौविक कार ने 54वें मिनट में किया। ग्रुप बी के दूसरे मैच में सेना को पीपी शफील का इंजुरी टाइम (90़3) में किया गया आत्मघाती गोल महंगा पड़ा और उसे दिल्ली से अंक बांटने पड़े। इससे पहले क्रिस्टोफर कामेई ने 21वें मिनट में सेना को बढ़त दिला दी थी।